दैनिक **नवप्रदेश**
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 3 जनवरी 2026 शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 315 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

जिधर बम उधर हम की नीति पर चलने वाले नेता हरदम पाला बदलने के लिए पर तौलते रहते हैं। सत्ता के लिए जल बिन मछली की तरह तड़पते ऐसे कुर्सीजीवी कपड़ो की तरह निष्ठा बदल देते हैं। आईएनडीआईए में शामिल घटक दल अब एनडीए में अपना ठिकाना तलाश रहे हैं ताकि सत्ता सुंदरी का सानिध्य पाने का सुख मिले। इसके लिए सबसे ज्यादा बेचैन हैं कब्र में पैर लटकाए बैठे शरद पवार। ये चच्चा अपने भतीजे अजीत पवार को पटा रहे हैं जिसने उनकी राकांपा हथिया रखी है। बहुत जल्द भतीजे के साथ चाचा एनडीए शरणं गच्छामि हो सकते हैं।

तीसरे बजट की तैयारी, 4 दिन मंत्रियों से होगी वन-टू-वन चर्चा

- 6 से 9 जनवरी तक अलग अलग विभागों की समीक्षा बैठक होगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के तीसरे बजट की तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार का फोकस इस बार विकास और जनकल्याण की प्राथमिकताओं को मजबूत करने पर है। इसी कड़ी में वित्त विभाग ने मंत्री-स्तरीय बैठकों का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया है। 6 से 9 जनवरी तक होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता वित्त मंत्री ओपी चौधरी करेंगे। वे 4 दिनों तक मंत्रियों से वन-टू-वन चर्चा कर विभागीय प्रस्तावों की समीक्षा करेंगे।

7 जनवरी बैठक का शेड्यूल: 7 जनवरी की सुबह 11 बजे वन, परिवहन, सहकारिता एवं संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप अपने विभाग की समीक्षा करेंगे। दोपहर 12 बजे राजस्व, स्कूल शिक्षा एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा बैठक लेंगे। दोपहर 2.30 बजे अजाक कल्याण, कृषि तथा मछली-पशुधन पालन मंत्री रामविचार नेताम अपने विभागों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विभागों के बजट मद पर होगी बैठक

6 से 9 जनवरी 2026 तक नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में वित्त मंत्री के कक्ष में होंगी। इस दौरान सभी विभाग अपने-अपने नवीन बजट मदों, नई योजनाओं और प्रस्तावित परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण करेंगे। 6 जनवरी की सुबह 11 बजे उद्योग, आबकारी एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन अपने विभाग के नए प्रस्ताव रखेंगे। दोपहर 12 बजे स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं ओबीसी कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बैठक लेंगे। दोपहर 2 बजे पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास मंत्री राजेश अग्रवाल अपने विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक लेंगे। दोपहर 3 बजे कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं एससी कल्याण मंत्री गुरु खुशवंत विभागीय योजनाओं पर चर्चा करेंगे।

सीएम साय आखिरी में करेंगे चर्चा

वित्त विभाग के अनुसार, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जुड़े विभागों के बजट प्रस्तावों पर अलग से चर्चा की जाएगी। सरकार का लक्ष्य है कि बजट प्रक्रिया पारदर्शी, योजनाबद्ध और समयबद्ध हो। विशेषज्ञों का मानना है कि इन बैठकों से शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण और अवसंरचना जैसे प्राथमिक क्षेत्रों में संतुलित और प्रभावी बजट सुनिश्चित किया जा सकेगा।

डिप्टी सीएम अरुण साव के नए ओएसडी होंगे अजय त्रिपाठी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने उपमुख्यमंत्री अरुण साव की निजी स्थापना में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश जारी कर विपुल कुमार गुप्ता को साव के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी के पद से हटा दिया है। उन्हें उनके मूल विभाग/कार्यालय में वापस भेजा गया है। वहीं, कबीरधाम जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी को उपमुख्यमंत्री अरुण साव का ओएसडी नियुक्त किया गया है। इस बदलाव के साथ अजय कुमार त्रिपाठी अब उपमुख्यमंत्री के कार्यालय में सभी प्रशासनिक और समन्वयात्मक जिम्मेदारियां देखेंगे। अधिकारियों का कहना है कि इस कदम का उद्देश्य निजी स्थापना के कामकाज में दक्षता और बेहतर प्रशासनिक समन्वय सुनिश्चित करना है। सरकारी आदेश में साफकिया गया है कि नियुक्ति और स्थानांतरण शासन की उच्च प्राथमिकताओं के अनुरूप किए गए हैं।

रायपुर साहित्य उत्सव की वेबसाइट लोकार्पित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रालय महानदी भवन में रायपुर साहित्य उत्सव की वेबसाइट का लोकार्पण किया। वहीं 23 से 25 तक रायपुर साहित्य उत्सव आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि, रायपुर साहित्य उत्सव 23 से 25 जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। साहित्य उत्सव में देशभर के प्रख्यात साहित्यकारों, लेखकों, कवियों, पत्रकारों, समीक्षकों और पाठकों की सहभागिता होगी। कार्यक्रम में साहित्य, संस्कृति, सृजनात्मक लेखन, प्रकाशन जगत, युवा साहित्य और नई पीढ़ी के रचनाकारों से जुड़े विषयों पर विविध सत्र आयोजित किए जाएंगे।

गांधीजी की दुनिया में सबसे ऊंची मूर्ति गांधी सरोवर में बनेगी: रेवंत रेड्डी

हैदराबाद(वार्ता)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को राज्य विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार महत्वाकांक्षी मूसी नदी जीर्णोद्धार परियोजना के अंतर्गत गांधी सरोवर (बहू घाट), लंगर हाउस में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा

स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में प्रश्न काल में एक सवाल के जवाब में कहा कि बापू घाट का बहुत ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि यह मूसी और ईसा नदियों का संगम स्थल है, जहां महात्मा गांधी की अस्थियों का विसर्जन किया गया था। इस बात पर बल देते हुए कि मानव सभ्यता हमेशा नदी घाटियों के किनारे ही फली-फूली है, उन्होंने काकातीयों से लेकर निजाम युग तक हैदराबाद की जल प्रबंधन विरासत पर बात की।

बंगलादेश के साथ जल संधि की उलटी गिनती शुरू

नई दिल्ली। भारत और बांग्लादेश ने 1996 में साइन की गई गंगा जल बंटवारा संधि के नवीकरण पर औपचारिक वार्ता शुरू कर दी है। यह संधि दिसंबर 2026 में समाप्त हो रही है, जो इसके हस्ताक्षर के ठीक 30 वर्ष बाद होगी। अधिकारियों के अनुसार, दोनों देशों ने गुरुवार से गंगा और पद्मा नदियों में जल स्तर का संयुक्त मापन शुरू कर दिया है। यह मापन हर 10 दिन में दर्ज किया जाएगा और 31 मई तक जारी रहेगा। यह कदम संधि के प्रावधानों के अनुरूप है, जो सूखे मौसम (जनवरी से मई) के दौरान फरक्का बैराज पर जल बंटवारे को नियंत्रित करता है। संधि के अंतिम वर्ष में प्रवेश करने के साथ ही दोनों देश नवीकरण पर चर्चा कर रहे हैं, ताकि क्षेत्रीय जल प्रबंधन में निरंतरता बनी रहे। भारतीय केंद्रीय जल आयोग (सीडब्ल्यूसी) के उप निदेशक सौरभ कुमार और सहायक निदेशक सनी अरोड़ा बांग्लादेश में हैं, जबकि बांग्लादेश जल विकास बोर्ड की उत्तर-पूर्वी मापन जलविज्ञान प्रभाग के कार्यकारी इंजीनियर अरिफिन जुबेद के नेतृत्व में चार सदस्यीय बांग्लादेशी दल भारत में है।

मुख्यमंत्री ने की घोषणा-बोड़ला से भोरमदेव तक बनेगी सड़क

भारत के विकास का ग्रोथ इंजन बना छत्तीसगढ़ : केन्द्रीय मंत्री शेखावत

- देश के पर्यटन मानचित्र पर सबसे तेजी से उभरता छत्तीसगढ़
- 146 करोड़ रूपए की लागत से भोरमदेव कॉरिडोर होगा निर्माण

कवर्धा/नवप्रदेश। केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत के विकास का ग्रोथ इंजन छत्तीसगढ़ बनता जा रहा है छत्तीसगढ़ इस संकल्प के साथ में हम सब लोग काम करेंगे ऐसा भरोसा और विश्वास आप सबको दिलाते हुए आप सबको बहुत सारी बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सतत आगे बढ़े और छत्तीसगढ़ का पर्यटन विकसित हो छत्तीसगढ़ की संस्कृति सुरक्षित और संरक्षित हो जिससे छत्तीसगढ़ की एक अलग पहचान बने। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत 146 करोड़ रुपये की लागत से भोरमदेव कॉरिडोर निर्माण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उज्जैन-वाराणसी की तर्ज पर भोरमदेव कॉरिडोर

कवर्धा जिले में 146 करोड़ रुपए की लागत से भोरमदेव कॉरिडोर बनाया जाएगा। भोरमदेव मंदिर परिसर में मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुआ व सरोदा जलाशय तक एक सुव्यवस्थित कॉरिडोर बनेगा। नए साल के पहले दिन केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। शेखावत ने कहा कि छत्तीसगढ़ सतत आगे बढ़े और छत्तीसगढ़ का पर्यटन विकसित हो छत्तीसगढ़ की संस्कृति सुरक्षित और संरक्षित हो जिससे प्रदेश की एक अलग पहचान बने। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत उज्जैन और वाराणसी की तर्ज पर भोरमदेव कॉरिडोर का विकास किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करेंगे

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने भोरमदेव महोत्सव स्थल पर कॉरिडोर के भूमिपूजन के बाद कल सभा को संबोधित करते हुए कबीरधाम जिले सहित पूरे प्रदेश के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। उन्होंने नववर्ष की बधाई देते हुए कहा कि बीते दो वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को धरातल पर उतारते हुए विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी बाधा थी, जिसे समाप्त करने का बीड़ा राज्य सरकार ने उठाया है और आज प्रदेश नक्सलवाद ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तमनार में शर्मनाक करतूत

आंदोलन की आड़ में उपद्रवियों ने महिला आरक्षक के फाड़े कपड़े

- रो-रोकर करती रही मिन्नतें भाई छोड़ दो

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के तमनार ब्लॉक में जेपीएल कोयला खदान के खिलाफ प्रदर्शन के हिंसा की एक शर्मनाक तस्वीर सामने आई।

प्रदर्शन के दौरान एक महिला आरक्षक के साथ मारपीट की गई। प्रदर्शनकारियों ने उसे लगभग आधा किलोमीटर तक दौड़ाया और जब वह खेत में गिर गई, तो उसकी वर्दी फाड़ दी गई, जिससे वह अर्धनग्न हो गई।

तमनार में उपद्रवियों ने महिला आरक्षक के फाड़े कपड़े

तमनार ब्लॉक में महिला आरक्षक के साथ हुई अमानवीय व्यवहार का वीडियो भी वायरल हो रहा है। करीब 40 सेकंड की इस वीडियो में एक महिला आरक्षक रोती हुई और प्रदर्शनकारियों से मिन्नतें करती हुई दिख रही है। महिला आरक्षक प्रदर्शनकारियों से कह रही है, 'भाई मुझे माफकर दो, मुझे जाने दो।' वीडियो में प्रदर्शनकारी महिला पुलिस कर्म से पूछते हैं, 'तुम यहां क्या कर रही थी? तुम्हें चप्पल से मारूं? यहां से चली जाओ।' फिर वे उसे अकेला छोड़ देते हैं। इससे पहले महिला आरक्षक को भीड़ ने करीब आधा किलोमीटर तक दौड़ाया और जब वह खेत में गिर गई, तो उसकी वर्दी फाड़-फाड़कर उसे अर्धनग्न कर दिया गया। यह घटना 27 दिसंबर 2025 की बताई जा रही है। बता दें इस घटना से पहले एक हिंसक झड़प के दौरान एक महिला पुलिस इंस्पेक्टर को लात मारे जाने का वीडियो भी सामने आया था।

हाईकोर्ट में सरकार बोली-4 ही मरे

इंदौर में जहरीला पानी दो अफसरों को हटाया

- राहुल ने कहा-हत्या के लिए डबल इंजन जिम्मेदार, उमा भारती बोलीं- घोर प्रायश्चित करना होगा

इंदौर/नवप्रदेश। इंदौर में दूषित पानी से 15 मौतों के मामले में नगर निगम कमिश्नर दिलीप यादव और एडिशनल कमिश्नर रोहित सिसोनिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एडिशनल कमिश्नर सिसोनिया को इंदौर से हटा दिया गया है। इंचार्ज सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर संजीव श्रीवास्तव से जल वितरण कार्य विभाग का प्रभार वापस ले लिया है। सिसोनिया को किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग में उप सचिव के पद पर भेजा गया है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा के पूर्व गृह मंत्री ने कहा- दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए

पूर्व गृह मंत्री और बीजेपी नेता हिम्मत कोठारी ने कहा- इस मामले में जांच केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे। दोषियों की स्पष्ट जिम्मेदारी तय कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। कोठारी ने नगर निगम को सतर्क रहकर प्रभावी कार्रवाई के लिए आगाह किया है।

शराब घोटाला: भूपेश के बेटे चैतन्य को हाईकोर्ट से मिली जमानत

- ईडी-इओडब्ल्यू की गिरफ्तारी को दी थी चुनौती, 5 महीनों से जेल में हैं बंद

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। इस मामले में उनकी जमानत याचिका पर बहस पूरी हो चुकी थी। हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। कोर्ट ने आज शुक्रवार

को चैतन्य बघेल की जमानत को लेकर आदेश जारी कर दिया है। शराब घोटाला केस में गिरफ्तार चैतन्य बघेल 18 जुलाई से रायपुर सेंट्रल जेल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

फ्लाइट से सस्ती होगी देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन

नई दिल्ली । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि गुवाहाटी और कोलकाता के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का टिकट किराया हवाई यात्रा के मुकाबले काफी कम होगा। देश की पहली स्लीपर वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के आखिर में करेंगे। वैष्णव ने गुरुवार को एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, वंदे भारत स्लीपर में 3-एसी का किराया लगभग 2,300, 2-एसी का लगभग 3,000 और 1-एसी का लगभग 3,600 होगा, जिसमें खाना भी शामिल होगा। किराया मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर तय किया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रेन अगले 15-20 दिनों में चलना शुरू हो जाएगी।

जयशंकर बोले-दुर्भाग्य से हमारे पड़ोसी बुरे

- हमें अपने लोगों को आतंकवाद से बचाने का अधिकार

चेन्नई/ए.। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर शुक्रवार को तमिलनाडु की आईआईटी मद्रास पहुंचे। यहां विदेश मंत्री ने कहा कि पड़ोसी बुरे भी हो सकते हैं, दुर्भाग्य से, हमारे हैं। अगर कोई देश यह तय करता है कि वह जानबूझकर, लगातार और बिना पछतावे के आतंकवाद जारी रखेगा तो हमें अपने लोगों को आतंकवाद से बचाने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हम उस अधिकार का इस्तेमाल कैसे करेंगे, यह हम पर निर्भर है। कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमें क्या करना चाहिए या क्या नहीं करना चाहिए। हम खुद को बचाने के लिए जो कुछ भी करना होगा, वह करेंगे। विदेश

मंत्री ने कहा कि कई साल पहले हमने पानी बांटने की व्यवस्था पर सहमति जताई थी, लेकिन अगर दशकों तक आतंकवाद होता है तो अच्छे पड़ोसी होने की भावना नहीं रहती।

बांग्लादेश में अशांति पर विदेश मंत्री ने कहा- 'मैं अभी दो दिन पहले बांग्लादेश में था। मैं बांग्लादेश की पूर्व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

नई प्रणाली होगी लागू ▶ ग्रामीण के लिए अलग एसपी, मध्य, पूर्व और पश्चिम में बंटेगी शहर

रायपुर के 21 थाने होंगे पुलिस कमिश्नरी में

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू करने का ऐलान कर दिया गया है। 23 जनवरी, सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली की शुरुआत कर दी जाएगी। इंदौर और उत्तर प्रदेश के शहरों में लागू पुलिस कमिश्नर प्रणाली के आधार पर रायपुर में इसे लागू किया जा रहा है। सिस्टम कैसा होगा, अभी तय नहीं हुआ है, पर कहा जा रहा है कि पुलिस कमिश्नर प्रणाली में तीन हिस्सों में रायपुर पुलिस की कमिश्नरी बंटेगी। मध्य, पूर्व और पश्चिम हिस्सा होगा है।

नए सिस्टम में कमिश्नर के अंडर एडिशनल डीसीपी होंगे और 21 एसीपी रहेंगे, ये डीएसपी रैंक के अफसर होंगे। कहा जा रहा है कि कमिश्नर मुख्यालय में तीन डीसीपी नियुक्त किए जाएंगे। यह क्राइम, प्रोटोकॉल, ट्रैफिक, अजाक और महिला अपराध जैसे विंग देखेंगे। रायपुर नगर निगम और बिरगांव नगर निगम क्षेत्र कमिश्नरी का हिस्सा होंगे। रायपुर ग्रामीण के लिए अलग एसपी होंगे।

होंगे ये बदलाव: 23 जनवरी से लागू होने वाली कमिश्नरी प्रणाली 1 में कमिश्नर को कलेक्टर की तरह 17 अधिकार दिए जाएंगे। पुलिस कमिश्नर आर्म्स एक्ट, धारा 144 लगाने जैसे अधिकार का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीधे डीजीपी को देंगे रिपोर्ट

पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली बड़े शहरों में कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए लागू की जाती है। इसके तहत शहर की सुरक्षा और प्रशासन की जिम्मेदारी एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को सौंपी जाती है। इसे कमिश्नर प्रणाली कहा जाता है। इसके तहत कमीशन को सुरक्षा और कानून व्यवस्था का संचालन करने विशेष अधिकारी मिलता है। रेंज की व्यवस्था की रिपोर्ट सीधे डीजीपी को देते हैं।

आरएसएस स्थापना के 100 साल पर बदल रहा अपना ढांचा

- सभी राज्यों में अब नहीं होंगे प्रांत प्रचारक

नई दिल्ली/ए.। देश में 21वीं सदी में आ रहे सामाजिक व राजनीतिक बदलावों के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी अपने संगठनात्मक ढांचे में बदलाव की तैयारी में है। संघ सौ साल का हो चुका है और वह नई स्थितियों में खुद का विस्तार कर रहा है। भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार के विजन व मिशन विकसित भारत 2047 में भी संघ का यह बदलाव महत्वपूर्ण होगा, जिसमें वह ज्यादा बेहतर तरीके से अपने संगठन के साथ राष्ट्र निर्माण के नए पथ पर सहयोग कर सके।

जानकारी के अनुसार, संगठन में अब त्रिस्तरीय व्यवस्था होगी, जिसमें केंद्र, राज्य व संभाग होंगे। अब तक पूरा देश क्षेत्र 11 में बंटा था जो अब 9 क्षेत्र तक सीमित रह जाएगा।

इको टूरिज्म को नई रफ्तार, बालोद में एडवेंचर मां सियादेवी जलाशय में बम्बू राफ्टिंग

बालोद/नवप्रदेश। नए साल के मौके पर बालोद जिले में इको टूरिज्म को नया उड़ान मिली है। प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां सियादेवी के समीप बने जलाशय में अब बम्बू राफ्टिंग की शुरुआत हो चुकी है। यह पहल न केवल स्थानीय रोजगार को बढ़ावा दे रही है, बल्कि बालोद के छिपे प्राकृतिक सौंदर्य को भी दुनिया के सामने ला रही है।

छत्तीसगढ़ में बम्बू राफ्टिंग की शुरुआत के बाद यह थीम अब बालोद तक पहुंच गई है। दशकों से उपेक्षित रहा यह जलाशय अब स्थानीय पंचायत और प्रशासन के सहयोग से एक आकर्षक पर्यटन केंद्र बन गया है। मां सियादेवी के आंचल में स्थित यह जगह हर ओर से प्रकृति के सानिध्य का अहसास कराती है।

इस पहल की नींव गांव के युवा उप सरपंच जगन्नाथ साहू ने रखी, जिन्होंने बताया कि उद्देश्य स्थानीय युवाओं को रोजगार देना और क्षेत्रीय पर्यटन को नई दिशा देना है। बम्बू से बनी नौकाओं का संचालन भी गांव के ही युवक कर रहे हैं। हर व्यक्ति महज 50 रुपये में इस राफ्टिंग का आनंद ले सकता है।

यहां प्लास्टिक पर पूरी तरह प्रतिबंधित: पर्यटकों में भी इस जगह को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। किसी ने इसे अनूठा अनुभव बताया तो किसी ने कहा कि यह जगह अब छत्तीसगढ़ के नक्शे पर नई पहचान बनाएगी।स्थानीय प्रशासन और पंचायत ने इस स्थान को प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की योजना बनाई है। यहां प्लास्टिक पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है और खाने-पीने के लिए पत्तों व दोने-पत्तल जैसे जैविक विकल्पों का प्रयोग किया जा रहा है।

पर्यटकों में दिखा उत्साह

बालोद में शुरू हुई यह बम्बू राफ्टिंग न सिर्फएक नया एडवेंचर लाया है, बल्कि इसने साबित किया है कि यदि स्थानीय लोग ठान लें तो हर जगह पर्यटन का केंद्र बन सकती है। मां सियादेवी जलाशय अब बालोद का नया आकर्षण बन चुका है।

न्यूज गैलरी

नववर्ष पर 70 हजार से अधिक दर्शनार्थियों ने किए माता के दर्शन

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। नववर्ष 2026 के पहले दिन डोंगरगढ़ धार्मिक आस्था और पर्यटन का बड़ा केंद्र बनकर उभरा। साल की शुरुआत लोगों ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर की। ऊपर व नीचे स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में बुधवार तड़के से ही दर्शनार्थियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर ट्रस्ट समिति के अनुमान के अनुसार, नए साल के पहले दिन करीब 70 हजार श्रद्धालुओं ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन किए। 31 दिसंबर की रात से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था, लेकिन 1 जनवरी को भीड़ अपने चरम पर नजर आई। छत्तीसगढ़ के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, ओडिशा सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु निजी वाहनों, बसों और ट्रेनों से डोंगरगढ़ पहुंचे थे। ट्रस्ट का कहना है कि शनिवार और रविवार को भी दर्शनार्थियों की संख्या में और इजाफा होने की संभावना है। इसके अलावा डोंगरगढ़ के अन्य प्रमुख धार्मिक स्थलों चंद्रगिरी और प्रज्ञागिरी में भी श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ देखी गई। दर्शन के लिए पहुंचे लोगों ने बताया कि साल का पहला दिन धार्मिक स्थल पर बिताकर उन्हें मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा मिली।

शासकीय कार्यालयों में लागू हुई आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि अधीनस्थ कार्यालयों में ई ऑफिस में ऑनबोर्डिंग हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। अधीनस्थ कार्यालयों में आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली आज से लागू हो रही है। इसके लिए ई-ऑफिस के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी ही आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली के नोडल अधिकारी होंगे। उन्होंने कलेक्टोरेट में पदस्थ सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली में समय पर उपस्थिति देने के निर्देश दिए। इस दौरान सभी को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मार्कण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेम प्रकाश शर्मा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधान डाकघर का व्यवसायिक समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक

राजनांदगांव/नवप्रदेश। भारतीय डाक विभाग द्वारा नागरिकों को बेहतर एवं सुगम डाक सेवाएं उपलब्ध कराने, ग्राहकों की बढ़ती आवश्यकताओं के दृष्टिगत डाकघरों के व्यवसायिक समय में विस्तार किया गया है। राजनांदगांव संभाग अंतर्गत आने वाले राजनांदगांव प्रधान डाकघर एवं कवर्धा मुख्य डाकघर के व्यवसायिक समय में वृद्धि करते हुए समय सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया गया है। इस समयावधि में नागरिक को स्पीड पोस्ट, पार्सल, वित्तीय सेवाओं एवं अन्य डाक सेवाओं का लाभ मिल सकेगा।

ग्राम मोखला में दो दिवसीय मोखला महोत्सव 18 जनवरी को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अखिल ब्रह्माण्ड के नायक राघुवेन्द्र सरकार एवं जगत जननी माँ शीतला भवानी की कृपा से ग्राम मोखला में आगामी 17 एवं 18 जनवरी 2026 (शनिवार- रविवार) को दो दिवसीय मोखला महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में सम्पन्न होगा। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार महोत्सव का शुभारंभ 17 जनवरी को प्रातः 10 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। प्रथम दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जय दुर्गा मानस एवं जगराता ग्रुप ग्राम बासिन (गरियाबंद), जय श्री कृष्ण बलदाऊ राऊत नाच पार्टी ग्राम खैरा (घुमका), जय माँ शारदे मानस एवं पंडवानी ग्राम भोथली तथा शिव शक्ति पुराण जस झांकी मंडली ग्राम मुरमुंदा अपनी आकर्षक प्रस्तुतियां देंगी। वहीं 18 जनवरी को प्रातः 11 बजे से सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्रामीण शिक्षकों एवं सैनिकों का सम्मान किया जाएगा। इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गुरु के कृपा छत्तीसगढ़ी लोक रंग पंडवानी ग्राम बोरीदा (फिंगेश्वर, गरियाबंद), जय माँ शारदा सुवा नृत्य परिवार ग्राम तामा शिवनी, जय सिद्धेश्वर मानस मंडली ग्राम देवर तिल्दा (खरोरा) तथा श्री शिवगौरी रामधुनी मंडली मिरचे (चिल्हाटी) द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

सुंदरा में दो दिवसीय 'सुंदरा लोक महोत्सव' आज से

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के समीप स्थित ग्राम सुंदरा में नववर्ष 2026 का शुभारंभ सांस्कृतिक उल्लास और लोक परंपराओं के संग किया जाएगा। इस अवसर पर 3 जनवरी (शनिवार) एवं 4 जनवरी (रविवार) को दो दिवसीय लोक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसे इस वर्ष फ्रसुंदरा लोक महोत्सवफ्र नाम दिया गया है। इस लोक महोत्सव में छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को संजोए रखने वाली विभिन्न मण्डलियां अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। कार्यक्रमों में विशेष रूप से देवी जस झांकी, पांडवाणी, राउतनाचा सहित अनेक पारंपरिक लोकनृत्य व लोकगायन की प्रस्तुतियां होंगी, जो दर्शकों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति की अनूठी झलक दिखाएंगी। दो दिनों तक चलने वाले इस आयोजन को लेकर ग्रामवासियों एवं आसपास के क्षेत्रों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

स्वच्छ शहर की छवि पर दाग

अंबिकापुर की सड़कों पर कचरा गाड़ी से गिरता रहा कूड़ा

- **कचरा वाहन से सड़क पर गिरते कचरे का वीडियो वायरल**

अंबिकापुर/नवप्रदेश। स्वच्छता में देशभर में पहचान बना चुके अंबिकापुर शहर से बड़ी लापरवाही की तस्वीरें सामने आई हैं। बिलासपुर रोड पर डंपिंग यार्ड ले जाए जा रहे कचरा वाहनों से सड़क पर कचरा गिरता दिखाई दिया, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

सड़क पर गिरता कचरा, नियमों की अनदेखी

बिलासपुर रोड पर जा रहे कचरा वाहनों में कचरे को ढकने के लिए जरूरी कवर का उपयोग नहीं किया गया। परिणामस्वरूप चलते वाहन से कचरा सड़क पर बिखरने लगा, जिससे आसपास धूल व गंदगी फैलती रही।

राहगीरों की सुरक्षा पर खतरा

सड़क पर उड़ता कचरा न केवल गंदगी फैला रहा है, बल्कि राहगीरों के लिए दुर्घटना का खतरा भी बढ़ा रहा है। दोपहिया वाहन चालक विशेष रूप से फिसलन और दृश्यता कम होने जैसे जोखिमों का सामना कर रहे हैं।

कचरा प्रबंधन में भारी लापरवाही

नियम स्पष्ट रूप से बताते हैं कि कचरा वाहनों को पूरी तरह ढककर ही चलना चाहिए, लेकिन जिम्मेदार विभागों की अनदेखी से लापरवाही जारी है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी स्थिति को लेकर मौन दिखाई दे रहे हैं।

वीडियो वायरल, फिर भी अधिकारी चुप

सोशल मीडिया पर कचरा गिरने का वीडियो वायरल होने के बावजूद नगर निगम की ओर से कोई ठोस कार्रवाई या बयान सामने नहीं आया है। लोगों में नाराजगी बढ़ रही है कि स्वच्छता में टॉप रहने वाले शहर में ऐसी लापरवाही कैसे हो रही है।

अब नगर निगम की कार्रवाई पर निगाहें

शहरवासी अब इंतजार कर रहे हैं कि नगर निगम कब जागेगा और जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होगी। यह मामला साफ-सुथरे शहर की छवि के साथ-साथ नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी बड़ा सवाल खड़ा करता है

चोरों का आतंक: पोल्ट्री फार्म में घुसकर मारपीट, मुर्गियां और नगदी लेकर फरार

धमतरी/नवप्रदेश। नए साल के जश्न के बीच धमतरी जिले से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। कुरुद थाना क्षेत्र के ग्राम दर्री में बीती रात चोरों ने एक पोल्ट्री फार्म को निशाना बनाते हुए चोरी की और फार्म के मालिक पर जानलेवा हमला कर फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम दर्री स्थित पोल्ट्री फार्म में देर रात अज्ञात चोर घुस आए। चोरों ने फार्म में मौजूद करीब 20 मुर्गे-मुर्गियां और 2500 रुपये नगद पर हाथ साफ़ कर दिया। जब फार्म मालिक ने चोरी का विरोध किया, तो आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। हमले में घायल फार्म मालिक को तुरंत कुरूद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कुरूद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

दो सूने मकानों में नकाबपोश चोरों का धावा: वहीं 30 दिसंबर को रायगढ़ जिले से चोरी की एक सनसनीखेज घटना सामने आई थी। जहां सूने मकानों को नकाबपोश चोरों ने निशाना बनाया है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। यह चोरी घरघोड़ा के डॉक्टर कॉलोनी में दो बंद घरों के ताले तोड़कर की गई है।

घर लौटने पर उड़े होश

मिली जानकारी के अनुसार, चोरी की पूरी घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई है। कॉलोनी के रहने वालो में गीता साहू के घर से 46 हजार नगद और सामान की चोरी हुई है। वहीं भानु प्रकाश कुर्रे के घर से 28 हजार का सामान चोरी हुआ है। बता दें कि, दोनों पीड़ित घर से बहार गए हुए थे। जिसके बाद घर लौटने पर टूटे ताले देखकर होश उड़द गए।

पुनर्वास नीतिः आत्मसमर्पित नक्सलियों को वेलकम किट व टूल किट बांटे गए

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। पुनर्वास नीति के तहत पुनर्वासित को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिले में एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज में हिंसा का रास्ता छोड़ समाज की मुख्यधारा में शामिल होने वाले पुनर्वासित के लिए रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।

इस क्रम में गुरुवार को लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में वेलकम किट एवं टूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके 147 पुनर्वासित को आवश्यक टूल किट प्रदान की गई, जिससे वे स्वरोजगार अपनाकर सम्मानजनक जीवन यापन कर सकें। प्रशिक्षणार्थियों को इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, वेल्डिंग, प्लंबिंग, सोलर पैनल ऑपरेटर सहित अन्य तकनीकी एवं आजीविका आधारित ट्रेड्स में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत संबंधित ट्रेड्स की टूल किट प्रदान की गई, ताकि वे अपने कौशल का व्यावहारिक उपयोग कर सकें।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक चैतराम अटामी रहे। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गौरव रॉय, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम विशिष्ट अतिथि, प्रभारी अधिकारी लाइवलीहुड राजीव कुजूर, सहायक संचालक कौशल विकास अमित वर्मा, प्राचार्य लाइवलीहुड हरीश सिन्हा, डीएसपी नसर उल्ला सिद्दीकी, डीएसपी विशाल कुमार उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को वेलकम किट एवं टूल किट का वितरण किया गया।

विधायक चैतराम अटामी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुनर्वासित को बधाई दी और उनके सामान्य जीवन में लौटने को सराहनीय कदम बताया। विधायक ने स्थानीय गोंडी भाषा में संवाद कर प्रशिक्षणार्थियों से सीधा संवाद स्थापित किया, जिससे विश्वास और सहभागिता को मजबूती मिली।

किसान सिस्टम के आगे कमजोर! धान खरीदी केंद्रों में हमाली के नाम पर गड़बड़ी

बैकुण्ठपुर /एमसीबी /नवप्रदेश। कोरिया और एमसीबी जिलों के 46 धान खरीदी केंद्रों पर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी भले ही कागजों में सुचारू और पारदर्शी दिखाई जा रही हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है। हालात ऐसे हैं कि किसान अपनी उपज बेचने के लिए न केवल घंटों लाइन में खड़े हो रहे हैं, बल्कि हमाली के नाम पर अवैध वसूली का भी सामना कर रहे हैं। कई केंद्रों पर तो किसान खुद ही हमाल बनकर तौल, सिलाई और ढुलाई करने को मजबूर हैं। शासन द्वारा धान खरीदी के दौरान हमाली मद में प्रति क्विंटल सत्रह रुपये की दर से राशि समितियों को जारी की जाती है। इसमें तौल, सिलाई, उठाव, ढुलाई और वेयरहाउसिंग जैसे कार्य शामिल हैं। बावजूद इसके, अधिकांश खरीदी केंद्रों पर न तो पर्याप्त हमाल उपलब्ध हैं और न ही इस राशि का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस खरीदी सत्र में हमाली मद के तहत दोनों जिलों में करीब दो करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं, लेकिन इसका लाभ किसानों तक नहीं पहुंच पाया। किसानों का आरोप है कि कई खरीदी केंद्रों पर उनसे 40किलो 800 ग्राम की जगह 41 किलो 200 ग्राम तक धान लिए जा रहे वही प्रति बोरा समिति में धान भराई तोलाई व फड़ तक पहुचाने में बीस रुपये तक हमाल मांग कर रहे वही सुविधा के नाम पर अवैध वसूली की मांग भी की जा रही है। विरोध करने पर कभी बारदाना नहीं होने, तो कभी तौल में कमी या तकनीकी खामियों का हवाला देकर परेशान किया जाता है। ऐसे में विवाद से बचने के लिए किसान मजबूरी में अतिरिक्त पैसे देने को मजबूर हो जाते हैं। एक किसान रामसाय ने बताया कि 19 क्विंटल धान बेचने के लिए उन्हें करीब 1,000 रुपये मजदूरी के रूप में अलग से देने पड़े। यही नहीं, खर्च बचाने के लिए कई किसान अपने पूरे परिवार के साथ खरीदी केंद्र पहुंच रहे हैं, ताकि हमाली का काम खुद कर सकें। यह स्थिति शासन की किसान हितैषी नीतियों और दावों पर गंभीर सवाल खड़े करती है। धान खरीदी केंद्रों पर प्रभावी निगरानी के अभाव में भ्रष्टाचार चरम पर पहुंच गया है। आरोप है कि समिति प्रबंधन और संबंधित कर्मचारी हमाली मद की राशि का दुरुपयोग कर रहे हैं, जबकि किसान दोहरी मार झेल रहे हैं–एक ओर अपनी फसल का उत्पादन खर्च और दूसरी ओर अवैध वसूली का बोझ।

जिला पंचायत अध्यक्ष के राइस मिल में बड़ी कार्रवाई, भौतिक सत्यापन में 1235 क्विंटल धान गायब मिला

एसडीएम की छापेमारी में खुला खेल, 384 बोरा अवैध धान जब्त

कोरिया/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में धान खरीदी और भंडारण को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा के राइस मिल में प्रशासन ने अचानक छापा मारकर भारी अनियमितताओं का खुलासा किया है। जांच के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं, जिससे प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार, एसडीएम के नेतृत्व में दो राइस मिलों में छापेमारी की गई, जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा की राइस मिल भी शामिल है। भौतिक सत्यापन के दौरान पिछले वर्ष का लगभग 500 क्विंटल धान कम पाया गया। वहीं कुल मिलाकर 1235 क्विंटल धान गायब होने की पुष्टि हुई है।

दो महीने से बिजली बिल भी बकाया

इतना ही नहीं, कार्रवाई के दौरान 384 बोरा अवैध धान भी जब्त किया गया, जो बिना वैध दस्तावेजों के संग्रहित किया गया था। इसके अलावा राइस मिल पर दो माह का बिजली बिल भी बकाया पाया गया है। वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मच गया है।

कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी परचतह राइस मिल सील: वहीं 1 जनवरी को बालोद जिले से बड़ी खबर सामने आई थी। जहां कस्टम मीलिंग का पंजीयन नही होने पर केजीएन राईस मिल को सील किया गया हैं। साथ ही मिल में मौजूद धान और चावल को भी जब्त किया गया है। इस कार्यवाही से कस्टम मिलिंग कार्य मे लापरवाही करने वाले राइस मिलों में हड़कंप मच गया है। कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व, खाद्य और मंडी विभाग ने यह सयुंक्त कार्यवाही की है।

चावल जमा में अनियमितता पर कार्रवाई

उक्त राईस मिल के द्वारा 70.26 प्रतिशत चावल जमा किया गया है। जो कि, छत्तीसगढ़ कस्टम मीलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4(1) का स्पष्ट उल्लंघन और उक्त आदेश कंडिका 09 के तहत दंडनीय है। जिसके फलस्वरूप जांच दल के द्वारा केजीएन राईस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई। राईस मिल में उपलब्ध धान और चावल की जब्ती कर फर्म में उपस्थित राईस मिल के मुंशी की सुपुदर्गी में दे दिया गया है।

धान उठाव और चावल जमा की स्थिति

राईस मिल के द्वारा जिसके विरूद्ध 56 हजार 658 क्विंटल धान का उठाव किया गया है। जिसमें जमा करने योग्य चावल की मात्रा 38 हजार 913 क्विंटल है। लेकिन आज दिन तक राईस मिल के द्वारा 28 हजार 121 क्विंटल चावल एफसीआई में जमा किया गया है। इसके साथ ही जमा करने योग्य शेष चावल की मात्रा 10 हजार 791 क्विंटल है।

किसानों की सुविधा के लिए बढ़ी बिजली उपकेंद्र की क्षमता

- 132 केवी उपकेंद्र मसोरा में 8 करोड़ की लागत से लगा नया ट्रांसफार्मर
- डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को मिलेगी लो-वोल्टेज से स्थायी राहत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज बिजली उपभोक्ताओं और किसानों के लिए अधोसंरचना को निरंतर अपग्रेड कर रही है। इस दिशा में ट्रांसमिशन कंपनी ने मसोरा स्थित 132 केवी अतिउच्च दाब उपकेंद्र में 63 एमवीए का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत किया। इसका लाभ कोंडागांव जिले के 21 हजार किसानों को मिलेगा, जो ग्रीष्मकाल में फसलचक्र परिवर्तन को अपनाकर मक्के की खेती कर रहे हैं। साथ ही आदिवासी क्षेत्र के डेढ़ लाख उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हो सकेगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला के इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आदिवासी व वनांचल क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास को कार्य तीव्र गति से किये जा रहे हैं। इसी के तहत कोंडागांव जिले के 132/33 केवी उपकेंद्र मसोरा में 8.5 करोड़ की लागत से स्थापित 63 एमवीए क्षमता का अतिरिक्त पावर ट्रांसफॉर्मर सफलतापूर्वक उर्जीकृत किया गया। इस उपकेंद्र मसोरा में पूर्व से 40 एमवीए क्षमता के दो पावर ट्रांसफॉर्मर कार्यरत थे, जिनसे 33 केवी के कुल 8 फीडर निकलते हैं। इन फीडरों के माध्यम से कोंडागांव जिला के कोंडागांव, फरसगांव एवं माकड़ी ब्लॉक के संपूर्ण क्षेत्र तथा बड़ेराजपुर ब्लॉक के आंशिक क्षेत्र को विद्युत आपूर्ति की जाती है। वहीं, जिले के केशकाल ब्लॉक का संपूर्ण क्षेत्र एवं बड़ेराजपुर ब्लॉक का शेष भाग 132/33 केवी उपकेंद्र कांकेर से विद्युत आपूर्ति प्राप्त करता है।

डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता (जगदलपुर क्षेत्र) टीके मेश्राम ने बताया कि कोंडागांव जिले में रबी सीजन के दौरान मक्के की व्यापक खेती होने के कारण ग्रीष्म ऋतु में सिंचाई हेतु विद्युत मांग अत्यधिक बढ़ जाती थी। इसके परिणामस्वरूप उपकेंद्र मसोरा पर ओवरलोड की स्थिति उत्पन्न होती थी, जिससे पूरे जिले में लो वोल्टेज एवं विद्युत कटौती जैसी समस्याएँ सामने आती थीं। क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के समक्ष किसानों ने इस समस्या के निराकरण की मांग भी की थी।

भूपेश बघेल ने की डिप्टी सीएम की 'बंदर' से तुलना, अरुण साव बोले- शब्दों की होनी चाहिए मर्यादा, साहू समाज ने भी खोला मोर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। भूपेश बघेल के उप मुख्यमंत्री अरुण साव की तुलना बंदर से किए जाने को लेकर प्रदेश में सियासत शुरू हो गई है। एक जहां डिप्टी सीएम साव ने भूपेश बघेल पर पलटवार किया है, तो वहीं दूसरी तरफ साहू समाज ने भी मोर्चा खोल दिया है, और बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

भूपेश बघेल ने डिप्टी सीएम की 'बंदर' से की तुलना: दरअसल, पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने तीन दिन पहले बिलासपुर के लिंगियाडीह में लोगों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया था। उन्होंने उप मुख्यमंत्री साव की तुलना केवल उछल-कूद करने वाले बंदर से करते हुए कहा कि वे दो साल में केवल 950 मीटर सड़क बनवा पाए हैं, और किसी भी मामले में कोई काम नहीं कर पा रहे। वहीं अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है।

शब्दों की होनी चाहिए मर्यादा : अरुण साव

वहीं भूपेश बघेल के बंदर से करने के मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार करते हुए कहा कि शब्दों की मर्यादा होनी चाहिए। प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके है। राजनीतिक टिप्पणी अपनी जगह है। इस तरीके की भाषा राजनीति में अक्षम्य में है। सभी को राजनीति में भाषा का ध्यान रखना चाहिए।

साहू समाज ने भी खोला मोर्चा: वहीं इस बयान के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल प्रदेश के साहू समाज के निशाने अपर आ गए है। छत्तीसगढ़ साहू समाज ने सभी जिलों में एसपी को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है। समाज ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को माफी मंगवाने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। यह ज्ञापन डिप्टी सीएम अरुण साव पर भूपेश बघेल की की गई टिप्पणी के संदर्भ में दिया जाएगा।

छात्राओं को साइकिल बांटी गई, शहीद आकाश राव की मां को सौंपा 1 करोड़ का चेक

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय स्टेट बैंक ने नववर्ष के पहले दिन बैरन बाजार स्थित बैंक परिसर में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के तहत सरकारी विद्यालयों की 50 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिलों का फ्लैग ऑफ छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के विशेष सहायक तुलसी कौशिक भी उपस्थित रहे।

राजधानी के 18 प्रमुख चौराहों की बदलेगी सूरत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को ट्रैफिक की समस्याओं से निजात दिलाने और शहर को नया लुक देने के लिए नगर निगम ने मास्टर प्लान तैयार किया है। शहर के ऐतिहासिक जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक और शारदा चौक समेत 18 प्रमुख चौराहों को नए सिरे से डिजाइन कर विकसित किया जाएगा। इस पूरी परियोजना पर करीब 9 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

ट्रैफिक जाम से मिलेगी मुक्ति, लेफ्ट टर्न होगा क्लियर: वर्तमान में राजधानी के मध्य स्थित अधिकांश चौराहों की बनावट वर्षों पुरानी है, जबकि वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ चुका है। स्थिति यह है कि जयस्तंभ और शारदा चौक जैसे इलाकों में पीक ऑवर्स में लंबी कतारें लगी रहती हैं और 'लेफ्ट टर्न' के लिए जगह नहीं बचती। नए डिजाइन के तहत लेन मैनेजमेंट और ट्रैफिक फ्लो को बेहतर बनाया जाएगा ताकि जाम की स्थिति न बने।

9 करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण

इन 18 चौराहों का होगा मेकओवर

नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त निरीक्षण के बाद जिन चौराहों को चुना गया है, उनमें प्रमुख हैं:

- ऐतिहासिक चौक: जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक, शारदा चौक।
- अन्य प्रमुख स्थल: भारत माता चौक, बंजारी चौक, लोधीपारा, खजाना चौक, महिला थाना चौक, लाखेनगर, खम्हारडीह थाना चौक, शंकरनगर भारत माता चौक, आनंद नगर, कालीबाड़ी, फाफाडीह, अनुपम नगर, भगत सिंह चौक, मेक इन इंडिया चौक और राजीव गांधी नेताजी सुभाष स्टेडियम चौक।

नवा रायपुर की जमीन की कीमत पर 500 से अधिक आपत्तियां

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी समेत राज्यभर के जिलों में जमीनों की सरकारी कीमत तय होने के बाद संशोधित गाइडलाइन जारी करने के लिए विभाग ने 31 दिसंबर तक लोगों से जरूरी सुझाव और आपत्तियां मंगाई थी। रायपुर जिले में सबसे ज्यादा आपत्तियां नवा रायपुर में स्थित गांवों की जमीन की कीमतों को लेकर पहुंची है। बताया जा रहा है नवा रायपुर से 500 से ज्यादा आपत्तियां दर्ज कराई गई हैं। अब इन सभी आपत्तियों का परीक्षण किया जाएगा। नवा रायपुर किसान संघर्ष समिति का दावा है कि नवा रायपुर के 27 गांवों के 500 से ज्यादा किसानों, पंचों, सरपंचों, जनपद सदस्यों और प्रतिनिधियों ने व्यक्तिगत व सामूहिक रूप से सुझाव दिए हैं। इनमें मुख्य रूप से उपबंध-2025 (7-11-25) में वर्णित नगरीय शहरी निवेश क्षेत्र से संबंधित प्रावधान शामिल है। उनका कहना है कि उपबंध-2025 (7-11-2025) के लागू रहने की अवधि में 17 एवं 18 नवंबर 2025 को कुल 9 किसानों की भूमि रजिस्ट्री हुई है।

फिजियोथेरेपी सेंटर में चोरी, महिला की 90,000 की चेन हुई पार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के पॉश इलाके शंकर नगर स्थित एक फिजियोथेरेपी सेंटर में चोरी की वारदात सामने आई है। इलाज कराने गई एक महिला के पर्स से अज्ञात चोर ने करीब 90 हजार रुपये कीमत की सोने की चेन और लॉकेट उड़ा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

फिजियोथेरेपी के दौरान हुई वारदात

न्यू शांति नगर (गली नंबर 7) निवासी पीड़िता ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उन्हें सर्वाइकल की समस्या है, जिसके इलाज के लिए वह पिछले कुछ दिनों से शंकर नगर स्थित 'जेन लाइफ फिजियोथेरेपी सेंटर' (ओलंपस जिम के सामने) जा रही थीं।

बीते 4 दिसंबर को शाम करीब 7:15 बजे जब वह अपनी सहेली के साथ सेंटर पहुंचीं, तो फिजियोथेरेपी शुरू होने से पहले उन्होंने अपने गले की सोने की चेन और लॉकेट उतारकर अपने पर्स में रख दिया था।

घर पहुंचने पर खुला राज

पीड़िता के अनुसार, फिजियोथेरेपी के दौरान वहां का स्टाफ और सेंटर की ओनर कंचन बाधवानी मौजूद थीं। रात करीब 8:20 बजे जब वह सेंटर से निकलकर अपने घर के पास पहुंचीं और पर्स चेक किया, तो उनके होश उड़ गए। पर्स के अंदर रखा सोने का कीमती लॉकेट और चेन गायब थे।

पुलिस कर रही है जांच

काफी तलाश करने और सेंटर के स्टाफ से पूछताछ करने के बाद जब गहनों का पता नहीं चला, तो पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। चोरी गई चेन की कीमत लगभग 90,000 रुपये बताई जा रही है। पुलिस अब सेंटर में लगे सीसीटीवी कैमरों और वहां मौजूद स्टाफ से पूछताछ कर रही है ताकि आरोपी का पता लगाया जा सके।

अब ई-ऑफिस से चलेंगे सरकारी दफ्तर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और गति लाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया गया है। मंत्रालय के बाद अब प्रदेश के सभी विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त और कलेक्टोरेट कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली पूरी तरह लागू हो गई है। 1 जनवरी 2026 से शुरू हुई इस व्यवस्था के तहत अब दफ्तरों में फिजिकल फाइलें बंद हो जाएंगी और सारा काम डिजिटल नस्ती (फाइल) के माध्यम से होगा।

रायपुर संभागायुक्त कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों की आधार-सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली शुरू कर दी गई है। संभागायुक्त महादेव कावरे ने बताया कि एनआईसी के सहयोग से सभी कर्मचारियों का पंजीयन किया जा रहा है। जिला और संभाग स्तर के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करें।रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के अनुसार, जिला कलेक्टोरेट में बायोमेट्रिक हाजिरी पिछले तीन महीनों से सफलतापूर्वक संचालित है।

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल भर्ती 3 साल का इंतजार खत्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सशस्त्र पुलिस बल में विभिन्न पैरामेडिकल पदों पर भर्ती का इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। वर्ष 2023 में शुरू हुई भर्ती प्रक्रिया अब अपने निर्णायक चरण में पहुंच गई है। नर्स, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन और ड्रेसर जैसे पदों के लिए आगामी 12 जनवरी 2026 से दस्तावेजों का सत्यापन शुरू होने जा रहा है।

माना स्थित चौथी वाहिनी में होगा सत्यापन

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया रायपुर के माना स्थित चौथी वाहिनी, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के परिसर में आयोजित की जाएगी।

12 जनवरी से शुरू होगा दस्तावेजों का सत्यापन

पदवार सत्यापन का पूरा शेड्यूल (2026)

सत्यापन की प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाने के लिए विभाग ने विस्तृत समय-सारणी जारी की है:

पद का नाम	सत्यापन की तिथि	विवरण
मेल नर्स	12 एवं 13 जनवरी	पहले दिन 380 अभ्यर्थी, शेष अगले दिन
फीमेल नर्स	14 से 21 जनवरी	(14-16 जनवरी और 19-21 जनवरी तक)
लैब टेक्नीशियन	22 जनवरी	सभी पात्र अभ्यर्थी
फार्मासिस्ट	23से 29 जनवरी	चार दिनों में संपन्न होगा
नर्सिंग असिस्टेंट व ड्रेसर	30 जनवरी	एक ही दिन में प्रक्रिया पूरी होगी
कम्पाउंडर	2 फरवरी	अंतिम चरण का सत्यापन

अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथियों पर सुबह 8:00 बजे भर्ती केंद्र पर रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।

ऑनलाइन डाउनलोड करने होंगे प्रवेश पत्र: अभ्यर्थियों को ध्यान देना होगा कि पुलिस मुख्यालय द्वारा किसी भी उम्मीदवार को अलग से डाक के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा।

वेबसाइट: अभ्यर्थी छत्तीसगढ़ पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट www.cgpolice.gov.in से अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं।

समय सीमा: प्रवेश पत्र दस्तावेज परीक्षण की तिथि से 10 दिन पूर्व पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

मुंबई, हावड़ा, पुणे, अहमदाबाद की ट्रेनों की लेटलतीफी से छत्तीसगढ़ के यात्री परेशान

रायपुर/नवप्रदेश। देश के सबसे पुराने रेल रूटों में से एक हावड़ा और मुंबई के बीच रेलगाड़ियां रेंग रही हैं। हालत ऐसी हो गई है कि इस रूट पर चलने वाली सभी आठ गाड़ियां औसतन पांच से आठ घंटे की देरी से चल रही हैं। कभी-कभी तो यह देरी 12-12 घंटे की हो जा रही है। गुरुवार को भी छत्रपति शिवाजी टर्मिनस-हावड़ा के बीच चलने वाली दुरंतो एक्सप्रेस 13 घंटे देरी से चली। यही हाल इस रूट की अन्य ट्रेनों का भी है।

ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण राजधानी से मुंबई, हावड़ा, पुणे, अहमदाबाद जैसे शहरों के लिए जाने वाले यात्री परेशान हो रहे हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार रायगढ़ से आगे ईब और झारसुगुड़ा के बीच चौथी रेल लाइन के निर्माण और शुरू होने में देरी के कारण ट्रेनों की समय सारिणी प्रभावित हुई हैं।

ईब से लेकर झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन शुरू हो तो बने काम: रेलवे सूत्रों के अनुसार बिलासपुर से झारसुगड़ा के बीच 206 किलोमीटर के रेलखंड पर अगस्त तक 150 किलोमीटर चौथी लाइन का काम पूरा हो गया था। ईब से लेकर झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का काम पूरा होने, उसे सुरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिलने और संचालन शुरू होने से इस रूट पर ट्रेनों की समय सारिणी सुधरेगी। जब तक ऐसा नहीं होता है, तब तक यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ेगी।



सुविचार

जिनके पास बहुत पैसा हो ऐसे ढेरों अमीर हैं लेकिन सबसे बड़े अमीर बिरले ही मिलेंगे जिनके पास जिंदगी को खुल कर जीने के लिए बहुत समय होता है।

अर्थव्यवस्था को मजबूती देती आस्था

इस बार नए साल में देश के प्रमुख मंदिरों में श्रद्धालुओं का जो अभुतपूर्व जनसैलाब उमड़ा उसने एक नया कीर्तिमान रच दिया है। धार्मिक स्थलों के प्रति हिन्दुओं की बढ़ती आस्था से वहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था को तो मजबूती मिली ही है। साथ ही साथ संबंधित राज्यों और देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत हुई है। अयोध्या, बनारस, मैहर, वैष्णोदेवी और उज्जैन सहित सभी प्रमुख धर्मस्थलों में पिछले एक सप्ताह से प्रतिदिन लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। स्थिति यह है कि वहां घंटों का चक्कजाम लग रहा है और भक्तों की मिलों लंबी कतारें लग रही है। इतना कष्ट उठाने के बाद भी श्रद्धालुओं का अपार जनसमूह धर्म स्थलों में लगातार पहुंच रहा है। जिसकी वजह से इन स्थानों पर होटल कम पड़ रहे हैं और टेक्सियों की भी कमी मेहसूस हो रही है। भारी भीड़ की वजह से लोगों को ऐसे स्थानों में दो से तीन दिनों तक रूकने पर बाध्य होना पड़ रहा है। नतीजतन स्थानीय कारोंबार फलफूल रहा है। लोगों की आस्था प्रदेश व देश की अर्थव्यवस्था को जो मजबूती दे रही है वह उन लोगों के मुंह पर करारा तमाचा है जो आयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण पर सवालिया निशान लगाते थे और कहा करते थे कि मंदिर बनाने की जगह वहां स्कूल या अस्पताल बनाया जाना चाहिए। ताकि लोगों को लाभ मिले। मंदिर बनाने से क्या होगा? आज आयोध्या में हजारों लोगों को रोजगार के नए साध मिले हैं। फूल माला और प्रसाद बेचने वालों से लेकर ऑटो टैक्सी वाले और होटल वालों की कमाई में कई गुना वृद्धि हो गई है। देश और उत्तरप्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने के कारण आयोध्या नगरी और सुंदर व व्यवस्थित हो गई है। रेलवे स्टेशन व हवाई अड्डा अत्याधुनिक व्यवस्था से लैंस हो चुके हैं। श्री राम मंदिर निर्माण के बाद से ही वहां अरबों रूपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य अभी भी हो रहे हैं जिनसे हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है जो लोग कहते थे कि मंदिर से क्या रोटी मिलेगी? वे देख सकते हैं कि मंदिर से रोजी और रोटी दोनों ही मिल रहे हैं। इसी तरह प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान भी वहां करोड़ो पून्य स्नान करने पहुंचे थे जिससे उत्तरप्रदेश सरकार को करोड़े के राजस्व की प्राप्ति हुई थी। इस बार नए साल में अयोध्या की तरह ही अन्य आस्था के केन्द्रों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। स्थिति यह है कि अब इन धर्मस्थलों में घोषणा कराई जा रही है कि कम से पांच जनवरी तक लोग यहां न आयें। अगले साल उज्जैन में होने वाले कुंभ के लिए वहां विकास की गंगा बहाई जा रही है जिसकी वजह से हजारों लोगों को काम मिल रहा है और उनका परिवार पल रहा है। जबकि कश्मीर और गोवा जैसी जगहों पर पर्यटकों का टोटा बना हुआ है। वहां के होटल विरान पड़े हैं। इससे स्पष्ट है कि अब लोगों की पर्यटन स्थलों की बजाय धार्मिक स्थलों के प्रति रूझान बढ़ रहा है।

ग्रामीण रोजगार योजना अब रामजी भरोसे

डॉ देवेन्द्र नाथ शर्मा

ग्रामीण रोजगार योजना का नाम बदलने पर राजनैतिक बबाल भी उठा है। हिंदी व अंग्रेजी की खिचड़ी भाषा का प्रयोग कर मनरेगा से महात्मा गांधी को विदा कर इसके स्थान पर ग्रामीण रोजगार योजना में राम को लाने के पीछे राजनैतिक कारण तो हैं, पर यह इतना महत्वपूर्ण नहीं है जितना मनरेगा में स्थापित जनता के सवैधानिक 'कार्य के अधिकार' के वैधानिक मूल्य का अंत होना। बेहतर होता कि मनरेगा के क्रियान्वयन संबंधी समस्याओं, त्रुटिपूर्ण प्रक्रियाओं, मैदानी कमियों की पहचान कर उनके समाधान का संशोधन इस 'काम के अधिकार' आधारित योजना को और अधिक प्रभावी बनाया जाता जिससे भूमिहीनों और सीमांत व लधु कृषक ग्रामीण परिवारों के आर्थिक-सामाजिक स्थितियों का मजबूत होना और अधिक सुनिश्चित होता।

संसद के शीतकालीन सत्र में जल्दबाज़ी में लाया गया 'विकसित भारत जी राम जी बिल' को 14 घंटे की बहस के बाद विपक्षी दलों के विरोध तथा स्टैंडिंग कमेटी में भेजने की उनकी माँग को नज़रअंदाज़ कर केंद्र सरकार द्वारा ध्वनिमत से आखिर पास करा लिया गया। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद अब यह एक क़ानून बन गया है विकसित भारत ग्रामीण रोज़गार व आजीविका मिशन (वीबी जी राम जी) के नाम से यह नया क़ानून देश में चल रहे देश 20 वर्षों से चल रहे विश्व के सबसे बड़े ग्रामीण रोज़गार योजना मनरेगा की आत्मा और उसके शारीरिक ढांचे को पूर्णतः ध्वस्त व निरस्त करता है। ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार के अधिकार को प्रदान करने वाला मनरेगा क़ानून अब ऐसी केंद्र प्रवर्तित योजना में बदल गया है जिसमें केंद्र सरकार अपनी मर्जी से प्रदेशों के चयनित क्षेत्रों या ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को उनकी मांग पर रोज़गार उपलब्ध कराएगी।अर्थात रोज़गार की गारंटी उन्हीं ग्रामीणों के लिए होगी जिनकी ग्राम पंचायत का चयन भारत सरकार ने किया होगा। पूरे देश के ग्रामीणों का अब माँग कर रोजगार पाने का वैधानिक अधिकार नहीं रह जाएगा जबकि संविधान के नीति निर्देशक सिद्धांत के तहत अनुच्छेद 39ए और 41 सरकार को हर व्यक्ति के लिए आजीविका के साधन और रोजगार का अधिकार सुनिश्चित करने का निर्देश देता है।

हर वर्ष औसतन 5 करोड़ परिवार मनरेगा का फायदा उठाते रहे हैं द्य कोविड के दौरान ग्रामीण मजदूरों के लिए जीवन रेखा बनी इस योजना से 2020-21 में रिकॉर्ड 7.55 करोड़ ग्रामीणों को रोजगार मिला था। कोविड जैसी राष्ट्रीय संकट और स्थानीय आपदाओं के दौरान मनरेगा ने लाखों परिवारों को भूख से बचाया। करोड़ों ग्रामीणों को पलायन से रोका। 2014 में अब तक 8 करोड ग्रामीणों को रोजगार पहुंचाने में सफल रही। 2006 में जब मनरेगा शुरू हुई तब ग्रामीण गरीबी बेरोजगारी बड़ी चुनौती थी। सरकार का दावा है कि 2011-12 में ग्रामीण बेरोजगारी 25.7 प्रतिशत थी जो अब घटकर 2023-24 में 4.86% से रह गई, आज ग्रामों की सामाजिक-आर्थिक संरचना बेहतर हो चुकी है और मनरेगा में भ्रष्टाचार बढ़ा अतः मनरेगा के स्थान पर जी राम जी योजना लानी पड़ी।

मनरेगा में पहले सौ दिन तक के रोज़गार की गारंटी थी जबकि इस नई योजना में अनुच्छेद 5(1) के अनुसार केंद्र सरकार उन क्षेत्रों को अधिसूचित करेगी जहां 125 दोनों का रोजगार मजदूरों को उपलब्ध कराया जाना है। यानि अब देश के सम्पूर्ण ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने की गारंटी नहीं है। हालाकि, स्थिति यह है कि पिछले 6 वर्षों में औसतन 47 से 52 दिनों का ही रोजगार ग्रामीणों को मिल सका है। शेड्यूल 1 की धारा 6(4) में यह स्पष्ट है कि केंद्र सरकार राज्यों, जिलों व पंचायती राज संस्थाओं का मार्गदर्शन करेगी ताकि वे प्राथमिकता के अधोसंरचना गैप, कार्यों के डिजाइन का मानकीकरण और कार्यों को पूर्ण करने में जन सहयोग जुटाना सुनिश्चित कर सके। रोजगार के लिए वही कार्य लिए जाएंगे जो प्रधानमंत्री गति शक्ति स्कीम तथा विकसित भारत एजेंडा की प्राथमिकताओं के अंतर्गत होंगे।

दूसरा नीतिगत बदलाव फंडिंग पैटर्न में है। मनरेगा में मज़दूरी भुगतान का 90% भार भारत सरकार तथा 10% राज्य सरकार वहन किया करती थी। अब अनुच्छेद 22(2) के अनुसार केंद्र सरकार मात्र 60% भार वहन करेगी जबकि राज्य सरकार को 40% भार वहन करना होगा। हालाकि उत्तर पूर्व के राज्यों 90:10 अनुपात में फंडिंग जारी रहेगी। देखना यह होगा कि जब केंद्र सरकार मज़दूरी का 90% भार वहन कर रही थी तब बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान जैसे अपेक्षाकृत ज्यादा ग़रीबी वाले राज्यों में 100 की बजाय अधिकतम 50 दिनों का रोज़गार ही उपलब्ध कराया जा सका। राज्यों की माली स्थिति भी ऐसी कमजोर थी जिसके कारण मात्र 10% का उनका योगदान के होने के बावजूद 100 दिनों का रोजगार वे गरीब ग्रामीणों को उपलब्ध नहीं करा सके। अब जब अधिकतर राज्य सरकारें मुफ्त व नगदी स्थानांतरण जैसी योजनाओं व वेतन-भत्तों में अपनी आय का लगभग 80% खर्च कर रहीं हैं और इस कारण से गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहीं हैं, तो वे इस रोजगार योजना में 10% के स्थान पर 40% मज़दूरी का व्यय-भार कितना और कैसे वहन कर सकेंगी ? ऐसी स्थिति में राज्य सरकारें कितनी रुचि व उत्साह से इस योजना के क्रियान्वयन में कितना सहभागी हो पाएंगी। साफहै कि ग्रामीणों को रोजगार मिलने की गारंटी स्लगित होगी और उनकी आर्थिक दशा और खराब होगी, जिससे उनका सामाजिक विकास पर दुष्प्रभाव पड़ेगा। रोजगार की तलाश में मज़दूरों का पलायन बढ़ेगा । अनुच्छेद 4(5) केंद्र सरकार को यह अधिकार देता है कि वह प्रत्येक वित्तीय वर्ष में राज्यों के लिए केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित उद्देश्यों के मापदंडों के अनुरूप अपनी मर्जी से बजट प्रावधान करे। अनुच्छेद 4(6) में यह उल्लेखित है कि राज्य सरकार केंद्र सरकार के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया व तरीके से ही राशि का व्यय कर सकेगी। अनुच्छेद 11 के अनुसार बेरोजगारी भत्ता तभी दिया जावेगा जब केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित ग्राम पंचायतों में ही मांग के 15 दिनों के भीतर रोजगार न मिला हो। अनुच्छेद 22(8) के अनुसार इस बेरोजगारी भत्ते के भुगतान का शत प्रतिशत भार राज्य सरकार को ही वहन करना होगा । कुल मिलाकर मांग आधारित 'रोजगार की गारंटी की योजना' अब 'बजट नियंत्रित योजना' में तब्दील हो गई है। अनुच्छेद 6(2) के अनुसार फसलों की बुआई व कटाई के समय 60 दिवसों के लिए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जावेगा। इससे कृषक उद्योगपति व कार्पोरेट्स तथा बड़े किसानों को अपने खेतों में बुवाई व कटाई के समय कम दर पर मजदूर उपलब्ध हो सकेंगे। सशक्तों के हित की ओर जाते इस निर्णय से भूमिहीनों व सीमांत किसान परिवारों को जीवन व्यापन के लिए मजबूरी में समझोता कर शोषित होना होगा। इस नई योजना में ग्राम पंचायतों का चयन, कार्य का निर्धारण, कार्य की अवधि, क्रियान्वयन तथा व्यय व भुगतान की विधि, डिजिटल निगरानी आदि का संपूर्ण नियंत्रण केंद्र सरकार का होगा। राज्य सरकार की जिम्मेदारी केवल 40 प्रतिशत योगदान देने तथा मैदानी स्तर पर तय योजना का क्रियान्वयन करवाने की ही रह जाएगी।

पश्चिम में कम्युनिटी लिविंग का बढ़ता चलन

डॉ. नीलम महेंद्र

पर सवाल यह है कि क्या भावनाओं की भरपाई सेवाओं से हो सकती है? हमें यह समझ नहीं पाए कि संयुक्त परिवार व्यक्ति की पहचान को कुचलता नहीं था, (जैसा आज कहा जाता है) बल्कि वह उसे विस्तार देता था। वहाँ व्यक्ति अकेला नहीं होता था क्योंकि वहाँ असफलता साझा होती थी और सफलता सामूहिक। आज भारतीय समाज जिस तनाव, अवसाद और पारिवारिक टूटन से जूझ रहा है, उसका बड़ा कारण यही है कि हमने रिश्तों की लागत को सुविधाओं के तराजू में तौलना शुरू कर दिया है। हम भूल गए कि परिवार कोई अनुबंध नहीं होता, जिसे लाभ-हानि देखकर निभाया जाए। अपितु वह एक उत्तरदायित्व होता है जो पीढ़ियों को जोड़ता है।

हाल ही में एक रिसर्च में यह बात सामने आई कि ब्रिटेन में परिवार के सदस्यों (दादा-दादी, माता-पिता, बच्चे) या गैर-पारिवारिक सदस्यों के साथ एक छत के नीचे रहने का चलन बढ़ रहा है। सिर्फ माता-पिता के साथ ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका जैसे देशों में सैकड़ों कम्युनिटी लिविंग ग्रुप्स बन गए हैं, जहाँ लोग सस्ते में रहते हैं और अकेलेपन से बचते हैं। वहां समाजशास्त्रियों की रिसर्च में यह बात सामने आई है कि कम्युनिटी लिविंग या मल्टी-जेनरेशनल घरों में रहने वाले लोग अकेले या न्यूक्लियर फैमिली (एकल परिवार) में रहने वालों की तुलना में अधिक संतुष्ट और खुश महसूस करते हैं। नतीजन जो लोग अपने घर का खर्च उठा सकते हैं, वे भी अब कम्युनिटी लिविंग चुन रहे हैं, जिससे यह सिर्फ आर्थिक मजबूरी नहीं, बल्कि वहां एक जीवनशैली का विकल्प बनता जा रहा है। इसके विपरीत हम पर्सनल स्पेस और प्राइवेसी की ओर भाग रहे हैं।आज भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहाँ आर्थिक प्रगति, तकनीकी विकास और वैश्विक पहचान के शोर में एक अत्यंत मौन लेकिन गहरी सामाजिक त्रासदी घट रही है और वो है संयुक्त परिवारों का विघटन।

विडंबना यह है कि जिस संयुक्त परिवार व्यवस्था को भारत ने पिछड़ेपन का प्रतीक मानकर त्यागना शुरू किया, वही व्यवस्था आज पश्चिमी देशों में नए सामाजिक समाधान के रूप में अपनाई जा रही है। भारत में संयुक्त परिवारों का विघटन केवल जीवन-शैली का बदलाव नहीं है बल्कि यह हमारे मूल सामाजिक दर्शन से विचलन है।

दरअसल भारत में संयुक्त परिवार कभी केवल साथ रहने की व्यवस्था मात्र नहीं रहा। अपितु यह एक ऐसा सांस्कृतिक सुरक्षा कवच था जहाँ बच्चे संस्कार सीखते थे, युवा जिम्मेदारी निभाते थे और बुज़ुर्ग सम्मान पाते थे। यह वह व्यवस्था थी जिसने बिना किसी मनोवैज्ञानिक परामर्श के पीढ़ियों को भावनात्मक रूप से संतुलित रखा। लेकिन आज वही व्यवस्था ÷स्पेस÷, ÷प्राइवेसी÷ और ÷इंडिविजुअल फ्रीडम÷ जैसे शब्दों के नीचे दम तोड़ रही है।और जब परिवार टूटते हैं, तब केवल दीवारें अलग नहीं होतीं,तब संस्कार, संवेदनाएँ और सामाजिक संतुलन भी दरकने लगता है।

आंकड़े इस सामाजिक बदलाव की पुष्टि करते हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5, 2019-21) के अनुसार भारत में लगभग 58.2% परिवार अब एकल (न्यूक्लियर) संरचना के हैं, जबकि संयुक्त परिवारों की हिस्सेदारी लगातार घट रही है। यह स्पष्ट संकेत है कि संयुक्त परिवार अब अपवाद बनते जा रहे हैं। शहरीकरण और रोजगार की मजबूरियाँ इस टूटन को और तेज़ कर रही हैं। शोध बताते हैं कि शहरी युवाओं में स्वतंत्रता और निजता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रवृत्ति बढ़ी है, जिससे संयुक्त परिवारों के साथ रहना ÷असुविधाजनक÷ समझा जाने लगा है। पर क्या सुविधा का अर्थ संवेदना का त्याग होना चाहिए, क्या स्वतंत्रता का अर्थ रिश्तों से मुक्ति है?

नतीजन आज भारत में परिवार छोटे हो रहे हैं और समस्याएँ बड़ी। पति-पत्नी दोनों कामकाजी हैं, फिर भी मानसिक थकान बढ़ रही है। बच्चे सुविधाओं से घिरे हैं, फिर भी भावनात्मक रूप से असुरक्षित हैं। और बुज़ुर्ग,जिनके अनुभव किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूँजी होते हैं,आज उपेक्षा और अकेलेपन के शिकार हैं।

जिस समाज में कभी बुज़ुर्ग परिवार का केंद्र होते थे, आज वहीं ÷ओल्ड एज होम÷ एक आवश्यक व्यवस्था बनती जा रही है। यह विकास नहीं, यह सामाजिक विफलता का संकेत है। इसके उलट, यदि हम पश्चिमी देशों की ओर देखें तो एक बिल्कुल अलग तस्वीर उभरती है। अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अब कम्युनिटी लिविंग, मल्टी-जेनरेशन होम्स और फैमिली सपोर्ट सिस्टम को बढ़ावा दिया जा रहा है। वहाँ सरकारें और समाज यह समझ चुके हैं कि अकेलापन सबसे महँगी बीमारी है,जिसका इलाज न दवाओं से होता है, न धन से। जहाँ भारत संयुक्त परिवार से भाग रहा है, वहीं पश्चिम उसकी ओर आकर्षित ही नहीं हो रहा बल्कि उसे अपना भी रहा है। यह विरोधाभास केवल सामाजिक नहीं, बल्कि बौद्धिक भी है। हमने परंपरा को बोझ समझा, उन्होंने अनुभव को संपत्ति माना। हमने बुज़ुर्गों को ÷डिपेंडेंसी÷ कहा, उन्होंने उन्हें मेंटल स्टेबिलिटी का आधार माना। हम भूल गए कि संयुक्त परिवार व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत थी,सामूहिक उत्तरदायित्व। बच्चे केवल माता-पिता के नहीं, पूरे परिवार के होते थे। किसी एक के गिरने पर पूरा परिवार उसे संभाल लेता था। आज इसके स्थान पर हमने संस्थागत विकल्प चुने हैं ,डे-केयर, ट्यूटर, काउंसलर और केयरटेकर।

नया साल नया संकल्प

डॉ. राजेश कुमार शर्मा

नये साल में नये संकल्प करें
अपने परिवेश को हराभरा करें
जहाँ भी दिखे गंदगी फैली हुई
मिट्टी से गड्ढे भरें स्वच्छता करें
जो अनपढ़ हैं गली मोहल्ले में
उन्हें पढ़ाएं लिखाएं आगे बढ़ाएं
समाज को करें शिक्षित मिलकर
फिर नये साल की खुशियां मनाएं
नये साल में बढ़ती महंगाई रोकें
युवाओं को रोजगार से जोड़ें
जो बैठे हताश होकर घरों में
उन्हें छोटे छोटे उधोगो से जोड़ें
नई उमंग के संग नववर्ष मनाएं
अतीत की घटनाएं भुलाकर
नये विचारों के साथ आगे बढ़ें
नये संकल्प लेकर नये काम करें
ज्ञान विज्ञान कला में नाम कमाएं
खेलकूद में अपना नाम चमकाएं
नये साल में विश्व पटल पर जा
भारत का तिरंगा उँचा लहराएं।

सद्‌गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ सदगुरू कहते हैं विचार प्रमुख है पर विचारों को जन्म देने वाली इंद्रियां है। इंद्रियों का प्लेसमेंट जिन्होंने गुरूमुखी होकर लियाउनके विचार कभी पॉल्यूटेड नहीं होते और विचारों में अगर पाल्यूशन नहीं होगी तो आपके कर्म श्री कृष्ण की प्राप्ति योग्य होंगे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1833 - ब्रिटेन ने दक्षिण अटलांटिक के फ़ॉकलैंड द्वीप पर क़ब्ज़ा जमाया। 1894 - रवीन्द्र नाथ टैगोर ने 'शांति निकेतन' में 'पौष मेला' का उद्घाटन किया। 1901 - 'शांति निकेतन' में ब्रह्मचर्य आश्रम खुला। 1911 - अमेरिका में डाक बचत बैंक का उद्घाटन हुआ। 1929 - महात्मा गांधी लॉर्ड इरविन से मिले। 1943 - टेलीविजन पर पहली बार गुमशुदा लोगों के बारे में सूचना का प्रसारण किया गया। 1956 - फ्रांस में 'एफिल टॉवर' के ऊपरी हिस्से में आग लगने से नुकसान। 1957 - अमेरिका के पेनसिल्वेनिया में पहली बार बिजली घड़ी प्रदर्शित की गयी। 1959 - अलास्का को अमेरिका का 49वां राज्य घोषित किया गया। 1968 - देश के पहले मौसम विज्ञान रॉकेट 'मेनका' का प्रक्षेपण। 1974 - बर्मा में संविधान को अंगीकार किया गया।1991 - इजरायल ने 23 साल बाद सोवियत संघ में वाणिज्य दूतावास को दोबारा खोला। 1993 - अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश एवं रूस के राष्ट्रपति बोरिस येल्तसिन द्वारा 'स्टार्ट द्वितीय' संधि पर हस्ताक्षर किया गया।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अनुभवी बुजुर्गो के

अनुभवी बुजुर्गों के अपमान का जिनका इतिहास रहा हो वे अपने अहंकार में उसी को दोहराएंगे ही। रामभक्त कमलापति त्रिपाठी जी का अपमान किसी समय पार्टी हाईकमान ने किया था जो इतिहास में दर्ज है। न जाने कितने ही बुजुर्गो का अपमान इस पार्टी ने किया है वार्ता का मर्म जाने बिना बुजुर्गों का अपमान किले की दिवार ढहा देता है। भविष्य में देखते हैं किले की ढहती हुई दिवारों को।

- नवीन शंकर शर्मा

बीती बातों को

बीती बातों को बिसराना! नई सुबह से हाथ मिलाना!! नए वर्ष में कार्य नया हो! नया-नया इतिहास बनाना!! चलते रहना मंथर-मंथर! एक जगह पर ठहर न जाना!! कर लेना फूलों का स्वागत! काँटों में भी नित मुस्काना!! भागम-भाग-भरा जीवन है! साथ स्वयं के समय बिताना!! खुशी मनाना हर क्षण जग में! दूजों का दिल नहीं दुखाना!! - **दिनेश रोहित चतुर्वेदी**

प्रिय तुम, तुम्हारा जाना महज़

प्रिय तुम, तुम्हारा जाना महज़ एक विदाई नहीं थी, वह चटक रंगों का एक साथ बुझ जाना था। जब तक तुम थे, धूप सुनहरी थी, शामें सिंदूरी थीं, और बारिश की हर बूंद में एक हरापन था। तुम्हारे होने से ही नीले आसमान की गहराई थी, और मेरे आंगन की तुलसी में वह गहरा सांवलापन। पर तुम्हारे जाने के बाद– हवाओं से खुशबू उड़ गई, जैसे किसी ने चलती फिल्म को 'ब्लैक एंड व्हाइट' कर दिया हो। अब गुलाब सिर्फ एक फूल है, 'लाल' नहीं, समंदर सिर्फ पानी है, 'गहरा नीला' नहीं। अब समझ आता है कि मेरे सारे इन्द्रधनुषी रंग तुम्हारी आँखों में कैद थें, और जिसे मैं कुदरत की खूबसूरती समझती थी, वह दरअसल तुम्हारी मौजूदगी का अक्स था। तुम क्या गए... दुनिया की सारी चमक अपने साथ ले गए, पीछे छोड़ गए– एक धूसर सन्नाटा, और बेनूर यादों का एक अंतहीन सिलसिला। **- रश्मि अभय**

जीवन का हर मार्ग प्रशस्त हो

जीवन का हर मार्ग प्रशस्त हो सुख की ज्योति जले हर पल यश वैभव खुशियों की सरिता बहती रहे सदा कल कल नए वर्ष की शुभ बेला पर हृदय की है चाह यही स्वस्थ रहे तन मन विचार, अपनों का मिले प्रेम निश्छल। **- पूजा बंसल**

समाचार ख़बर नहीं, प्रायोजित बकवास

समाचार ख़बर नहीं, 1?? प्रायोजित बकवास बन चुका है। जहाँ सच से ज़्यादा शोर बिकता है। एंकर चीखता है और तथ्य हकलाने लगते हैं। स्टूडियो अदालत बन चुका है। जिसमे बहस नहीं होती, बल्कि पटकथा पढ़ी जाती है। कोई निष्पक्ष नहीं, सब एजेंडा के शिकार हैं। इसलिए मैंने टीवी देखना ही छोड़ दिया है। **- मीनाक्षी सिंह**

कुछ मेरे सवाल हैं सुनो तो कहूँ जवाब

कुछ मेरे सवाल हैं सुनो तो कहूँ जवाब मिलेंगे सच्चे कहो तो कहूँ भीड़ चल रही क्या सरोकार मुझे अगर तुम मेरे साथ चलो तो कहूँ शिकवे कितने कभी तो कहा नहीं मेरे अपनों में अपना बनो तो कहूँ माना इस शहर में बहुत हुनरमंद हैं एक हुनर मुझमें भी मिलो तो कहूँ।

- सपना चन्द्रा

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष -आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। आज आप प्रत्येक कार्य को विचार कर ही करेंगे परन्तु फिर भी दिन के मध्यान तक प्रत्येक कार्य में विघ्न आएंगे।

वृष-आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा परन्तु अत्यंत खर्चीला भी रहेगा। आज कुछ दिन से चली आ रही गृहस्थ की समस्याओं से निजात मिलने से शारीरिक एवं मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे।

मिथुन-आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा फिर भी आपका मन मौजी व्यवहार अन्य लोगो के लिये मुश्किलें बढ़ाएगा।

कर्क-आज का दिन आपके लिए हर प्रकार से लाभदायी रहेगा। आज सेहत उत्तम रहने से प्रत्येक कार्य उत्साह के साथ करेंगे ।

सिंह-आज का दिन आपके लिए कार्य सिद्धि दायक रहेगा। आज आपको प्रत्येक कार्य भर जैसा लगेगा लेकिन एक बार आरम्भ करने पर इससे आशाजनक फल प्राप्त होगा।

कन्या-आज का दिन आपके लिए मिश्रित फलदायी रहेगा। वैसे तो आज आप धर्म कर्म के प्रति निष्ठावान रहेंगे ।

तुला-आज का दिन आपके लिए थोड़ा उतार चढ़ाव से भरा रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में आपके सब कार्य व्यवहार कुशलता के बल पर सरलता से पूर्ण होंगे।

वृश्चिक-ाज का दिन आपको लंबे समय तक याद रखने वाली स्मृतियां देकर जाएगा।

धनु-आज का दिन आपके लिए बीते दिनों की अपेक्षा राहत भरा रहेगा। कुछ दिनों से चल रही शारीरिक एवं पारिवारिक समस्या आज भी मध्यान तक यथावत बानी रहेगी।

मकर-आज का दिन आपको मिला-जुला फल देगा। प्रातः काल का समय किसी के पुराने मतभेद सुलझाने में व्यतीत होगों।

कुंभ-आपको आज का दिन भी धैर्य से बिताने की सलाह है। कार्य में असफलता अथवा किसी व्यक्ति विशेष के कारण आज आवेश से भरे रह सकते है विशेषकर कार्य क्षेत्र पर सहयोगियों का विपरीत व्यवहार परेशान करेगा।

मीन-आज का दिन आपको शुभ फल की प्राप्ति कराएगा। स्वभाव से आप मनमौजी ही रहेंगे फिर भी आज मध्यान बाद तक सभी से सम्बन्ध मधुर रहेंगे तथा किसी स्वजनं द्वारा लाभ भी हो सकता है। व्यापर नौकरी में भी मामूली उलझनों के बाद अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। लेकिन आज अधिकारी वर्ग से सतर्क रहना पड़ेगा।व्यवसायी वर्ग को संध्या तक रुक रुक कर लाभ होगा। आज किसी प्रिय व्यक्ति से भेंट आनंद देगी। मध्यान पश्चात परिजनों के साथ पर्यटन पर जा सकते है। संध्या के आस पास का समय विशेष खर्चीला सिद्ध होगा। यात्रा में हानि का डर है सतर्क रहें।

QUIZ TIME

1) जंजीरा किला अरब सागर में स्थित एक छोटे से द्वीप पर किस राज्य के तट पर स्थित है?

2) भारत में नहरों का सबसे बड़ा जाल किस सुल्तान ने बनवाया था?

3) प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 कितने बच्चों को दिए गए?

4) हरिवल्लभ संगीत सम्मेलन का 150वां संस्करण कहाँ आयोजित हुआ?

5) हाल ही में दिवंगत बिस्व बंधु सेन किस राज्य की विधानसभा के स्पीकर थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) महाराष्ट्र (2) फिरोजशाह तुगलक (3) 20 (4) जालंधर (5) त्रिपुरा

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -276

9 चिट्टा तस्कर गिरफ्तार : 52 ग्राम चिट्टा, कार, मोबाइल के साथ 9 लाख नगद जब्त

भिलाई/नवप्रदेश। नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन विश्वास के अंतर्गत जामुल और खुर्सीपार थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग स्थानों पर चिट्टा तस्करी के संगठित नेटवर्क का खुलासा किया गया है। पुलिस ने कुल 51.73 ग्राम सिंथेटिक हिरोइन (चिट्टा), 281.85 ग्राम डोडा चूरा, एक स्विफ्ट कार, 9 मोबाइल फोन और 8 लाख 91 हजार 700 रुपये नगद जब्त किए हैं। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत करीब 24 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ढांचा भवन कुरूद निवासी एक महिला अपने पुत्र किशन सिंह के साथ पंजाब से चिट्टा मंगवाकर बेच रही है। पुलिस ने महिला के निवास पर दबिश दी। यहां से कुल 33.360 ग्राम चिट्टा और डोडा चूरा बरामद किया गया। पूछताछ में महिला ने स्वीकार किया कि वह पंजाब से चिट्टा मंगवाकर 20 हजार रुपये प्रति ग्राम की दर से बिक्री करती थी। चिट्टा ग्राहकों तक पहुंचाने का कार्य उसका पुत्र किशन सिंह करता था। महिला की निशानदेही पर चिट्टा बिक्री से मिले 8 लाख 90 हजार 400 रुपये भी जब्त किए गए।

खुर्सीपार थाना क्षेत्र अंतर्गत मिनी स्टेडियम सुलभ परिसर के पास पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में मिथिलेश पाठक और परमेश्वर ठाकुर उर्फ पिंटू डेफिनेट को पकड़कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान दोनों के पास करीब 8 ग्राम और 6 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने पंजाब से चिट्टा लाकर स्थानीय स्तर पर बिक्री करना शुरू किया है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने दीपक गुप्ता, निहाल राय, लोकेश अवस्थी, रणदीप सिंह और अल्ताफ कुरैशी से भी चिट्टा बरामद किया। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि गिरोह भिलाई के विभिन्न इलाकों में चिट्टा सप्लाई कर रहा था। इस मामले में अन्य संलिप्त आरोपियों की तलाश चल रही है।

सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में किशन सिंह (25 वर्ष) जोन-3 खुर्सीपार, मिथिलेश पाठक (43 वर्ष) जोन-3 खुर्सीपार, परमेश्वर ठाकुर उर्फ पिंटू डेफिनेट (25 वर्ष) जोन-3 खुर्सीपार, दीपक कुमार (36 वर्ष) इंदिरा चौक खुर्सीपार, निहाल राय (19 वर्ष) सेक्टर-1 भिलाई भट्ठी, लोकेश अवस्थी (21 वर्ष) देवार मोहल्ला खुर्सीपार, मोहम्मद अल्ताफ (24 वर्ष), केनाल रोड खुर्सीपार, रणदीप सिंह (23 वर्ष) मशाल चौक न्यू खुर्सीपार व एक महिला आरोपी शामिल हैं।

मोटर पम्प खरीदी टेंडर प्रक्रिया में लेटलतीफी, महापौर अल्का ने जताई नाराजगी

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर में पानी सप्लाई व्यवस्था को लेकर आज महापौर अलका बाघमार ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर अफसरों की क्लास ली। 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट व इंटकवेल में मोटरपम्प खरीदी की टेंडर प्रक्रिया में लेटलतीफी पर महापौर ने नाराजगी जाहिर की। महापौर ने कहा कि यह प्रक्रिया जल्द पूरी होनी चाहिये। महापौर अलका बाघमार ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के पहले पानी सप्लाई से जुड़ी सभी तकनीकी खामियों को दूर करने कहा। जलकार्य प्रभारी लीना देवांगन ने इंदौर में दूषित पानी पीने के कारण अनेक लोगों की मृत्यु की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि पाइपलाइन में लीकेज को तत्काल दुरुस्त किया जाए। महापौर ने सभी नाले और नाली के किनारे बिछी पाइपलाइन को निरंतर चेक करने के सख्त निर्देश दिये। लीकेज की शिकायत मिलने पर तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। महापौर ने शहर के कई वार्डो में पानी का प्रेशर कम होने की शिकायत दूर करने कहा। मालवीय नगर में शंकर नाला के बगल में बिछे पाइपलाइन में लीकेज की मरम्मत करने के निर्देश दिये। पानी सप्लाई के लिये टैंकरों की मरम्मत कराने के निर्देश भी दिये गए।

न्यूज गैलरी

सड़क सुरक्षा पर उच्च स्तरीय बैठक आज

दुर्ग। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष व पूर्व न्यायमूर्ति (सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया) अभय मनोहर सप्रे के छत्तीसगढ़ आगमन और दुर्ग प्रवास के दौरान 3 जनवरी को सड़क सुरक्षा संबंधी विषयों पर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक सुबह 11.30 बजे लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में होगी। सड़क सुरक्षा से जुड़ी लीड एजेंसी के पदाधिकारियों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। बैठक में दुर्ग व भिलाई क्षेत्र के सभी पेट्रोल पंप संचालकों के साथ-साथ जिले के समस्त शासकीय व निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यों को निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान दुर्ग संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक रेंज, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, लोक निर्माण विभाग, एनएचएआई, एनएच, स्वास्थ्य, शिक्षा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) व परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहकर सड़क सुरक्षा के मानकों और विभागीय क्रियान्वयन पर चर्चा करेंगे।

4 बदमाशों ने धारदार हथियार से युवक पर किया जानलेवा हमला

भिलाई। खुर्सीपार थाना क्षेत्र में नए साल की रात गुटखा लेने घर से निकले एक युवक पर चार बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया। धारदार हथियार और डंडे से किये गए हमले में युवक सुधीर कोसले (22) गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी सुधीर ओम वायर कंपनी में मजदूरी करता है। 1 जनवरी की रात करीब 1:15 बजे गुटखा लेने जा रहा था। सिंह आटा चक्की के पास आयुष और जीत नामक दो युवक बाइक से आए। आरोपियों ने सुधीर से गोल्डी नामक व्यक्ति के बारे में पूछा। सुधीर ने उसे पहचानने से इनकार किया। कुछ देर बाद रोहण और सागर भी मौके पर पहुंचे। चारों ने मिलकर सुधीर पर हमला कर दिया।

कार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर : मौत

जामुल। सड़क हादसे में घायल 79 वर्षीय बुजुर्ग एम. मुन्नु स्वामी (79) की इलाज के दौरान मौत हो गई। एक सप्ताह पहले तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हादसे में बुजुर्ग के सिर में अंदरूनी चोटें आईं और दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सेक्टर-9 भिलाई में भर्ती कराया । लगभग 5 दिनों तक चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। मृतक एम मुन्नू स्वामी हाउसिंग बोर्ड के निवासी थे।

रेलवे स्टेशन में सर्च ऑपरेशन, चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद

दुर्ग। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज रामगोपाल गर्ग द्वारा सशक्त ऐप का पब्लिक मॉड्यूल लॉच किया गया है। दुर्ग पुलिस ने रेलवे स्टेशन दुर्ग क्षेत्र में सशक्त ऐप के माध्यम से सघन सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी अभियान के दौरान विभिन्न थानों में पंजीबद्ध मामलों से संबंधित चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। एक वाहन दुर्ग से और दूसरा वाहन जिला मुंगेली से चोरी होना पाया गया। रेलवे स्टेशन परिसर में उपस्थित पार्किंग संचालकों और ऑटो रिक्शा चालकों को सशक्त एप्लिकेशन के उपयोग की जानकारी दी गई। चोरी के वाहनों की पहचान, सूचना देने और पुलिस से त्वरित समन्वय की प्रक्रिया समझाई गई। सर्च ऑपरेशन डॉ. संकल्प राय (उप निरीक्षक) के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और भारतीय ज्ञान प्रणाली के एकीकरण विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन

भारतीय ज्ञान परम्परा अतीत ही नहीं, वर्तमान और भविष्य की मार्गदर्शक : उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा

■ **भावी पीढ़ी को आधुनिकता के साथ भारतीय संस्कृति से जोड़ना है : तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब**

दुर्ग/नवप्रदेश। साइंस कॉलेज में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा और कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने आज दो दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और भारतीय ज्ञान प्रणाली का एकीकरण - एक समग्र शैक्षिक परिकल्पना विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 भारतीय सभ्यता और संस्कृति की महान परम्परा का प्रतिनिधित्व करती है। यह नीति केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि जीवन जीने की समग्र और समर्थ शैली प्रस्तुत करती है। भारतीय ज्ञान परम्परा वेद, उपनिषद, महाभारत, आयुर्वेद, गणित, योग, दर्शन, पुराण, ज्योतिष और खगोल शास्त्र जैसी विविध विधाओं में निहित है। उन्होंने कहा कि भारतीय परम्परा का मूल आधार अध्यात्म, नैतिकता और व्यवहारिकता है। आधुनिक युग में पाश्चात्य प्रभाव के कारण भारतीय ज्ञान परम्परा का महत्व कुछ हद तक कम हुआ है। अब इसके संरक्षण और संवर्धन की पुनः आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय ज्ञान प्रणाली के पुनरुत्थान पर विशेष बल दिया गया है।

कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि यह नीति हम सभी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने वाली पीढ़ी को आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परम्परा, इतिहास और संस्कृति से जोड़ना है। इसके लिए विभाग लगातार इस दिशा में प्रयासरत है और निश्चित रूप से भविष्य में भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में यह नीति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय सचिव, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास (नई दिल्ली) डॉ. अतुल कोठारी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का गहन अध्ययन कर उसका प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। यह तभी संभव है, जब सभी विद्वानों मिलकर इस नीति को धरातल पर उतारने के लिए सामूहिक रूप से कार्य करें। इस अवसर पर गुरू घासीदास केन्द्रीय वि.वि. बिलासपुर के कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग संतोष देवांगन, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर प्रो. एडीएन वाजपेई, पंडित सुंदर लाल शर्मा विश्वविद्यालय बिलासपुर प्रो. विरेन्द्र कुमार सारस्वत, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई डॉ.अरूण अरोरा, क्षेत्रीय अपर संचालक सहित राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नोडल, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अधिकारी व बड़ी संख्या में सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थे।

टाउनशिप में अवैध होर्डिंग्स हटाने चलेगा विशेष अभियान

भिलाई/नवप्रदेश। टाउनशिप क्षेत्र में सड़क सुरक्षा, यातायात सुगमता और शहरी स्वच्छता को सुदृढ़ करने बीएसपी प्रबंधन द्वारा अनाधिकृत होर्डिंग्स व प्रचार सामग्रियों को हटाने के लिये विशेष अभियान चलाया जाएगा। जनवरी 2026 के प्रथम पखवाड़े में टाउनशिप के प्रमुख मार्गों, सड़क किनारों और चौराहों के आसपास अनाधिकृत होर्डिंग्स हटाने की विशेष कार्रवाई की जाएगी। अभियान के अंतर्गत रोड किनारे व चौक-चौराहों पर स्थापित अनाधिकृत बैनर, पोस्टर, होर्डिंग्स और उनसे उत्पन्न अपशिष्ट सामग्रियों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। बीएसपी प्रबंधन द्वारा संबंधित सभी संस्थाओं, संगठनों और राजनीतिक-सामाजिक संगठनों से अपील की गई है कि किसी भी प्रकार की अनाधिकृत प्रचार सामग्री इन क्षेत्रों में लगाई गई है, तो स्वेच्छा से तत्काल हटा लें, ताकि उनकी सामग्री को संभावित क्षति से बचाया जा सके।

निर्धारित अवधि के बाद प्रवर्तन दल, पुलिस टीम और नगर निगम की संयुक्त टीम विशेष अभियान चलाकर अनाधिकृत सामग्री को हटाने की कार्रवाई करेगी। प्रबंधन ने आम नागरिकों से दोबारा अपील की है कि बिना पूर्व अनुमति टाउनशिप में किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री न लगाएं और नगर की स्वच्छता, सुरक्षा और सुव्यवस्थित शहरी व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें।

शहर की सफाई व्यवस्था का आयुक्त ने किया निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज सुबह अधिकारियों के साथ शहर के विभिन्न वार्डों में सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। वार्ड 31 और 32 में सुबह से निरीक्षण करते हुए आयुक्त ने सफाई का काम पूरी जिम्मेदारी से करने कहा। शनीचरी बाजार बीजेपी कार्यालय के पास बनी दुकानों के दस्तावेजों की जांच करने के निर्देश भी दिये गए। कंकालीन मंदिर के पास मार्ग क्षतिग्रस्त होने पर पैच रिपेयर करने कहा। पांच कंडील चौक पर राम मंदिर के पास मवेशियों को हटाने के निर्देश दिए गए। शिक्षक नगर की निर्माणाधीन टंकी का निरीक्षण करते हुए कार्य में तेजी लाने मजदूर बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान कुछ स्थानों पर गंदगी, कचरा एकत्र होने और समय पर उठाव न होने की शिकायतें मिलीं। आयुक्त ने कर्मचारियों को तुरंत कार्रवाई करने और निर्धारित समय पर सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उप अभियंता विनोद मांझी, हरिशंकर साहू, मोहित मरकाम आदि उपस्थित थे।

जनदर्शन : निगम ने नाली से हटाया अवैध निर्माण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज शिकायत के आधार पर हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी के सामने मुख्य मार्ग में नाली के ऊपर किये गए ढलाई को जेसीबी से हटा दिया गया है। यहां ईंट-पत्थर डालकर नाली को जाम किया गया था, जिससे नाली सफाई में समस्या आ रही थी।

आयुक्त के निर्देश पर जोन-2 और 3 के राजस्व टीम द्वारा अवैध ढलाई को जेसीबी से हटाया गया। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी शंकर साहनी स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह अनिल शुक्ला, कृष्ण कुमार सुपैत, मदनमोहन तिवारी, समीर अहमद, कार्तिक उपस्थित रहे।

वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने शंकरा महाविद्यालय में शिविर

भिलाई/नवप्रदेश। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में 1 जनवरी 2026 से 1 अक्टूबर 2026 तक की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं के लिए मतदाता सूची में नाम जुड़वाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महाविद्यालय में मतदाता सूची में नाम जोड़ने 10 जनवरी तक शिविर लगेगा।

महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित आसपास के नागरिक भी नाम जुड़वा सकते हैं। विशेष शिविर की अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय के स्वीप नोडल अधिकारी ठाकुर देवराज सिंह (मोबाइल नं. 9827975871) से सम्पर्क किया जा सकता है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

रुंगटा यूनिवर्सिटी में संबंधों में मधुरता पर प्रेरक व्याख्यान

भिलाई। जो भी करो मजे से करो, जीने के चक्कर में जीना ही गायब हो गया है। अपेक्षाएं ही दुख का मूल कारण हैं। इन बातों के साथ रुंगटा इंटरनेशनल स्किल्स यूनिवर्सिटी में आयोजित व्याख्यान की शुरुआत की गई। विश्व ब्रह्माकुमारी संस्था से जुड़े अतिथि वक्ता ईवी गिरीश ने संबंधों में मधुरता विषय पर विश्वविद्यालय के फैकल्टी सदस्यों, स्टाफ और छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों की मुस्कान बहुत प्यारी और निश्छल होती है क्योंकि वे दिल से सच्चे होते हैं। जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, दुनिया की अपेक्षा, चिंताए और प्रतिस्पर्धा उसकी सच्ची मुस्कान छीन लेती हैं। उन्होंने बताया कि युवा अवस्था तक पहुंचते-पहुंचते इतनी अपेक्षाएं घेर लेती हैं कि बचपन की सौम्य और सच्ची मुस्कान कहीं खो जाती है। इसी कारण आज रिश्तों में तनाव और जीवन में असंतुलन देखने को मिलती है।

प्रो. गिरीश ने कहा कि सजगता, ध्यान और सकारात्मक संकल्पों के माध्यम से संबंधों और कर्मों में मधुरता विकसित की जा सकती है। उन्होंने 26/11 के मुंबई ताज होटल आतंकी हमले का उदाहरण देते हुए वहां के कर्मचारियों की सेवा-भावना और मानवीय संवेदनशीलता की सराहना की और इसे संबंधों में मधुरता का जीवंत उदाहरण बताया। आज के समय में व्यक्तिगत और व्यावसायिक जीवन में संतुलन बनाकर एक बेहतर जीवनशैली अपनाने की जरूरत है। हम अक्सर जीवन की समस्याओं को वास्तविकता से अधिक बड़ा मान लेते हैं, जिससे समाधान का मार्ग कठिन हो जाता है। अहंकार को जीवन का सबसे बड़ा रोड ब्लॉकेज बताते हुए उन्होंने इससे मुक्त होकर सरल, सहयोगी और प्रेमपूर्ण व्यवहार अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में रुंगटा यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति संतोष रूंगटा के साथ फैकल्टी और छात्रों ने व्याख्यान को प्रेरणादायक बताते हुए आभार व्यक्त किया।

दुर्ग शहर भाजपा के 3 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित

दुर्ग/नवप्रदेश। भाजपा दुर्ग जिला संगठन के अंतर्गत दुर्ग शहर विधानसभा के सदर गौरव पथ, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सिकोला भाटा पटरी मंडल मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।

मंडल अध्यक्ष महेंद्र लोढ़ा ने सदर गौरव पथ की कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें मंडल उपाध्यक्ष मोहन बागुल, कुलेश्वर साहू, बसंती गायकवाड, पूनम यादव, महामंत्री राकेश दुग्गड, राहुल सोनकर, मंत्री पदमा देवांगन, कुंदन साहू, सोनिया सोनी, कोषाध्यक्ष पंकज बरडिया, सह कोषाध्यक्ष पंकज खारिया, कार्यालय मंत्री प्रेम जैन, सह कार्यालय मंत्री हेमंत नेमा, मीडिया प्रभारी ईश्वर देवांगन, मीडिया सह प्रभारी भावेश अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी देव वर्मा, सह प्रभारी अमन गौतम, आईटी सेल प्रभारी हुम्मन देशमुख सह प्रभारी संजय नामदेव शामिल हैं। मंडल अध्यक्ष हरीश चौहान ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मध्य मंडल की कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें मंडल उपाध्यक्ष संदीप भाटिया रोशनी साहू, रेखा चंद्राकर, रमणीक मेघनानी, महामंत्री वीरेंद्र तन्ना, महेश देवांगन, मंत्री राजेश शुक्ला, श्रद्धा सोनी, गिरीश यादव, वर्षा वर्मा, कोषाध्यक्ष कुणाल मेश्राम, सह कोषाध्यक्ष मन्नू दुबे, कार्यालय मंत्री शंकर यादव, सह कार्यालय मंत्री कमल सोनी, मीडिया प्रभारी ओम प्रकाश सोनी, मीडिया सह प्रभारी अनिल जैन, सोशल मीडिया प्रभारी श्वेता सिंह, सह प्रभारी सूर्य साहू, आईटी सेल प्रभारी अमित कुमार अग्ने, सह प्रभारी वीरेंद्र ठाकुर शामिल हैं।

मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने सिकोला भाटा पटरी पार मंडल की कार्यकारिणी घोषित की है, जिसमें मंडल उपाध्यक्ष बलराम यादव, अंजू यादव, योगेश अग्रवाल, भोला गंधर्व, महामंत्री मौसमी ताम्रकार, मन्नू साहू, मंत्री ममता गुरुंग, विजय बनोठे, अभिषेक सिंह, प्रभा ठाकुर, कोषाध्यक्ष यशवंत चंद्राकर, सह कोषाध्यक्ष राहुल साहू, कार्यालय मंत्री प्रवीण सेन, सह कार्यालय मंत्री सिरपति यादव, मीडिया प्रभारी धनंजय ठाकुर, मीडिया सह प्रभारी मंगेश भोकरे, सोशल मीडिया प्रभारी गुलाब निर्मलकर, सह प्रभारी यश सिंह, आईटी सेल प्रभारी दीपक सिंह राजपूत, सह प्रभारी राकेश सारथी शामिल हैं।

शोभायात्रा के साथ भागवत कथा का समापन

कुम्हारी/नवप्रदेश। शांति नगर वार्ड 8 में राधे राधे महिला समिति द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण के सातवें दिन कथा वाचक भागवताचार्य पंडित रोशन द्विवेदी ने सभी की खुशी और निरोग रहने के लिए भगवान से स्तुति की। सुदामा चरित्र की कथा और भगवान के स्वधाम गमन की कथा के साथ-साथ परीक्षित मोक्ष की कथा का रसपान कराया। समाज को हिन्दू सनातन धर्म के प्रति एक रहने और धर्म के नित नए आयोजन करते रहने के लिए प्रेरित किया। पंडित रोशन द्विवेदी की कथा से प्रभावित होकर 21 नए सदस्यों ने अपना नाम दर्ज कराया। इस तरह राधे राधे महिला परिवार में सदस्यों की कुल संख्या 96 हो गई है। अंत में प्रसादी वितरण के साथ कुम्हारी नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। अपने अपने द्वार पर लोगों ने महाराज और भागवत भगवान की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान नगर पालिका कुम्हारी अध्यक्ष मीना वर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, वार्ड 9 पार्षद लेखराम साहू, कुंदन सिंह राजपूत, बल्ला राजपूत, खिलावन निषाद, पं. राजेंद्र द्विवेदी, पवन राजपूत, राधेश्याम मिश्रा व राधे राधे महिला समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

श्री श्याम बाबा मंदिर प्रतिष्ठा का वार्षिक महोत्सव आज से

दुर्ग/नवप्रदेश। श्री श्याम बाबा मंदिर प्रतिष्ठा का वार्षिक महोत्सव 3 और 4 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। लगातार वर्ष भर श्याम मंदिर में उमड़ रहे भक्तों के सैलाब को देखकर इस बार व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। श्री श्याम मंदिर समिति के प्रमुख ट्रस्टी किशोरी लाल सिंघानिया और अध्यक्ष रामफल शर्मा ने बताया कि मंदिर स्थापना का 15 वां वर्ष है। इस अवसर पर अखंड ज्योति, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, बाबा का भव्य दरबार और स्वामनी प्रसादी का आयोजन हो रहा है। रविवार 4 जनवरी को सुबह 10 बजे वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा वृंदावन की रासलीला और झांकी की प्रस्तुति की जाएगी।

शनिवार 3 जनवरी को सुबह 8 बजे कादंबरी नगर स्थित दीपक बंसल के निवास से निशान यात्रा निकलेगी। भ्रमण करते हुए यात्रा श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। श्री श्याम महोत्सव में दिन भर विभिन्न आयोजनों के बाद संध्या 7 बजे से विराट भजन संध्या में प्रख्यात भजन गायक लखनऊ की अनुष्का मिश्रा और दिल्ली के पंकज सोनी अपनी मधुर वाणी से भजनों का रसपान कराएंगे। इसके बाद श्री श्याम रसोई की भी व्यवस्था की गई है।

रविवार 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से वृंदावन की रासलीला और सवामणि प्रसादी का भोग लगना शुरू हो जाएगा। इस बार बाबा के दरबार में सवामणि लगाने वालों में पूरे देश भर से 300 से भी ज्यादा लोग शामिल हैं। विगत एक माह से नंदलाल राजगढ़िया, नारायण खेतान, हरीश अग्रवाल, मुरारी सिंघानिया, विमल खेतान आदि की देखरेख में व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है। सवामणि प्रसादी और श्याम रसोई के लिए राजस्थान से रसोइयों को बुलाया गया है। किशोरी लाल सिंघानिया और रामफल शर्मा ने सभी श्याम प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

■ न्यूज गैलरी

खैरागढ़ की मयूरी सिंह बनीं युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव

खैरागढ़/नवप्रदेश। कांग्रेस संगठन में महिला नेतृत्व को और अधिक सशक्त करने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए पार्टी अध्यक्ष ने ऑल इंडिया महिला कांग्रेस के महासचिव, सचिव एवं राष्ट्रीय संयोजक पदों पर की गई नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से मंजूरी दे दी है। इस संगठनात्मक विस्तार में छत्तीसगढ़ के खैरागढ़ को भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व मिला है। खैरागढ़ राज परिवार निवासी मयूरी सिंह को ऑल इंडिया महिला कांग्रेस का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है।

एकीकृत किसान पोर्टल से जुड़ी समस्याओं का 7 जनवरी तक होगा निराकरण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से पंजीयन एवं सत्यापन की प्रक्रिया संचालित की जा रही है। किसानों द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन से संबंधित संशोधन एवं आवेदन किए गए हैं। किसानों को समयबद्ध लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रक्रिया सुचारू रूप से जारी है।राज्य शासन द्वारा प्राप्त आवेदनों के परीक्षण के उपरांत 7 जनवरी 2026 तक संबंधित राजस्व विभाग एवं अन्य अधिकृत विभागों के अधिकारियों एवं पटवारियों को भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है। जिससे पात्र किसानों को योजना का लाभ बिना विलंब के प्रदान किया जा सकेगा। जिले के समस्त एसडीएम एवं तहसीलदारों को व्हीसी के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान कर आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया है। साथ ही किसानों से सत्यापन प्रक्रिया में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों के हित में पारदर्शी, तकनीक आधारित और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

राज्य स्तरीय दृष्टि बाधित दिव्यांगजन समारोह आज से

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव में सर लुई ब्रेल की जयंती के अवसर पर 3 एवं 4 जनवरी को राज्य स्तरीय दृष्टि बाधित दिव्यांगजन समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दृष्टि बाधित विकास संघ, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में महेश्वरी भवन, राजनांदगांव में संपन्न होगा।इस दो दिवसीय आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 200 से अधिक दृष्टि बाधित दिव्यांगजन सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य दृष्टिबाधित के दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, प्रतिभा प्रदर्शन एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। इस आयोजन को सफल बनाने में अनेक समाजसेवियों एवं सामाजिक संगठनों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।

नए वर्ष पर स्टेट बैंक की पहल छात्राओं को वितरित की गई साइकिल

कवर्धा / नवप्रदेश। नववर्ष के शुभ अवसर पर स्टेट बैंक द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वामी करपात्री जी हायर सेकेंडरी स्कूल कवर्धा में 10 साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। साइकिल वितरण का उद्देश्य विशेष रूप से छात्राओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करना, उनकी नियमित विद्यालय उपस्थिति सुनिश्चित करना तथा आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। यह पहल बालिकाओं की शक्ति को सुदृढ़ करने, उनमें उत्साह जगाने और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने स्टेट बैंक की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे प्रयास समाज को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया। इस अवसर पर सभी ने नववर्ष की शुभकामनाएँ देते हुए यह संदेश दिया कि जब हम बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करते हैं, तो हम पूरे समाज को आगे ले जाते हैं।

कबीरधाम जिले में पिछले वर्ष की तुलना में अपराधों पर आई 10 प्रतिशत की कमी

कवर्धा / नवप्रदेश। कबीरधाम जिले में पिछले वर्ष की तुलना में अपराधों पर आज लगभग 10 प्रतिशत की कमी देखी गई ।

वर्ष 2025 में नक्सल नियंत्रण एवं उन्मूलन में सफलता प्राप्त हुई; कुल 4 इनामी नक्सलियों द्वारा आत्मसमर्पण कर शांति और समाज की मुख्यधारा में लौटे। साथ ही जिले में सक्रिय बोड़ला एरिया कमेटी, भोरमदेव एरिया कमेटी और कान्हाङ्कभोरमदेव डिवीजन को समाप्त कर कबीरधाम जिले को नक्सल-मुक्त घोषित किया गया।

महिला सुरक्षा एवं महिला अपराध नियंत्रण को सुदृढ़ करने हेतु वर्ष 2025 में महिला थाना का उद्घाटन किया गया, जिससे महिलाओं के प्रति अपराधों की त्वरित रिपोर्टिंग, प्रभावी जांच और संवेदनशील मामलों में उचित कार्रवाई सुनिश्चित हुई।

नवरात्रि पर्व के दौरना कवर्धा में आयोजित खप्पर यात्रा, जन्माष्टमी पर राधा-कृष्ण मंदिर में दर्शन व्यवस्था एवं दही हांडी कार्यक्रम, गणेश पर्व के स्थापना एवं विसर्जन सहित सभी आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराए गए।

नवरात्रि, दशहरा, दीपावली, होली, ईद सहित सभी प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक पर्वों के दौरान अतिरिक्त बल की तैनाती, निरंतर पेट्रोलिंग एवं प्रभावी यातायात प्रबंधन के चलते जिले में सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा।

कबीरधाम पुलिस द्वारा वर्ष 2025 में कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण तथा जनसुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए सुनियोजित, सतत एवं प्रभावी पुलिसिंग की गई। जिले के समस्त शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार गश्त, क्षेत्रवार निगरानी, त्वरित प्रतिक्रिया व्यवस्था तथा खुफिया सूचनाओं के आधार पर अपराध नियंत्रण को लेकर निरंतर सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। अपराधियों पर सतत निगरानी, संदिग्धों की धरपकड़, त्वरित विवेचना एवं वैधानिक कार्यवाही के परिणामस्वरूप जिले में अपराधों पर प्रभावी अंकुश स्थापित हुआ। इन प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम यह रहा कि वर्ष 2025 में जिले के समग्र अपराधों में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 10 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई, जिससे जिले में शांति एवं सुरक्षा का माहौल और अधिक सुदृढ़ हुआ।

इन प्रभावी अपराध नियंत्रण उपायों के साथ-साथ पूरे वर्ष जिले में कानून-व्यवस्था की स्थिति भी मजबूत एवं नियंत्रण में बनी रही तथा किसी भी प्रकार की गंभीर कानून-व्यवस्था संबंधी घटना घटित नहीं होने दी गई। वर्ष 2025 के दौरान नवरात्रि (दोनों नवरात्रि) के अवसर पर आयोजित खप्पर यात्रा के दौरान विशेष सुरक्षा व्यवस्था, मार्ग सुरक्षा, यातायात प्रबंधन एवं सतत निगरानी सुनिश्चित की गई, जिससे यात्रा पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

इसी अवधि में कबीरधाम पुलिस द्वारा नक्सल नियंत्रण एवं उन्मूलन की दिशा में भी ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की गई है। प्रभावी सुरक्षा रणनीति, सतत निगरानी, खुफिया सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई, जनजागरूकता एवं विश्वास निर्माण के प्रयासों के परिणामस्वरूप जिले में नक्सल गतिविधियों पर पूर्णतः प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया गया।

कृषक मनभौतिन बाई निषाद एवं माखन निषाद को प्राकृतिक खेती से मिला फायदा ही फायदा

जिले में जैविक खेती की ओर किसानों का बढ़ा रूझान

■ **राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत राजनांदगांव विकासखंड के 150 हेक्टेयर क्षेत्र में कलस्टर तैयार कर किसानों को जैविक खेती करने के लिए किया गया प्रोत्साहित**

राजनांदगांव /न व प्रदेश। जिले में जैविक खेती की ओर किसानों का रूझान बढ़ रहा है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन से किसानों को प्रोत्साहन मिला है। राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत वर्ष 2025 में राजनांदगांव विकासखंड के 150 हेक्टेयर क्षेत्र में कलस्टर तैयार कर कृषकों को रसायन मुक्त खेती करने की दिशा में प्रेरित हुए। मिशन के तहत ग्राम मोखला के प्रगति महिला स्वसहायता समूह के कृषकों को जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत, दशपर्णी अर्क सहित अन्य प्राकृतिक उत्पाद बनाने एवं फसलों की अवस्था अनुसार उपयोग करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम मोखला की 68 वर्षीय कृषक श्रीमती मनभौतिन बाई निषाद एवं उनके 72 वर्षीय पति कृषक श्री माखन निषाद ने प्राकृतिक खेती के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया।

रसायन मुक्त खेती करने का विचार आया

राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला में 68 वर्षीय कृषक श्रीमती मनभौतिन बाई निषाद एवं उनके 72 वर्षीय पति कृषक श्री माखन निषाद शिवनाथ नदी तट पर निवास करते हैं। उनके पास स्वयं की 1.17 एकड़ कृषि भूमि एवं 1.17 एकड़ कृषि भूमि लीज पर लेकर कुल 2.34 एकड़ कृषि भूमि पर धान एवं उद्यानिकी खेती करते थे। जिससे उन्हें 50 से 60 हजार रूपए सालाना आय हो जाती थी। कृषक श्रीमती मनभौतिन बाई निषाद ने बताया कि उद्यानिकी खेती में गैरजरूरी रसायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के लगातार छिड़काव कर रहे थे। इन फसलों के सेवन से लोग बीमार पड़ते थे। यह देखकर मन में रसायन मुक्त खेती करने का विचार आया और प्राकृतिक कृषि पद्धति से खेती कार्य की शुरूआत की। उन्होंने बताया कि रसायनिक पद्धति से खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती करने में शुरूआत में चुनौतियों एवं समस्याओं का सामना करना पड़ा। प्राकृतिक खेती के लिए प्राकृतिक उत्पाद तैयार करने के संबंध में जानकारी का अभाव था।

कृषक श्रीमती मनभौतिन बाई निषाद ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद रासायनिक खादों और कीटनाशकों पर निर्भरता खत्म हो गई। जिससे उत्पादन लागत काफी कम हो गई। रासायनिक खेती करने से प्रति एकड़ 20 से 22 हजार रूपए खर्च होता था, जबकि प्राकृतिक उत्पाद जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र के निर्माण में लागत के नाम पर बेसन, गुड़ तथा मट्ठा, अन्य केवल घरेलू सामग्री का खर्च होता है।

अन्य सामग्री देशी गाय का गोबर व गौमूत्र, मिट्टी, विभिन्न प्रकार के पत्ते आसानी से गांव में उपलब्ध हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती से मृदा पर प्राकृतिक उत्पादों के प्रभाव से खेती में लाभदायक केचुओं एवं अन्य सूक्ष्म जीवों की वृद्धि हुई है।

मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना

भूमिका को मिली स्कूटी और एक लाख रूपए की राशि

■ **भूमिका को कक्षा 10वीं में राज्य स्तर पर टॉप-10 में आने पर मिला लाभ, आगे अच्छी शिक्षा के लिए मिल रही मदद**

राजनांदगांव /नव प्रदेश। निर्माणी श्रमिक श्री मनोज साहू की बिटिया भूमिका साहू को 10वीं कक्षा में राज्य स्तर पर टॉप 10 में स्थान प्राप्त करने पर राज्य शासन की ओर से 1 लाख रूपए की प्रोत्साहन राशि एवं दो पहिया वाहन मिला है। आर्थिक रूप में कमजोर परिवार से संबंध रखने वाली भूमिका को आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए राज्य शासन की मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा प्रोत्साहन योजना मददगार बनी है। भूमिका ने बताया कि राजनांदगांव जिले के छुरिया विकासखंड के वनांचल ग्राम मातेखेड़ा में निवास करती है और शिक्षा भी स्थानीय शासकीय स्कूल में पढ़ाई कर रही है। उन्होंने बताया कि उनके पिता श्री मनोज साहू भवन निर्माण कार्य में मजदूरी का कार्य करते हैं। उनके पिता का छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में श्रमिक पंजीयन कार्ड बना हुआ है। भूमिका ने बताया कि उनके पिता मजदूरी कार्य करते है और शासन की योजना से प्रोत्साहन राशि मिलने से शिक्षा के लिए मदद मिली है। मेरे पिता के होने वाले व्यय का भार भी कम हुआ है। भूमिका ने 10वीं कक्षा में 97.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य स्तर की मेरिट सूची में 10वां स्थान प्राप्त की है।

प्रधानमंत्री आवास योजना से रामझुल गंधर्व का बना पक्का घर

■ **बरसात और असुरक्षा की चिंता से मिली मुक्ति**

कवर्धा / नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कबीरधाम जिले में पात्र हितग्राहियों को निरंतर आवास का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के माध्यम से जिले के अनेक परिवारों का पक्का आवास का सपना साकार हो रहा है और उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक एवं स्थायी आवास उपलब्ध हो रहा है। इसी योजना से लाभान्वित कबीरधाम जिले के ग्राम मझगांव के हितग्राही श्री रामझुल गंधर्व, पिता स्वर्गीय श्री लाला गंधर्व, ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास आज पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो चुका है।

श्री रामझुल गंधर्व ने बताया कि इससे पूर्व उनका आवास कच्चा था, जिसमें बरसात के दिनों में छप्पर से पानी टपकता था। साथ ही बंदर, साँप एवं बिच्छू जैसे जीव-जंतुओं का भय बना रहता था, जिससे परिवार को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्का घर बनने के बाद अब ये सभी समस्याएँ समाप्त हो गई हैं।

उन्होंने बताया कि अब वे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सुरक्षित एवं सुखद वातावरण में रह रहे हैं। परिवार की आजीविका मजदूरी पर निर्भर है, लेकिन पक्का आवास मिलने से उनका जीवन पहले की तुलना में कहीं अधिक स्थिर और सुरक्षित हो गया है।

श्री गंधर्व ने यह भी बताया कि उनके परिवार को सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है।

किराए की जमीन पर हो रही धान खरीदी परिवहन के अभाव में जगह की परेशानी

खरीदी हो सकती है बंद, सांकरा ज का किस्सा

बालोद / नवप्रदेश।। सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से जिले में चल रही धान खरीदी में परिवहन की धीमी चाल एक बड़ी समस्या बनकर उभर रही है। जिसके चलते सोसाइटी में धान रखने के लिए जगह नहीं बच पा रहे हैं तो वहीं धान बेचने के लिए अब एक महीने का ही समय शेष है। किसानों को भी चिंता सता रही है कि वे समय पर धान बेच पाएंगे या नहीं। इन समस्याओं के बीच एक नई समस्या बालोद ब्लाक के सबसे बड़े धान खरीदी केंद्र सांकरा ज में सामने आई है। जहां पर समिति की जमीन पर धान रखने के लिए जगह नहीं बचने के कारण किराए में जमीन लेकर खरीदी की जा रही है। सोसाइटी प्रबंधन के द्वारा सांकरा पंचायत की खाली जमीन को धान खरीदी के लिए अस्थाई तौर पर खरीदी केंद्र के रूप में बनाया गया है। बदले में 10 हजार रुपए किराया प्रबंधन द्वारा पंचायत को दिया जाना है। स्थिति यह है कि धीरे-धीरे किराए की जमीन पर भी धान की आवक बढ़ते क्रम पर है। ऐसे में जब यह जमीन भी भर जाएगी तो आगे कैसे व्यवस्था होगा, कुछ कह नहीं सकते। समिति प्रबंधन का कहना है कि अगर परिवहन में तेजी नहीं आई तो धान खरीदी बंद करनी पड़ सकती है। अभी भी कई किसान धान नहीं बेच पाए हैं। छोटे किसानों को भी काफी परेशानी हो रही है। उनका टोकन नहीं कट पा रहा है। बफर लिमिट से कहीं ज्यादा धान की खरीदी यहां भी हो चुकी है। पर परिवहन की सुस्त चाल बड़ी समस्या साबित हो रही है ।यहां के प्रबंधक मानिकपुरी ने बताया कि जगह नहीं होने के कारण सांकरा ज पंचायत से किराए पर जमीन लेकर धान खरीदी कर रहे हैं। परिवहन की गति धीमी है। उच्च अधिकारियों को समस्या से अवगत कराए हैं।

फैक्ट फ़ाइल

अब तक कुल धान खरीदी	48379 क्विंटल
परिवहन मिल में	4100 क्विंटल
परिवहन संग्रहण केंद्र में	1800 क्विंटल
सोसाइटी में परिवहन शेष	42479 क्विंटल
सोसाइटी की बफर लिमिट	8000 क्विंटल
समिति में पंजीकृत कुल किसान	1377
धान बेच चुके किसान	901
धान बेचने को शेष किसान	422

पेज 1 का शेष

तीसरे बजट की तैयारी...

के प्रस्ताव प्रस्तुत करेंगे। शाम 4 बजे वित्त मंत्री ओपी चौधरी स्वयं वित्त विभाग से जुड़े प्रस्तावों पर अंतिम निर्णय लेंगे।

डिप्टी सीएम साव-मंत्री राजवाड़े करेंगी चर्चा

8 जनवरी को उप मुख्यमंत्री अरुण साव के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, खेल एवं युवा कल्याण तथा नगरीय प्रशासन विभागों के बजट प्रस्तावों पर चर्चा होगी। इसके बाद दोपहर 2.30 बजे स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग और विधि-विधायी विभागों के प्रस्ताव रखे जाएंगे। 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा दोपहर 2 बजे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के गृह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास और आईटी विभागों के प्रस्तावों पर मंथन होगा।

भारत के विकास का ग्रोथ...

कार्य का विधिवत भूमिपूजन सम्पन्न किया गया। स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के तहत भोरमदेव मंदिर परिसर से मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुआ एवं सरोदा जलाशय तक एक सुव्यवस्थित एवं समग्र पर्यटन कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इस कॉरिडोर के निर्माण होने से जिले के प्रमुख धार्मिक एवं पुरातात्विक स्थलों को एक सशक्त पर्यटन श्रृंखला में जोड़ते हुए भोरमदेव को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाने में मील का पत्थर साबित होगी। उज्जैन और वाराणसी की तर्ज पर भोरमदेव कॉरिडोर का विकास किया जाएगा।

भोरमदेव कॉरिडोर विकास परियोजना का भूमिपूजन

छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायकविजय शर्मा ने नववर्ष के अवसर पर कबीरधाम जिले को बड़ी सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के आग्रह पर भोरमदेव से बोड़ला तक सड़क चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य की भी घोषणा की।

125 दिनों का रोजगार प्रदान

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भारत तेजी से विकसित राष्ट्र की ओर अग्रसर है। सड़कों, पुल-पुलियों एवं अन्य बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पेयजल, बिजली, डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण और रोजगार जैसी सुविधाएं गरीबों के घर-घर तक पहुंच रही हैं। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना में सकारात्मक बदलाव करते हुए अब 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों का रोजगार प्रदान किया जा रहा है। साथ ही रोजगार उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में हर्जाने की गारंटी भी इस योजना में शामिल की गई है। उन्होंने इसे 'मोदी की गारंटी' बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने कहा कि भोरमदेव मंदिर लगभग एक हजार वर्ष पुरानी ऐतिहासिक धरोहर है और इस कॉरिडोर निर्माण के माध्यम से आने वाले हजार वर्षों तक इसे संरक्षित रखने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्माण एजेंसियों एवं अधिकारियों से आग्रह किया कि 146 करोड़ रुपये की इस परियोजना में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए, क्योंकि यह कार्य धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा हुआ है।

छत्तीसगढ़ की परिकल्पना ...

की समाप्ति की दिशा में निर्णायक रूप से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे देश के नागरिकों में यह विश्वास मजबूत हुआ है कि भारत को कमजोर करने वाली किसी भी ताकत या षड्यंत्र को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के विरुद्ध लिए गए कठोर निर्णयों ने देश की सुरक्षा नीति को नई मजबूती प्रदान की है।

इंदौर में जहरीला पानी...

खरगोन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आकाश सिंह और आलीराजपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर सिंह को इंदौर नगर निगम का अपर आयुक्त बनाया गया है। इंदौर उप परिवहन आयुक्त आशीष कुमार पाठक को भी निगम में अपर आयुक्त पद पर नियुक्त किया गया है। इससे पहले, मध्य प्रदेश सरकार ने अपनी स्टेटस रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश कर दी, इसमें दूषित पानी से सिर्फ4 मौत होने की बात कही है। सरकार की रिपोर्ट तब आई है, जब मृतकों के परिजन और अस्पतालों के जरिए 15 मौतों की जानकारी सामने आ चुकी है। सभी को उल्टी-दस्त और पेट दर्द की शिकायत के बाद भर्ती कराया गया था। कुछ को बुखार भी था। इनमें 5 महीने के मासूम बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं।

हाईकोर्ट में अगली सुनवाई 6 जनवरी को

हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई की अगली तारीख 6 जनवरी तय की है। वहीं, इंटर विनर (हस्तक्षेप कर्ता) गोविंद सिंह बैस की ओर से मीडिया में रिपोर्ट पब्लिश करने पर रोक लगाने की मांग की गई। इस पर कोर्ट ने कोई टिप्पणी नहीं की। बता दें कि इस मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव से विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके लिए दो सप्ताह का अल्टीमेटम दिया है।

जयशंकर बोले-दुर्भाग्य...

प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में भारत का प्रतिनिधित्व करने गया था। हमें कई तरह के पड़ोसी मिले हैं। अगर आपका कोई पड़ोसी आपके लिए अच्छा है या कम से कम आपके लिए नुकसानदायक नहीं है तो इसमें परेशानी नहीं है। जहां भी अच्छे पड़ोसी होने की भावना होती है, भारत निवेश करता है, भारत मदद करता है, भारत शेयर करता है।'

विदेश मंत्री बोले- अरुणाचल भारत का हिस्सा है और रहेगा

विदेश मंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश भारत का हिस्सा है और हमेशा रहेगा, और इस तरह की चालों से जमीन पर कुछ भी बदलने वाला नहीं है। शंघाई एयरपोर्ट पर चीनी इमिग्रेशन अधिकारियों के अरुणाचल प्रदेश की एक महिला के परेशान करने को लेकर जयशंकर ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि हमने असल में इसका विरोध किया, और हमने यह बात भी साफकर दी कि इस तरह की हरकतें करने से असल में कुछ भी बदलने वाला नहीं है।

शराब घोटाला: भूपेश के...

में बंद हैं। यह राहत उन्हें प्रवर्तन निदेशालय और छत्तीसगढ़ एंटी-करप्शन ब्यूरो की ओर से दर्ज केसों में मिली है। ईडी ने चैतन्य को पिछले साल जुलाई में मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के सिलसिले में गिरफ्तार किया था, जबकि भ्रष्टाचार के मामले में सितंबर में एसीबी ने उन्हें तब गिरफ्तार किया जब वे पहले से ही जेल में थे। जांच एजेंसियों के अनुसार यह घोटाला 2019 से 2022 के बीच हुआ, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचा। ईडी का आरोप है कि चैतन्य बघेल इस पूरे शराब सिंडिकेट के संरक्षक थे और उन्होंने करीब 1,000 करोड़ रुपए का लेन-देन व्यक्तिगत रूप से संभाला। इसके अलावा एसीबी का दावा है कि चैतन्य बघेल को हिस्से के तौर पर 200 से 250 करोड़ रुपए मिले और इस पूरे घोटाले की कुल रकम 3,200 करोड़ रुपए से ज्यादा हो सकती है। वहीं बेटे को जमानत मिलने पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि सत्य की जीत हुई है। सत्य परेशान हो सकता है। पराजित नहीं हो सकता।

रायपुर के 21 थाने होंगे...

उपयोग खुद कर सकता है, पहले इसके लिए कलेक्टर की अनुमति लेने की आवश्यकता होती थी। गन लाइसेंस लेने के लिए सीधे कमिश्नर को आवेदन किया जा सकता है। यूएपीए एक्ट, अनैतिक देह व्यापार, मानव तस्करी, मोटर व्हीकल एक्ट, कारागार अधिनियम, पॉइजन एक्ट, कैटल ट्रेस पास एक्ट समेत कुछ अन्य अधिकार कमिश्नर को दिए जा सकते हैं।

शहर के 21 थाने होंगे शामिल

पुलिस सूत्रों के मुताबिक रायपुर के सिविल लाइन, तेलीबांधा, देवेंद्र नगर, पंडरी, कोतवाली, गोलबाजार, गंज, मौदहापारा, पुरानी बस्ती, राजेंद्र नगर, टिकरापारा, डीडी नगर, आजाद चौक, सरस्वती नगर, आमानाका, कबीर नगर, खमतराई, गुढ़ियारी, उरला, धरसीवा और खमारडीह थाने कमिश्नर प्रणाली में शामिल किए जा सकते हैं। रायपुर जिले के आरंग, तिल्दा, खरोरा अभनपुर, नया रायपुर और माना क्षेत्र रायपुर ग्रामीण एसपी के अधीन होगा।

7 को भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

राजिम/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय 07 जनवरी को धर्म नगरी राजिम के त्रिवेणी संगम में आयोजित भक्त माता राजिम जयंती महोत्सव में शामिल होना प्रस्तावित है। चतुर्भुज सिरकट्टी पावन धाम स्थित नव निर्मित भव्य श्रीरामजानकी मंदिर में 51 कुंडीय श्रीराम चरित मानस महायज्ञ के आयोजन में शामिल होकर नवनिर्मित मंदिर में धर्मध्वज की स्थापना एवं कलश पूजन कर धर्म नगरी राजिम पहुँचेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर विधायक रोहित साहू, कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर, जिला पंचायक के सीईओ प्रखर चंद्राकर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर श्रद्धालुओ की सुविधा, स्थल पर मंचीय व्यवस्था, आगन्तुकों के बैठक व्यवस्था, पार्किंग, यातायात नियंत्रण, सांस्कृतिक मंच, सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल व्यवस्था, राजिम में गोरखपुर गीताप्रेस दूकान का लोकार्पण एवं विमोचन संबंधित मंच स्थल चयन, आपातकालीन सेवाओं की तैयारी को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

लंबे अवकाश और हड़ताल के बाद अब पढ़ाई शुरू, अर्धवार्षिक परीक्षा का दबाव

महासमुंद/नवप्रदेश। लंबे अवकाश और हड़ताल के बाद अब सरकारी स्कूलों में पढ़ाई पटरी पर लौटती रही हैं। सरकारी स्कूल 11 दिनों के बाद 1 जनवरी से पुनः खुल सके हैं, और छात्र छात्राएं की पढ़ाई फिर से शुरू हो चुकी है। इससे पहले शीतकालीन अवकाश और कर्मचारियों की हड़ताल के चलते स्कूलों में पढ़ाई पूरी तरह बाधित रहा।

22 से 27 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश था। अवकाश के पहले और बाद में रविवार पड़ने के कारण यह छुट्टी कुल 8 दिनों तक खिंच गई थी। ऐसे में स्कूल 29 दिसंबर से खुलने थे, लेकिन छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय काम बंद हड़ताल का ऐलान कर दिया। हड़ताल में बड़ी संख्या में शिक्षकों के शामिल होने के कारण कई सरकारी स्कूलों के ताले तक नहीं खुल पाए थे। पढ़ाई पूरी तरह ठप रही और बच्चों का स्कूल आना-जाना भी बंद हो गया। बुधवार को हड़ताल का अंतिम दिन था, जिसके बाद 1 जनवरी से शिक्षक पुनः विद्यालय लौटे और सामान्य रूप से कक्षाएं प्रारंभ हो सकीं।

इससे पहले शिक्षकों को एसआईआर कार्य के तहत बीएलओ बनाए जाने से भी पढ़ाई प्रभावित रही। लगातार अन्य कार्यों के बाद अब जैसे-तैसे पढ़ाई शुरू हुई है और अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं सामने हैं, जिससे छात्रों और शिक्षकों पर अतिरिक्त दबाव भी देखा जा रहा है।

6वीं से 8वीं का अर्धवार्षिक परीक्षा 10 से

इधर, शासकीय स्कूलों में कक्षा छठवीं से आठवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा, जो आज से शुरू होनी थी, उसे स्थगित कर दी गई है। अब यह परीक्षा 10 जनवरी से आयोजित की जाएगी। हालांकि, अन्य कक्षाओं की परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 जनवरी से ही शुरू होंगी। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक शाला (कक्षा 1 से 5) की परीक्षाएं सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होंगी, जबकि माध्यमिक शाला (कक्षा 6 से 8) की परीक्षाएं सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होंगी। कक्षा पहली से पांचवीं की परीक्षाएं 6 जनवरी से प्रारंभ होंगी, जिसमें पहली कक्षा की पहली परीक्षा गणित विषय की होगी।

नए साल में जीतू ने किया रक्तदान

महासमुंद/नवप्रदेश। खरोरा के जीतू मानिकपुरी ने नववर्ष पर रक्तदान किया। उन्होंने 2025 में तीन बार रक्तदान किया है। जीतू ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से भी आगे आकर नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की। स्थानीय लोगों ने इस कार्य की सराहना की है।

छिंदौली में मनाई गई बाबा की जयंती

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम छिंदौली में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा व किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का अमर संदेश देकर पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर सरपंच विशेश्री साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि घनश्याम जोगी, शोभित कुर्रे, बबलू, राजेश, सुरेश, महेश, दिनेश, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

शिक्षक भर्ती की मांग लेकर युवक कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

महासमुंद/नवप्रदेश। डीएड/डीएलड संघ के अभ्यर्थियों की नियुक्तियों पर न्यायालय के आदेश के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा रोक लगाए जाने के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने कहा कि उच्च न्यायालय बिलासपुर के याचिका क्रमांक 3052/2025 व अन्य याचिकाओं में पारित आदेश के अनुसार शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रतिक्रिया शीघ्र प्रारंभ कराने कहा है। इस दौरान मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष अमन चंद्राकर, विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र चंद्राकर, कुणाल चंद्राकर, अनुराग चंद्राकर, युवराज साहू एवं युवा साथ ही मौजूद रहे।

35 प्रकरणों में 1.92 लाख से अधिक की शराब बरामद

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब बनाने, परिवहन और बिक्री के खिलाफ पुलिस ने लगातार अभियान चलाया है। इसी दौरान 35 प्रकरणों में 40 आरोपियों को गिरफ्तार कर कुल 842.920 लीटर महुआ, देशी, प्लेन और अंग्रेजी शराब जब्त की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 1 लाख 92 हजार 380 रुपए बताई गई है। थाना महासमुंद क्षेत्र में 4 प्रकरणों में 5 आरोपियों से 116 लीटर देशी और अंग्रेजी शराब, थाना खल्लारी में 2 प्रकरणों में 2 आरोपियों से 13 लीटर महुआ व देशी शराब, थाना बागबाहरा में 1 प्रकरण में 25 लीटर महुआ शराब, थाना बसना में 6 प्रकरणों में 6 आरोपियों से 192 लीटर महुआ शराब, कोमाखान में 2 प्रकरणों में 50 लीटर महुआ शराब, पिथौरा में 3 प्रकरणों में 5 आरोपियों से 64 महुआ शराब, सिंघोड़ा में 3 प्रकरणों 97 लीटर शराब, पटेवा में 1 प्रकरण लीटर में 9 लीटर प्लेन शराब, सरायपाली में 9 प्रकरणों में 9 आरोपियों से कुल 121.5 लीटर महुआ, देशी प्लेन और अंग्रेजी शराब जब्त की गई। सांकरा में 130 लीटर शराब, थाना सांकरा में 2 प्रकरणों में 2 आरोपियों से 130 और थाना तेन्दूकोना में 1 प्रकरण में 6 लीटर महुआ शराब जब्त की गई।

पीएम जन मन योजना से गरियाबंद के विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्रों में पहुंचेगी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं

■ राजिम विधायक रोहित साहू ने 5 मोबाइल मेडिकल यूनिट को दिखाई हरी झंडी

राजिम/नवप्रदेश। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम जन मन योजना के तहत छत्तीसगढ़ के विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल गरियाबंद जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति समूहों के बेहतर स्वास्थ्य की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है जिससे यहां निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। राजिम विधायक रोहित साहू ने शुक्रवार को सर्वसुविधायुक्त 5 अत्याधुनिक मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर दूरस्थ अंचलों के लिए रवाना किया। मोबाइल मेडिकल यूनिट मिलने से अब जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल उन दुर्गम क्षेत्र के निवासियों को स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी जहां भौगोलिक विषमताओं के कारण ग्रामीणों को अस्पताल पहुंचने में कठिनाई होती है एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में अनेक बार जनहानि की आशंका भी बनी रहती है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यूएस नवरत्न ने इन वाहनों की तकनीकी और चिकित्सीय क्षमताओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उनके अनुसार यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त चलता-फिरता अस्पताल है। जिसमें हर यूनिट में डॉक्टर, नर्स और लैब टेक्नीशियन की टीम तैनात रहेगी।

इन क्षेत्रों को मिलेगा सीधा लाभ

अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस मोबाइल मेडिकल यूनिट का लाभ गरियाबंद जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्रों को मिलेगी। ये 5 यूनिट्स मुख्य रूप से मैनपुर, छुरा, गरियाबंद, देवभोग और फिंगेश्वर ब्लॉक के उन गांवों पर केंद्रित रहेंगी जहां कमार और भुंजिया जनजाति के लोग निवास करते हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजिम रिकेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कोपरा गोपी ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष खड़मा हेमंत सिन्हा, जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि नेहरू साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, छुरा नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद, छुरा जनपद सदस्य दुलारी साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश साहू, परतेवा सरपंच षटकोण साहू, भाजपा नेता राजू साहू, संतोषी श्रीवास्तव, भाजपा मंडल महामंत्री कोपरा हेमंत वर्मा, पार्षदगण भारत यादव, सुरेश पटेल, बलराम यादव, आकाश राजपूत, अजय पटेल, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ स्नेहलता हुमने, डीपीएम गणपत नायक, योगेश पराना सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है लक्ष्य - रोहित

मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि विकास की मुख्यधारा से छूटे हुए विशेष पिछड़ी जनजाति समाज के लोगों को हर बुनियादी सुविधा मिले जिसके लिए उन्होंने पीएम जन मन योजना की शुरुआत की है।

एसडीएम ने अवैध रूप से रखे 27,200 बोरे धान किया जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध धान परिवहन एवं भंडारण पर संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई सतत जारी है। इसी कड़ी में 01 जनवरी को एसडीएम सरायपाली श्रीमती अनुपमा आनंद के नेतृत्व में तहसील सरायपाली अंतर्गत अवैध धान भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम शामिल रही।

संयुक्त टीम द्वारा समलेश्वरी इंडस्ट्रीज एवं हिंदुस्तान एग्रोटेक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भंडारण स्थल पर उपलब्ध धान की मात्रा एवं संबंधित दस्तावेजों की जांच की गई, जिसमें भंडारण में भारी कमी पाई गई। साथ ही मंडी अधिनियम एवं निर्धारित नियमों का उल्लंघन भी सामने आया। अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन द्वारा मौके पर ही कुल 27,200 बोरे धान जब्त किए गए। जब्ती की यह कार्रवाई मंडी अधिनियम के प्रावधानों के तहत की गई। जब्त धान को नियमानुसार सुरक्षित अभिरक्षा में रखते हुए आगे की वैधानिक प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

जिला प्रशासन ने कहा है कि जिले में अवैध धान भंडारण, परिवहन एवं व्यापार पर सतत निगरानी जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यापारियों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

पालिका अध्यक्ष निखिलकांत ने सुनी आमजनों की समस्याएं

समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका कार्यालय में आज पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने पालिका क्षेत्र के लोगों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी दिए। नपा कार्यालय में विभिन्न मोहल्लों और वार्डों से पहुंचे लोगों ने श्री साहू को अपनी समस्याएं बताई। जिसमें प्रमुख रूप से नालियों के गंदे पानी का व्यवस्थीकरण, स्ट्रीट लाइट की खराबी, सफाई व्यवस्था, सड़क की मरम्मत और पेयजल, राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन जैसी कई समस्याएं अध्यक्ष के समक्ष रखीं।

अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने सभी नागरिकों की बातें एक-एक कर सुनीं। उन्होंने मौके पर ही संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इन शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटारा किया जाए। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि पालिका कार्यालय जनता के लिए हमेशा खुला है। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी समस्या के लिए सीधे कार्यालय आएं, ताकि उनकी हर छोटी-बड़ी समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

पालिका कार्यालय में पारिवारिक माहौल में हुआ यह संवाद आमजन और उनके प्रतिनिधि के बीच विश्वास को और गहरा करने वाला साबित हुआ। इस दौरान श्री साहू ने कहा कि नगर के समग्र विकास की कुंजी पारदर्शिता, जवाबदेही और जनता की सक्रिय भागीदारी में ही है। उन्होंने यह भी दोहराया कि पालिका में आमजनों से भेंट मुलाकात का सिलसिला सतत जारी रहेगा।

तहसील कार्यालय में पूर्व जनपद सभापति अर्धनग्न होकर धरने पर बैठे

प्रधानमंत्री आवास के नजरी-नक्शा न बनाने पर तहसीलदार के खिलाफ प्रदर्शन

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के पिथौरा तहसील कार्यालय में पूर्व जनपद सभापति जितेन्द्र सिन्हा ने तहसीलदार के खिलाफ अर्धनग्न होकर धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए नजरी-नक्शा न बनाए जाने के विरोध में किया गया।

बुंदेली बरेकेल, जामजूडा और पिथौरा के दर्जनों किसान भी शामिल थे। प्रदर्शनकारी तहसीलदार मनीषा देवांगन के कार्यालय के सामने अर्धनग्न होकर बैठे और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान करीब दो घंटे तक तहसील कार्यालय का कामकाज प्रभावित रहा। पूर्व जनपद सभापति जितेन्द्र सिन्हा ने आरोप लगाया कि तहसीलदार का रवैया जनप्रतिनिधियों के प्रति आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के लिए नजरी-नक्शा बनाने में जानबूझकर देरी की जाती है। सिन्हा के अनुसार, तहसील कार्यालय में आम जनता और किसानों के काम समय पर नहीं होते और भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने यह भी कहा कि तहसीलदार गरीबों को नजरी-नक्शा देने से कलेक्टर का हवाला देकर इनकार कर देती हैं, जिससे कई गरीबों के प्रधानमंत्री आवास नहीं बन पा रहे हैं। जितेन्द्र सिन्हा ने जोर देकर कहा कि गरीबों को कच्चे मकान के बजाय पक्की छत मिलनी चाहिए और इसमें किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि राजस्व मामलों का समय पर निराकरण नहीं किया गया, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस संबंध में तहसीलदार मनीषा देवांगन से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ ग्राम नांदगांव में हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। प्रातः श्री राम जी की आरती, मंदिर परिसर में भजन एवं संगीतमय प्रस्तुति शारदा रानी मानस परिवार सोरिद ने दी। पश्चात नगर भ्रमण के साथ जय-जय राम के जयकारे लगाए गए। अंत में भोजन प्रसादी वितरण किया गया।

इस अवसर पर योगेश पटेल, रामकुमार पटेल, विष्णु चंद्राकर, हरिराम पटेल, दीनू पटेल, रेवा पटेल, यादराम पटेल, पुराणिक पटेल, अनुरुद्ध चंद्राकर, उदय धीवर, कन्हैया धीवर, लेखराम पटेल, ओमप्रकाश पटेल, जनक चंद्राकर सहित ग्रामवासी का सहयोग रहा।

त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन के लिए 7 तक समय

महासमुंद/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए कृषि विकास एवं किसान कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के सचिव द्वारा पत्र जारी कर एग्रीस्टैक फार्मर आईडी जनरेटेड किसानों का धान विक्रय हेतु त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन एवं पीव्ही सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि सुधार का विकल्प आगामी 07 जनवरी तक खुला रहने की जानकारी दी गई है। इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि सचिव कृषि विभाग के आदेशानुसार जिले के सभी किसान जो एग्रीस्टैक फार्मर आईडी में पंजीकृत हैं, उनके त्रुटिपूर्ण रकबा संशोधन, पीव्ही सत्यापन, त्रुटिपूर्ण फसल प्रविष्टि का विकल्प आगामी 07 जनवरी तक सोसायटी एवं लैम्पस मॉड्यूल खुला रहेगा। उन्होंने जिले के किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा में सुधार की कार्यवाही पूर्ण करा लें, ताकि अपने पंजीकृत रकबा का त्रुटि सुधार कराकर अपने धान का विक्रय कर सकें।

शिविर | 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष आयु प्राप्त करने वाले युवाओं को शिविर में अग्रिम आवेदन भी दे सकेंगे

युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने विशेष शिविर का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। एसआईआर 2026 कार्यक्रम अनुसार गणना चरण के समाप्ति पश्चात दावा आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 22 जनवरी 2026 तक निर्धारित है।

एसआईआर 2026 के तहत 23 दिसम्बर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए पात्र मतदाताओं सहित 01 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु घोषणा पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप 6 में आवेदन प्राप्त किया जाना है। साथ ही दिनांक 01 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष आयु प्राप्त करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़े जाने हेतु घोषणा पत्र के साथ निर्धारित प्रारूप 6 में अग्रिम आवेदन भी प्राप्त किया जाना है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री विनय कुमार लंगेह ने जिले के नोडल प्राचार्य एवं महाविद्यालयीन व विद्यालयीन समस्त प्राचार्यों को जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों (महाविद्यालयों) में विशेष शिविर का आयोजन करने तथा शिविर के आयोजन में कैम्पस एम्बेसडर एवं प्राध्यापक नोडल अधिकारी (स्वीप) का सहयोग लेने कहा है। इसी तर्ज पर जिले के सभी हायर सेकण्डरी स्कूलों में 17 आयु प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं से अग्रिम आवेदन फार्म-6 प्राप्त करने हेतु विशेष शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए है।



विद्यालयों, महाविद्यालयों में नुक्कड़ नाटक आदि स्वीप गतिविधियों माध्यम से मतदाताओं को विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूक करने, नये मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुडवाने हेतु विभिन्न नवाचार के माध्यम से प्रेरित करने कहा है। विशेष शिविरों में संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों, जिला प्रशासन की टीम की भी उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है।

कलेक्टर ने कहा है कि आयोग के निर्देशानुसार समस्त जिलों में वर्ष 2018 एवं 2019 में मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) की स्थापना की गई थी। अतः पूर्व से गठित मतदाता साक्षरता क्लबों को पुनः एक्टिवेट करने अथवा आवश्यकतानुसार नए ईएलसी का गठन किया जाकर एसआईआर-2026 (दावा-आपत्ति) चरण के दौरान ईएलसी के माध्यम से मतदाता जागरूकता पर आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाए।कलेक्टर श्री लंगेह ने उपरोक्तानुसार कार्यवाही दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 के पूर्व संपादित कराने के निर्देश दिए है ताकि समयावधि में घोषणा पत्र के साथ प्राप्त फॉर्म-6 को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा निर्धारित समय में निराकरण किया सके तथा पात्र मतदाताओं का नाम 21 फरवरी 2026 को प्रकाशित होने वाले मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन में शामिल किया जा सके।

तीर्थ यात्रा का अनुचित लाभ लेने की शिकायत, जांच के आदेश

महासमुंद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में व्याख्याता को बीपीएल और झूठा घोषणा पत्र भरकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमचा की व्याख्याता किरण पटेल के खिलाफडीईओ ने जांच के आदेश दिए हैं। नव प्रदेश में खबर प्रकाशित होने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व पार्षद ने इसकी शिकायत की थी।

सामाजिक कार्यकर्ता व पूर्व पार्षद पंकज साहू ने व्याख्याता किरण पटेल के खिलाफ अनुचित लाभ लेने की शिकायत की थी। शिकायतकर्ता पंकज साहू ने 1 जनवरी 2026 को पत्र देकर आरोप लगाया है कि संबंधित व्याख्याता ने योजना के नियमों के विपरीत गलत जानकारी देकर लाभ लिया गया। इस मामले की जांच के लिए सेजेस पटेवा महासमुंद के प्राचार्य समीरचंद्र प्रधान और बालक विद्यालय बिरकोनी के प्राचार्य करनसिंह सोरी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। 15 दिनों के भीतर अभिमत सहित जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। डीइओ ने कहा है जांच रिपोर्ट के आधार पर ही निर्णय लिया जाएगा।

बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती ने नववर्ष को बना दिया आध्यात्मिक पर्व

भिनोदा/ सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/ नवप्रदेश। नववर्ष के पावन अवसर 1 जनवरी को सरसींवा नगर पंचायत में सतनाम पंथ के प्रवर्तक, महान समाज सुधारक बाबू गुरु घासीदास जी की जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ भव्य रूप से मनाई गई। इस ऐतिहासिक आयोजन में सरसींवा सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया। जयंती के अवसर पर आयोजक समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सतनाम संदेश से ओत-प्रोत झांकियां, बैनर-पोस्टर और जयघोष आकर्षण का केंद्र रहे। शोभायात्रा में शामिल जनसैलाब ने यह दर्शा दिया कि बाबा गुरु घासीदास जी के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। आसपास के गांवों से आए श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।

ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र नगरी में आध्यात्मिक उल्लास के साथ नववर्ष 2026 का किया स्वागत

नगरी/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र, राज ऋषि भवन विवेकानंद वार्ड क्रमांक 7 नगरी में नववर्ष 2026 का स्वागत परमपिता परमात्मा शिव के दिव्य सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा, शांति और हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह नववर्ष उत्सव आध्यात्मिक वातावरण में अलौकिक अनुभूति के साथ मनाया गया।इस अवसर पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन, ब्रह्माकुमारी कमलेश्वरी बहन सहित संस्था के सभी भाई-बहन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:00 से 7:00 बजे तक सामूहिक राजयोग अभ्यास से हुआ, जिसमें सभी ने परमपिता शिव परमात्मा से आत्मिक जुड़ाव का अनुभव किया। इसके पश्चात ईश्वरीय स्मृति में कैंडल प्रज्वलित की गई एवं शिव बाबा और ब्रम्हा बाबा भोग अर्पित किया गया।इस दौरान राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी भावना बहन ने सभी को नववर्ष एवं आने वाले स्वर्णिम युग की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नया वर्ष तभी सार्थक और सुखद बन सकता है जब हम अपने संकल्पों को शुभ, सकारात्मक और श्रेष्ठ बनाएं।

मदनपुर में तीन दिवसीय सत्संग समारोह आज से

खैरागढ़/नवप्रदेश। ग्राम मदनपुर बाजार अतरिया में 3 से 5 जनवरी 2026 तक तीन दिवसीय सदगुरू कबीर साहेब सत्संग समारोह का आयोजन सदगुरू कबीर साहेब पंथ श्री हुजूर प्रकाश मुनी नाम साहेब एवं पंथ श्री उदित मुनी नाम साहेब की कृपा से संपन्न होगा। आयोजन समिति के अनुसार संत श्री प्रकाश दास साहेब कोसमंदा इंदौरी कबीर धाम द्वारा सत्संग प्रवचन होगा सत्संग का उद्देश्य समाज में सत्य, प्रेम, अहिंसा, मानवता एवं सद्भावना का संदेश प्रसारित करना है। कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन सुबह 8 बजे गुरु महिमापाठ ,11 बजे से सत्संग प्रवचन होंगे। अंतिम दिन 5 जनवरी शाम 5 बजे सात्विक यज्ञ, चौका एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। आयोजन ग्रामवासी, अमिन माता सत्संग भजन मंडली एवं जन जागृति मानस मंडली, मदनपुर द्वारा किया जा रहा है।

कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

नगरी/नवप्रदेश। क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सेवन स्टार क्लब सातबाहना द्वारा दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी ,विशेष अतिथि प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य,नीलकमल कोडोपी सरपंच ने फीता काटकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ किया।इस अवसर पर प्रमोद कुंजाम ने अपने संबोधन में कहा कि कबड्डी केवल एक खेल नहीं, बल्कि साहस, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक है। ऐसे खेल आयोजनों से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा वे नशा और भटकाव से दूर रहकर खेल के माध्यम से अपने भविष्य को संवारते हैं।प्रतियोगिता में विभिन्न गाँवों से आई टीमों ने भाग लिया। शुभारंभ मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

गंगरेल में नववर्ष का उल्लास: चार दिवसीय न्यू ईयर फेस्ट का भव्य आगाज़

- नववर्ष 2026 का जश्न गंगरेल में, सैलानियों से गुलजार हुआ बांध परिसर
- संगीत, संस्कृति और मनोरंजन का संगम: गंगरेल न्यू ईयर फेस्ट में उमड़ा जनसैलाब

धमतरी/नवप्रदेश। नववर्ष 2026 के स्वागत में जिला पर्यटन समिति, धमतरी द्वारा गंगरेल बांध परिसर में चार दिवसीय भव्य ÷न्यू ईयर फेस्ट÷ का शुभारंभ आज हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह उत्सव 1 जनवरी से 4 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से सायं 7 बजे तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रहे हैं।

नववर्ष के पहले ही दिन गंगरेल बांध परिसर उत्सवमय माहौल से सराबोर नजर आया। धमतरी सहित आसपास के जिलों से पहुंचे सैलानी हिंदी फिल्मी गीतों एवं छत्तीसगढ़ी लोकधुन ÷महुआ झरे÷ की मधुर धुनों पर झूमते नजर आए। बच्चों, युवाओं, युवतियों तथा परिवार के साथ आए पर्यटकों ने आयोजन का भरपूर आनंद लिया और इसकी मुक्त कंठ से प्रशंसा की।भिलाई से गंगरेल भ्रमण पर आए तुषार एवं भूमिका राजपूत ने बताया कि जिला पर्यटन समिति द्वारा किया गया यह आयोजन अत्यंत व्यवस्थित, सुरक्षित एवं मनोरंजक है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देते हैं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति से भी लोगों को परिचित कराते हैं।

पर्यटन स्थल गंगरेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना

इस न्यू ईयर फेस्ट का मुख्य उद्देश्य जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल गंगरेल को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना, स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहित करना, क्षेत्रीय संस्कृति को मंच प्रदान करना तथा रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। उत्सव के अंतर्गत संगीत कार्यक्रम, लाइव डीजे, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, फूड स्टॉल, मनोरंजन गतिविधियाँ एवं बोनफायर जैसे विशेष आकर्षण शामिल किए गए हैं, जो सभी आयु वर्ग के लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। उत्सव के दौरान प्रतिभागियों के लिए आकर्षक उपहार, ट्रॉफी, विशेष पुरस्कार एवं सरप्राइज रिवॉर्ड की भी व्यवस्था की गई है, जिससे लोगों का उत्साह और अधिक बढ़ा है। गंगरेल बांध की मनोहारी प्राकृतिक छटा के बीच आयोजित यह न्यू ईयर फेस्ट नववर्ष को यादगार बनाने का एक अनूठा अवसर सिद्ध हो रहा है। जिला प्रशासन एवं जिला पर्यटन समिति ने नागरिकों एवं पर्यटकों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर उत्सव का आनंद लेने तथा धमतरी जिले की पर्यटन छवि को और अधिक सशक्त बनाने की अपील की है।

नए साल की दस्तक के बाद भी जिले मे शिक्षा स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क की योजनाएं अटकी

बाईपास नासूर बना,छह माह मे होने वाली मरम्मत साढ़े तीन साल मे अधूरी

- शुद्ध पेयजल आपूर्ति नही मिली, स्वास्थ्य सुविधाएं अटकी

खैरागढ़/नवप्रदेश। नए साल पर भी नवगठित खैरागढ़ जिला कई सुविधाओं के विस्तार और व्यवस्था के लिए तरसता रहा । बीते साल मे जिले के कई प्राथमिकता वाली योजनाएं इंतजार के बाद भी धरातल पर नही उतर पाई । तो कई योजनाओ के अटकने के चलते इसका लाभ जिले वासियों को नही मिल पाया । नए साल मे फिर से उम्मीदों की उड़ान बढ़ी है । नए साल मे जिले की अटकी परियोजनाओ के पूरा होने की उम्मीद और संभावनाएं बढ़ गई है । ताकि समय पर योजनाओ का लाभ मिल सके । जिले के शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़, पेयजल और जनभावनाओं से जुुडे योजनाओ का लाभ बीते साल नही मिल पाने का मलाल है तो नए साल मे इन मूलभूत आवश्यकताओ के पूरा होने की उम्मीद जिले वासियों को है ।

18 साल मे नही बन सका बाईपास

जिला मुख्यालय मे शहर के भीतर यातायात का दबाव हटाने शुरू की गई बाइपास सडक़ योजना बीते साल 18 साल पूरा होने के बाद भी मूर्त रूप नही ले पाई । 6 किमी लंबी बाईपास सडक़ निर्माण को तीन साल गुजर गए लेकिन बाईपास सडक़ मे बनने वाले आमनेर, मुस्का और मोती नाला उच्च स्तरीय पुल निर्माण की कार्यवाही अब तक अटकी पड़ी है । जिसके चलते बाईपास योजना के 90 फीसदी कार्य पूरा होने के बाद भी इसका लाभ शहर वासियो के साथ यातायात व्यवस्था को मजबूत करने नही मिल पाया ।

स्वास्थ्य सुविधाओं मे बढ़ोत्तरी नही

जिला निर्माण के बाद जिला मुख्यालय मे स्वास्थ्य सुविधाओं की बढ़ोत्तरी को लेकर व्यापक पैमाने पर प्रयास नही हो पाए है । सिविल अस्पताल मे एक्सरे और सोनोग्राफी मशीन नही लग पाई । जिसका फायदा निजी आपरेटर जमकर उठा रहे है । डायलिसिस सुविधा जरूर शुरू हूई लेकिन इसके विशेषज्ञ नही होने से लोग डायलिसिस के लिए पूरी तरह संतुष्ट नही दिखे । चिकित्सको का सेटअप अनुसार कमी बरकरार है । स्टाफ नर्स, पर्याप्त कर्मचारी नही है । पहले की बजाय जिला निर्माण के बाद सिविल अस्पताल मे बिस्तरो की संख्या घट गई । इसके चलते मरीज बढऩे पर उन्हे इलाज के लिए बाहर ले जाने की स्थिति बन रही है ।

जिला कार्यालय को सेटअप का इंतजार

तीन साल पहले बनाए गए खैरागढ़ जिले मे अब भी प्रशासनिक व्यवस्था पटरी पर नही आ पाई है । जिला कार्यालय सहित अन्य जिला स्तरीय कार्यालयों को प्रदेश स्तर पर सेटअप नही मिल सका है । जिला कार्यालय के कार्यो का संचालन तीन साल बाद भी शिक्षा विभाग के बाबूओ के भरोसे किया जा रहा है । अन्य और नए आए विभागों मे भी उधारी के कर्मचारियो से काम चलाया जा रहा है । जिला कार्यालय सहित कई विभागों मे सेटअप नही होने से कार्यालयीन कामकाज प्रभावित है जिसका असर जिला मुख्यालय कार्य लेकर आने वाले जिले के वासियो पर पड़ रहा है ।

साढ़े तीन साल मे नही हो पाई स्कूलो की मरम्मत

साढ़े तीन साल पहले जिले के डेढ़ सौ से अधिक स्कूलो मे मरम्मत और अतिरिक्त निर्माण के कार्य अब तक पूरे नही किए जा सके है । चार कलेक्टर, तीन जिला शिक्षा अधिकारियो के बदलने के बाद भी इसमे कमीशनखोरी, लापरवाही का खामियाजा स्कूलो मे पढऩे वाले नौनिहालो, शिक्षको और ग्रामीणो को भुगतना पड़ रहा है । स्कूलो की मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण के कार्य छह माह मे पूरे किए जाने थे लेकिन विभागीय और प्रशासनिक लापरवाही के चलते केवल कागजो मे ही प्रगति दिखाई जा रही है । वर्तमान मे भी स्कूलो के कार्य अधूरे पड़े है ।

यातायात व्यवस्था सुधारने धरातल पर नही उतरी प्लानिंग

जिला मुख्यालय मे यातायात का दबाव बढऩे के बाद डेढ़ साल पहले प्रशासनिक स्तर पर की गई पहल कागजो मे ही सिमट कर रह गई । शहर मे यातायात का दबाव हटाने, दुर्घटनाओ पर रोक लगाने सहित यातायात व्यवस्था सुधारने की गई पहल धरातल पर नही उतर पाई । चौक चौराहो मे स्टापर, ब्रेकर,शहर क बाहरी इलाको मे भारी वाहनो की रफ्तार रोकने की गई तैयारी धरी की धरी रह गई है । इसके चलते शहर मे भारी वाहनो का दबाव लगातार बढ़ रहा है । रफ्तार मे कोई कमी नही आई हे । इससे दुर्घटना का खतरा लगातार मंडरा रहा है ।

जल आवर्धन का लाभ नही मिला

सात साल पहले शहर के लोगो को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने 32 करोड़ की जल आवर्धन योजना का लाभ अब तक नही मिल सका है । छह माह पहले इसकी आनन फानन मे टेस्टिंग कर इसे शुरू होना बताया जा रहा है ।

महापौर ने शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना कर खुशहाली की कामना की

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कलेन्डर नववर्ष के अवसर पर समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। नववर्ष के शुभ आगमन पर उन्होंने शहर की आराध्य देवी माता शीतला के दरबार में पूजा-अर्चना कर नगरवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर महापौर श्री यादव ने कहा कि राजनांदगांव सदैव खुशहाल रहे, नगर में विकास की गंगा निरंतर प्रवाहित हो तथा समाज में सौहार्द, प्रेम एवं परस्पर भाईचारे की भावना बनी रहे। उन्होंने कहा कि, यह नया साल सभी नागरिकों के जीवन में सुख और समृद्धि लेकर आये और आप सभी मिल-जुलकर शहर को आगे बढ़ाने में सहयोग करें तथा इस वर्ष के स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप 10 में स्थान बनाने अपना सुझाव व सहयोग प्रदान करें, ताकि हमारा शहर स्वच्छ एवं सुन्दर बन सके। महापौर श्री यादव ने कहा कि, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं हमारे यशस्वी विधायक डॉ. रमन सिंह के सतत् मार्गदर्शन एवं प्रयासों से शहर सहित हमारा प्रदेश देशभर में विकास और प्रगति की अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरूण साव, प्रभारी मंत्री श्री गजेन्द्र यादव तथा सांसद श्री संतोष पांडे के सहयोग एवं मार्गदर्शन से इस वर्ष भी राजनांदगांव को विकास की ओर अग्रसर करने कार्य करेंगें।

प्रदोष व गुरुवार के संयोग पर महाकाल मंदिर में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

राजनांदगांव/नवप्रदेश। महाकाल मंदिर सिंघोला में प्रत्येक प्रदोष पर्व पर भगवान शिव का विशेष श्रृंगार एवं भोग अर्पण किया जाता है। इस बार 01 जनवरी को प्रदोष पर्व और गुरुवार का शुभ संयोग एक साथ पड़ने से शिवभक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

दर्शन-पूजन हेतु लगी लंबी कतारें- ग्राम सिंघोला स्थित महाकाल मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष से भक्तिमय बना रहा।

देश-प्रदेश की समृद्धि की कामना- महाकाल भक्त पवन डागा ने भगवान महाकाल से देश, प्रदेश एवं नगर की सुख-समृद्धि, शांति एवं निरंतर प्रगति की कामना की।



महाकाल मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि, ÷नववर्ष के पहले दिन प्रदोष व गुरुवार के पावन संयोग को देखते हुए विशेष श्रृंगार, अभिषेक एवं भोग की व्यवस्था की गई थी श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु दर्शन व्यवस्था, स्वच्छता एवं सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए।

भजन सम्राट ने किए दर्शन, और सुनाया भजन

इस अवसर पर राजस्थान बीकानेर के पुराने निवासी वर्तमान में अहमदाबाद गुजरात निवासी सुप्रसिद्ध भजन सम्राट एवं श्याम प्रेमी राजवर्धन सुथार भी महाकाल मंदिर सिंघोला पहुंचे और भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया साथ ही महाकाल को अपने भजनों से रिझाया।

कर्णेश्वर धाम में 5 से 13 जनवरी तक 828वीं शिवमहापुराण कथा का भव्य आयोजन

- अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक गिरिबापु जी करेंगे दिव्य कथा वाचन

नगरी/नवप्रदेश। पावन एवं प्राचीन कर्णेश्वर धाम में आगामी 05 जनवरी से 13 जनवरी 2026 तक 828वीं श्री शिवमहापुराण कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पावन आयोजन को लेकर संपूर्ण सिहावाङ्कनगरी अंचल में भक्तिमय वातावरण निर्मित हो गया है। श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिल रहा है।

जिसमे आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस वर्ष की शिवमहापुराण कथा का वाचन अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त कथावाचक परम पूज्य श्री गिरिबापु जी महाराज (गुजरात) द्वारा किया जाएगा। गिरिबापु जी अपनी ओजस्वी वाणी, सरल शैली और भावपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से भगवान शिव की महिमा, शिवतत्व, लीलाओं तथा मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाले आध्यात्मिक संदेशों का सजीव वर्णन करेंगे। कथा श्रवण से श्रद्धालुओं को आत्मिक शांति, सद्बुद्धि और पुण्यलाभ प्राप्त होगा।

प्रतिदिन होंगे विविध धार्मिक अनुष्ठान-कथा अवधि के दौरान प्रतिदिन विधिवत पूजन-अर्चन, रुद्राभिषेक, हवन, महाआरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। कर्णेश्वर धाम परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु बैठक व्यवस्था, पेयजल, प्रकाश, स्वच्छता सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं आयोजन समिति द्वारा सुनिश्चित की जा रही हैं।

इस भव्य धार्मिक आयोजन में सिहावाङ्कनगरी अंचल सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में शिवभक्तों के पहुंचने की संभावना है। आयोजन का सफल संचालन श्री शिवमहापुराण समिति एवं समस्त सिहावा नगरी क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से लोगों के घर सौर ऊर्जा से रोशन

- अब तक 900 से अधिक लोगों ने अपने घर की छत पर लगवाए सोलर पैनल

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ की गई पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से अब लोगों के घर सौर ऊर्जा से रोशन हो रहे हैं। योजना के तहत मिलने वाली सब्सिडी राशि एवं बिजली बिल से मुक्ति मिलने से सोलर पैनल लगवाने जिले के हितग्राही काफी उत्साहित हैं। जिले के लोगों में इस योजना को लेकर उत्साह इतना प्रबल है कि 10 हजार से अधिक परिवारों ने अब तक पंजीकरण कराकर सौर ऊर्जा अपनाने की दिशा में अपना सशक्त संकल्प व्यक्त किया है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते जिले के बदलते सोच और जागरूकता का प्रतीक है।

इसी प्रतिबद्धता और प्रशासनिक सक्रियता का परिणाम है कि 900 से अधिक घरों की छतों पर सोलर रूफ्टॉप प्लांट स्थापित हो चुके हैं। ये परिवार आज मुफ्त बिजली का लाभ प्राप्त कर न केवल आर्थिक बचत कर रहे हैं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में भी सार्थक योगदान दे रहे हैं।इस योजना की पारदर्शिता और त्वरित लाभ से योजना के प्रति आम नागरिकों का भरोसा और मजबूत हुआ है तथा सहभागिता भी लगातार बढ़ रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन और कलेक्टर दीपक सोनी की निगरानी में ऊर्जा आत्मनिर्भरता का यह अभियान जिले में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

ग्राम उमरगांव में नशामुक्ति अभियान ने पकड़ा जोर, ग्रामीणों ने लिया नशा छोड़ने का संकल्प

नगरी/नवप्रदेश। विकासखंड से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम उमरगांव में नशामुक्ति को लेकर ग्रामीणों ने सशक्त पहल करते हुए अभियान को तेज कर दिया है। गांव में अवैध रूप से शराब बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और नशे के दुष्प्रभावों से समाज को बचाने का संकल्प लिया गया है।

जानकारी के अनुसार, बीते दिनों ग्रामसभा की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गांव में किसी भी प्रकार की शराब का निर्माण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसी क्रम में 31 दिसंबर को ग्रामीणों ने एकजुट होकर शराब बनाने वालों के घर-घर जाकर समझाइश दी तथा महुआ लाहन को नष्ट किया। ग्रामीणों का कहना है कि नशे के कारण गांव का माहौल बिगड़ रहा था, छोटे-छोटे बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे थे, जिससे समाज में अशांति फैल रही थी।

इस अभियान की अगुवाई गांव की महिलाओं ने की, जिन्होंने आक्रोश के साथ नशामुक्ति का संकल्प लेते हुए पूरे गांव को जागरूक किया। ग्रामीणों की इस पहल को सिहावा थाना पुलिस एवं आबकारी विभाग का भी सहयोग मिल रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि गांव को नशामुक्त बनाकर शांतिपूर्ण और स्वस्थ वातावरण बनाया जा सके।

न्यूज गैलरी

देवनाथ सिंह को विदाई

धरसीवां/नवप्रदेश। 2 जनवरी 2026 को एक विशेष कार्यक्रम कर थाना धरसींवा में नव वर्ष मिलन और थाना से रिटायर हुये उप निरीक्षक देवनाथ सिंह का विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ष्टस्क्क उरला पूर्णिमा लामा, थाना धरसींवा टी आई राजेंद्र दिवान, चौकी सिलयारी, सहायता केंद्र सिलतरा के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे द्य इस अवसर पर ष्टस्क्क मेम द्वारा समस्त स्टाफ को अनुशासन में रहकर ईमानदारी पूर्वक कार्य करने का सलाह दिया गया द्य इस मुख्य अवसर पर समस्त स्टाफके लिये भोजन की व्यवस्था रखा गया था। मेम भी साथ में स्टाफ के साथ सभी ने भोजन किए।

महानदी आरती स्थल, कर्णेश्वर धाम, देउरपारा को आज

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी माँ चित्रोत्पला महानदी के पावन तट पर पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक भव्य एवं दिव्य आयोजन होने जा रहा है। 03 जनवरी शनिवार को सायंकालीन बेला में महानदी महाआरती का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन कर्णेश्वर धाम, देउरपारा (सिहावा) स्थित संगम स्थल पर संपन्न होगा। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा माँ महानदी की विधिवत आरती की जाएगी, वहीं आयोजन समिति की प्रबंध कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जाएगा। यह कार्यक्रम श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। आयोजकों ने समस्त धर्मप्रेमी नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27099 दिनांक 02.01.2026
वार्ड का नाम- 40 - पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR569J00084** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **BHISHAM KUMAR SINHA** पिता / पति श्री/श्रीमती **SUKHIRAM SINHA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **LAXMI PARDHI, PRAKHAR GAUTAM** पिता /पति श्री/श्रीमती **DEVLAL PARDHI, TILAK KUMAR GAUTAM** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 5)
ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27098 दिनांक 02.01.2026
वार्ड का नाम- 40 - पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 40 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR569E00383** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SUNANDA KATELIYA** पिता / पति श्री/श्रीमती **D.P. KATELIYA** के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **VOMIKA GAJPAL** पिता /पति श्री/श्रीमती **BIHARI LAL GAJPAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र/202512104700050 /अ-74/ वर्ष 2025-26

[illegible]

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-01 (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र.202512100700099 /अ-06/वर्ष 2025-26

[illegible]

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

[illegible]

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

[illegible]

तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

भाजपा नेता देवांगन को सफाई कर्मचारियों ने दिया धन्यवाद

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। लनगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा में कार्यरत स्वच्छता दीदियों से पालिका प्रशासन द्वारा सुबह के अलावा रात के समय भी काम लिया जा रहा था, जिससे उन्हें शारीरिक और मानसिक परेशानी हो रही थी, लेकिन निवेदन करने के बाद भी पालिका प्रशासन द्वारा उन्हें राहत नहीं दी जा रही थी। ऐसी परिस्थिति में पालिका के सफाई कर्मचारी संघ द्वारा युवा भाजपा नेता व भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन से संपर्क कर उन्हें स्वच्छता दीदियों की व्यथा बताते हुए राहत दिलाने की मांग की गई थी, जिस पर किशोर द्वारा मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए पालिका के सीएमओ सहित नगरीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से इस संबंध में संपर्क कर उनसे मानवीय अधिकार पर स्वच्छता दीदियों को राहत प्रदान करने की मांग की गई थी। किशोर के लगातार प्रयासों से आखिरकार स्वच्छता दीदियों को रात के समय काम करने से छूट प्रदान कर दी गई है। इस राहत से खुश पालिका के सफाई कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को किशोर के निवास पहुंचकर महिला सफाई कर्मचारियों के हित में किए गए उनके प्रयासों के लिए उन्हें हृदय से धन्यवाद दिया। साथ ही नववर्ष की बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक जीवन की मंगलकामनाएं भी की गई। किशोर ने सफाई कर्मचारियों को भविष्य में भी अपने स्तर पर हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों में संतोष सोनी, सुनील नायक, मोहन साहनी, लकेश्वर साहनी, अजय बघेल, भीम बंछोर, नरोत्तम बंछोर, संत सोनी, रोहन साहनी, चैती बाई, पुष्पा बाई, कौशल्या बाई, गीता बाई, मंजू बाई, मधु बाई नायक, शकुन बाई, हेमू बाई साहनी, जग्गी साहनी सहित अन्य लोग शामिल थे।

फर्जी दस्तावेज पर 50 लाख की जमीन बिक्री धोखाधड़ी करने वाले 3 आरोपी हुए गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर षडयंत्र पूर्वक योजनाबध्द तरीके से 50 लाख की जमीन का सौदा कर धोखाधड़ी करने वाले फरार 3 आरोपियों को शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, इस मामले के 1 आरोपी को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। उपरोक्त संबंध में पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए एसडीओपी तारेश साहु ने शहर थाना प्रभारी प्रवीण मिंज की उपस्थिति में बताया कि प्रार्थी राधेश्याम आर्य निवासी संतकंवर राम वार्ड भाटापारा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि प्रार्थी को आरोपियों द्वारा ग्राम सांकरा में अच्छी बिकाऊ जमीन है बताकर जमीन का नक्शा आदि लेकर प्रार्थी के सांथ भाटापारा में बैठक कर 68 लाख रुपए प्रति एकड़ के भाव से जमीन का सौदा किया गया। तथा बयाना के तौर पर 50 लाख रुपए प्रार्थी द्वारा आरोपियों को दिया* गया। बाद में प्रार्थी को पता चला की जमीन का कोई सौदा नहीं किया गया है तथा उक्त जमीन को कुटरचित दस्तावेज तैयार कर, षडयंत्र पूर्वक, योजनाबध्द तरीके से सौदा कर, पैसा हड़पने के लिए आरोपियों द्वारा छलकर धोखाधड़ी किया गया है। उक्त रिपोर्ट पर धारा 340(2),318(2),319(2),3(5),336(2),338,61(2) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। साहु ने प्रेस वार्ता में आगे बताया कि प्रकरण में पूर्व में पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए आरोपी लक्ष्मण चौहान को गिरफ्तार किया गया, किंतु प्रकरण में शामिल अन्य आरोपी फरार थे। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में थाना भाटापारा शहर द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी से विस्तृत पूछताछ तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर प्रकरण में शामिल 03 अन्य आरोपी जनार्दन नेताम, एस.एस. प्लाजा रायपुर, रमन लाल नादिया चंगोराभाठा रायपुर एवं सुनील अग्रवाल नांदघाट निवासी को हिरासत में लिया गया जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा योजना बनाकर, फर्जी आधार कार्ड एवं अन्य फर्जी दस्तावेज तैयार करते हुए, प्रार्थी के साथ जमीन खरीदी बिक्री के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। जिन्हें गिरफ्तार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

खोपली में 4 से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा, तैयारियां अंतिम चरण में

बागबाहरा/नवप्रदेश। बागबाहरा ब्लाक के ग्राम खोपली में कल दिनांक 4/01/2026 से श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। कथा स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है तथा पंडाल, बैठक व्यवस्था, प्रकाश और ध्वनि प्रणाली को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन पूरे गांव के सामूहिक सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। बतादे कि ग्राम खोपली में विगत 5 वर्षों से प्रति वर्ष श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिससे यह आयोजन ग्रामीण आस्था और एकता का प्रतीक बन चुका है। कथा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है। आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना है। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति मार्ग और मानव जीवन में धर्म के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। आयोजकों के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, आपसी भाईचारे और संस्कारों का विकास करना है। कथा के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण की व्यवस्था भी रहेगी। ग्रामीणों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 7)
- मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर -
Email ID - rmczone7@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27128 दिनांक 02.01.2026
वार्ड का नाम- 38 - स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR715E00322** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **KIRAN DEVI JAIN** पिता / पति श्री/श्रीमती **UDAYARAJ JAIN** के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती **SMT SANTOSH DEVI AGRAWAL** पिता /पति श्री/श्रीमती **SURESH KUMAR AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 7)
- मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर -
Email ID - rmczone7@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27074 दिनांक 02.01.2026
वार्ड का नाम- 25 - संत रामदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR819B00240** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **AATMARAM SATONE** पिता / पति श्री/श्रीमती **GOVIND RAM SATONE** के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती **GIRISH KUMAR SATONE** पिता /पति श्री/श्रीमती **ATMARAM SATONE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत दानपत्र** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 7)
- मंगलम काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर -
Email ID - rmczone7@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27073 दिनांक 02.01.2026
वार्ड का नाम- 25 - संत रामदास वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR818A00103** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SUKHAU RAM** पिता / पति श्री/श्रीमती **BIHARI LAL SAHU** के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती **1. RAMBAGAS SAHU S/O LT. SUKHAU RAM SAHU 2. SOHADRA SAHU D/O LT. SUKHAU RAM SAHU 3. KUNTI BAI SAHU W/O LT. JETHU RAM SAHU 4. ISHWAR SAHU S/O JETHU RAM SAHU 5. POOJA SAHU D/O JETHU RAM SAHU** पिता /पति श्री/श्रीमती ...... ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **मृत्यु प्रमाण पत्र शपथ पत्र आवेदक का आधार कार्ड** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202512101000189 /अ-6/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सोनाली पुनवटकर पति संजय पुनवटकर निवासी - शांति नगर भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 5995/19 रकबा 0.009 हे /1000 वर्गफीट भूमि को रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर दिनांक 30.05.2020 के आधार पर विक्रेता श्रीमती चंदा बाई जैन पति मूलचंद जैन से क्रय किया गया है, कि रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.01.2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24.12.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाईनगर (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

आवेदक- अगनू ढीमर पिता राममुरती ढीमर ग्राम मोहगांव, तहसील देवकर, जिला बेमेतरा छ.ग.
आवेदक निम्नानुसार निवेदन सादर प्रस्तुत करता है:-

1. यह कि आवेदक उपरोक्त पते की निवासी है।
2. यह कि आवेदक के पुत्री का समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र/निवासी प्रमाण पत्र में हिन्दी में नाम तारिणी ढीमर पिता अगनू ढीमर एवं अंग्रेजी में TARINI DHIMAR S/O AGANU DHIMAR दर्ज है। यही नाम मेरी पुत्री की अंकसूची एवं अन्य दस्तावेज में दर्ज है एवं आधार कार्ड में कु. तारिणी दर्ज है।
3. यह कि मैं अपने पुत्री का आधार कार्ड कु. तारिणी को त्याग कर नया नाम तारिणी ढीमर पिता अगनू ढीमर एवं अंग्रेजी में TARINI DHIMAR S/O AGANU DHIMAR रखना चाहता हूं एवं भविष्य में मेरी पुत्री का नाम इसी नाम से जानी व पहचानी जावेगी जो सत्य एवं सही है।
4. यह कि दोनों नामों में एकरूपता लाने में मैं आवेदक छत्तीसगढ़ राजपत्र में अपनी पुत्री का नाम परिवर्तन करना चाहता हूं।

अतः श्रीमान से विनम्र है कि मेरी पुत्री का पूर्व नाम को विलोपित कर नया नाम दर्ज कर छत्तीसगढ़ राजपत्र में नाम परिवर्तन का प्रकाशन किये जाने की दया हो।

स्थान-राजनांदगांव
दिनांक - 26/12/2025

आवेदक
अगनू

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना
ई-टेंडर नोटिस नं./TRS-BIA-25-26-TM-24

कार्य का नामः- इलेक्ट्रिक लोको शेड भिलाई के 3-फेज ट्रैक्शन मोटर टाइप 6FRA 6068 के स्टेटर की रिवाइंडिंग और रोटर की री-शाफ्टिंग। काम की लागत- रुपये 1,68,15,000/- (रुपये एक करोड़ अड़सठ लाख पंद्रह हजार मात्र), बोली सुरक्षा/बयाना राशि जमाः- रुपये 2,34,100/- (रुपये दो लाख चौंतीस हजार एक सौ मात्र) कार्य की पूर्णता अवधिः स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) महीने। निविदा समाप्ति की तिथि और समय- 22.01.2026 को 11:30 बजे। वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं: http://www.ireps.gov.in

वरि. मण्डल विद्युत अभियंता (क.व.स्टा.)
पीआर/आर/टीआरएस/ट्रान्स/279 द.पू.म.रेलवे, भिलाई
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विविध इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्रम सं. (1) : ई-निविदा संख्या : DRM-ENGG-BSP-T-170-25-26 दिनांक 30/12/2025. कार्य : बिलासपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल अभियंता उत्तर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत [illegible] निविदा मूल्य : ₹6,66,93,404/- । अमानत राशि : ₹4,83,500/- । कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह।

क्रम सं. (2) : ई-निविदा संख्या : DRM-ENGG-BSP-T-171-25-26 दिनांक 30/12/2025. कार्य : बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता/मनेन्द्रगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत [illegible] निविदा मूल्य : ₹4,46,21,362/- । अमानत राशि : ₹3,73,100/- । कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह।

क्रम सं. (3) : ई-निविदा संख्या : DRM-ENGG-BSP-T-172-25-26 दिनांक 30/12/2025. कार्य : [illegible] निविदा मूल्य : ₹2,86,82,181/- । अमानत राशि : ₹2,93,400/- । कार्य पूर्णता की अवधि : 12 माह।

निविदा जमा करने की आरंभ तिथि :– दिनांक 09.01.2026 से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि :– दिनांक 23.01.2026 को 11:00 बजे तक। उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। [illegible]

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंता)
सीपीआरओ/10/578 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

मकर संक्रांति पर्व की तैयारी जोरों पर

नगरी/नवप्रदेश। महर्षि श्रृंगि ऋषि की तपोस्थली महेंद्रगिरी पर्वत सिहावा में मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर तीन दिवसीय विष्णु महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस 14 जनवरी को शाम संत स्वागत, देव स्वागत एवं बेदी पूजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 15 जनवरी ब्रह्म मुहूर्त में मकर स्नान, महाआरती एवं यज्ञ हवन किया जाएगा।

तृतीय दिवस 16 जनवरी दोपहर पूर्णाहुति, महाआरती, संत एवं देव बिदाई किया जाएगा। तीनों दिवस भंडारा का आयोजन श्री श्रृंगी ऋषि विकास समिति द्वारा किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष संजय सारथी ने बताया कि प्रतिवर्ष मकर सक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले इस महायज्ञ में दूर दूर से सन्तान की कामना लेकर श्रद्धालू सम्मिलित होते है जिसकी तैयारी में समिति जुटा हुआ है।

मड़ई मेले का आयोजन 8 को

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम डोगरडुला में मड़ई मेला 8 जनवरी को है जिसमे छत्तीसगढ़ नाचा का मनोरंजन कार्यकम खरियार रोड नुवापाड़ा उड़ीसा आयोजन किया जा रहा है जिसमे अध्यक्ष राम जीवन बघेल सरपंच स्मृति नेताम, ग्राम पटेल रघु राम यादव, पूर्व सरपंच प्रताप साहू सचिव पुरानिक नेताम उपाध्यक्ष अनराज साहूनरेंद्र साहू, मनरखन साहू एवं समस्त गांव वासियों बड़ी संख्या में होगा।

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन
व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
ई-मेल- eocghbzone1@gmail.com
आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजना के अतंर्गत, एल.आई.जी. भवनों में से फ्लैट/भवन क्रमांक एल.आई.जी. -52/618 प्रथम-तल में श्रीमती जयश्री वैष्णव पिता श्री अमीत कुमार वैष्णव को स्ववित्तीय / एकमुश्त आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 11.02.2021 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट/भवन के विक्रय हेतु दिनांक 22.12.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त फ्लैट/भवन श्री मुकेश कुमार जायसवाल पिता श्री मोतीलाल जायसवाल के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की हैं।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जायेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. - 3)
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
Email ID - rmczone3@gmail.com
ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 27076 दिनांक 02.01.2026
वार्ड का नाम- 47 - मदर टेरेसा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 47 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. **RPR443D0066A** जो की निगम अभिलेख श्री/ श्रीमती **SOMESH ROCHLANI S/O MURLI DHAR, PARESH ROCHLANI URF PARESH S/O MURLI DHAR, SANJAY ROCHLANI S/O MURLI DHAR** पिता / पति श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती **VIKASH KESHWANI** पिता /पति श्री/श्रीमती **INDRA LAL KESHWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

" सूचना जारी करे "
श्रीमती प्रीति सिंह
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

RAIPUR MUNICIPAL CORPORATION
ZONE -07
MANGLAM COMPLEX, AGRASEN CHOWK RAIPUR (C.G.)

Ref.60/RMC/NNR/Zone07/2026 Raipur, Date 01.01.2026

EOI-EXPRESSION OF INTEREST
// रेनवॉटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु रूचि की अभिव्यक्ति //

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 07 क्षेत्रांतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों / व्यवसायिक परिसरों / औद्योगिक उपक्रमों में रेनवॉटर हार्वेस्टिंग हेतु अनुमोदित डिजाईन, ड्राईंग एवं स्वीकृत दर अनुसार निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत अशासकीय संगठनों (एन.जी.ओ) स्व-सहायता समूह, असंगठित कामगारों की पंजीकृत समितियों, बेरोजगार इंजीनियर्स (सिविल), इच्छुक फर्म, निगम में रजिस्टर्ड जियो हाईड्रोलॉजिस्ट, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम क्षेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से रूची की अभिव्यक्ति मैनुअल पद्धति से दिनांक 24/01/2026 को शाम 5.00 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है एवं राशि रू. 1000 का (नॉन रिफंडेबल) डिमांड ड्राफ्ट आवेदन / प्रस्ताव के साथ राशि रू. 25000 का एफ.डी. आर. आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर के नाम पर देय प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग के प्राक्कलन तथा दरों से संबंधित विस्तृत जानकारी जोन क्रमांक 07 नगर पालिक निगम रायपुर कार्यालय पता- मंगलम काम्पलेक्स तृतीय तल कक्ष क्रमांक 3 एवं कक्ष क्रमांक 7 से कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त किया जा सकता है। एफ.डी.आर एवं डी.डी नहीं पाये जाने पर संबंधित आवेदक को अपात्र माना जावेगा।

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक 07
नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग.

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.
निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक. 2292/NIT-36/2025-26/व.ले.लि. नवा रायपुर दिनांक 01/01/2026

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से निम्नालिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है -

एनआईटी क्र. निविदा क्र.	कार्य का नाम / No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
36 T0112	**Electrification work for Estimate for Electrification work for Construction of EE Chamber Technical Section and Store Room Under PWD (B & R) Division Office Campus at Mahasamund Dist Mahasamund (C.G.)** प्रथम आमंत्रण	4.62
36 T0113	**महासमुंद, छत्तीसगढ़ में आबकारी विभाग के कार्यालय सह गोदाम के निर्माण के लिए विद्युतीकरण का कार्य।** प्रथम आमंत्रण	7.47
36 T0114	**स्ट्रीट लाईट का मरम्मत और विद्युतीकरण कार्य, हाडाबंद आरओबी ब्लॉक बागबाहरा जिला महासमुंद (छ.ग.)** प्रथम आमंत्रण	8.52

नोट- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि दिनाक 15/01/2026 अपरान्ह 5.30 बजे तक है।
निविदा सबधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्ते - 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
जी- 252605792/1 **लो.नि.वि. वि./यां. संभाग नवा रायपुर छ.ग.**

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग गरियाबंद, जिला-गरियाबंद (छ.ग.)

निविदा सूचना क्र. 14 / व.ले.लि./2025-26 **दि. 01/01/2026**

मैन्युअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)

निविदा प्रस्तुत करने के संबंध में सभी आवश्यक शर्ते विक्रय हेतु उपलब्ध निविदा प्रपत्र में दी गई है।

रा.क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि रू. में
1	2	3	4
1.	**गरियाबंद जिले के राजिम कुम्भ (कल्प) मेला 2026 के लिए शाही स्नान कुण्ड प्रोटेक्शन कार्य।**	**रू. 9.97 लाख**	**Rs. 7,500/-**

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 750/- प्रत्येक एवं कार्य पूर्ण करने हेतु समयावधि 01 माह वर्षाकाल सहित।

निविदा प्रपत्र एवं निविदा से संबंधित अन्य विवरण संबंधी जानकारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग गरियाबंद के कार्यालय में दिनांक 06.01.2026 तक कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिन को छोड़कर) प्राप्त कर सकते है तथा निविदाएँ दिनांक 09.01.2026 को कार्यालयीन समय तक अर्थात् अपरान्ह 5.00 बजे तक कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग गरियाबंद में मात्र रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड पोस्ट के माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम, जैसे व्यक्तिगत डिलीवरी, कुरियर सेवा इत्यादि, से प्राप्त नहीं की जावेगी।

टीप - निविदा से संबंधित समस्त जानकारी कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग गरियाबंद कार्यालयीन समय में प्राप्त कर सकते है।

कार्यपालन अभियंता
जी- 252605798/2 **जल संसाधन संभाग गरियाबंद, जिला- गरियाबंद (छ.ग.)**

राज्यपाल डेका ने सरस्वती शिक्षा संस्थान को प्रदान किए ई- रिक्शे

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज लोकभवन में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर को चार ई-रिक्शे प्रदान किए। उन्होंने लोकभवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अपने स्वेच्छानुदान मद से चार ई-रिक्शे की चाबी वाहन चालकों को सौंपी और हरी झंडी दिखाकर वाहनों को रवाना किया।

इन वाहनों का उपयोग विभिन्न सरस्वती शिक्षा संस्थानों में किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ. पुर्णेन्द्रु सक्सेना सहित संस्थान के पदाधिकारी उपस्थित थे।

महंगी बिजली का झटका, छह हजार करोड़ के घाटे की याचिका



जनसुनवाई के बाद तय होगा टैरिफ

❑ पॉवर कंपनी ने करीब छह हजार करोड़ के राजस्व की जरूरत बताते हुए टैरिफ में इजाफा करने की मांग रखी

रायपुर/नवप्रदेश। नए सत्र 2026-27 के लिए बिजली का नया टैरिफ तय करने के लिए छत्तीसगढ़ राज्य बिजली नियामक आयोग में छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने जो याचिका लगाई है, उसमें छह हजार करोड़ का घाटा बताया गया है। ऐसे में यह तय है कि इस साल भी महंगी बिजली का झटका लगेगा। अब यह झटका कितना बड़ा होगा, इसका फैसला तो नियामक आयोग करेगा। पिछली बार पॉवर कंपनी ने पांच हजार करोड़ का घाटा बताया था, इसको आयोग ने पांच सौ करोड़ माना था। इस बार आयोग जितना घाटा मानेगा, उसके हिसाब से टैरिफ तय होगा। टैरिफ तय करने से पहले जनसुनवाई भी होगी।

नियमों के मुताबिक पॉवर कंपनी को दिसंबर माह में नए सत्र के टैरिफ के लिए याचिका लगानी रहती है। पॉवर कंपनी ने आयोग से 31 दिसंबर तक का समय याचिका लगाने के लिए मांगा था। इसके एक दिन पहले ही 30 दिसंबर को पॉवर कंपनी ने अपनी याचिका लगा दी है। इस याचिका में पूरा लेखा-जोखा देते हुए पॉवर कंपनी ने बताया है कि नए सत्र 2026-27 में उसको कितने का राजस्व मिलेगा और उसका खर्च कितना है। इस सत्र के फायदे के साथ पुराना घाटा भी बताया गया है। नए सत्र के फायदे को पुराने घाटे में कम करने के बाद भी पॉवर ने करीब छह हजार करोड़ के राजस्व की जरूरत बताते हुए टैरिफ में इजाफा करने की मांग रखी है।

पांच हजार करोड़ के घाटे को माना था पांच सौ करोड़

चल रहे वित्तीय वर्ष की बात करें तो पॉवर कंपनी ने नियामक आयोग में जो याचिका लगाई थी, उसमें करीब पांच हजार का घाटा बताया था, लेकिन आयोग ने इसको पांच सौ करोड़ माना था। कंपनी द्वारा मांग की गई वार्षिक राजस्व आवश्यकता 28397.64 करोड़ रुपए के स्थान पर 25636.38 करोड़ रुपए मान्य किया गया था। वितरण कंपनी द्वारा इस वित्तीय वर्ष हेतु अनुमानित विद्युत विक्रय 35727 मिलियन यूनिट के स्थान पर 36540 मिलियन यूनिट मान्य की गई थी। इसी तरह वितरण कंपनी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विद्युत की अनुमानित बिक्री पर प्रचलित टैरिफ से अनुमानित 4947.41 करोड़ रुपए राजस्व घाटे के स्थान पर 523.43 करोड़ रुपए मान्य किया था। पॉवर कंपनी के घाटे को पूरा माना जाता तो दरें 20 फीसदी तक बढ़ानी पड़ती लेकिन आयोग के घाटा पांच सौ करोड़ माना था इसलिए दरें दो फीसदी से भी कम बढ़ाई गई थी। अब इस बार आयोग पॉवर कंपनी का कितना घाटा मानता है, उसके हिसाब से ही नया टैरिफ तय होगा।

गिद्ध संरक्षण में छत्तीसगढ़ की नई उड़ान, इंद्रवती टाइगर रिजर्व बना देश का मॉडल

गिद्धों के लिए हुई 'वुल्चर सेफजोन' की स्थापना

❑ वन्यजीव प्रबंधन को मिली नई वैज्ञानिक दिशा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के इंद्रावती टाइगर रिजर्व ने गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में देशभर के लिए एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। मध्य भारत के सबसे स्वच्छ नदी-वन पारिस्थितिकी तंत्रों में शामिल यह रिजर्व अब केवल बाघों और जंगली भैंसों का ही नहीं, बल्कि विलुप्तप्राय गिद्धों के संरक्षण का भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है। गिद्ध पर्यावरण के 'सफाईकर्मी' हैं और इनके बिना बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व और वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप के निर्देशानुसार इंद्रावती के टाइगर रिजर्व क्षेत्र में गिद्धों सुरक्षित क्षेत्रों का निर्माण कर इनकी घटती आबादी को बचाना और बढ़ाना है, क्योंकि गिद्ध पर्यावरण के 'सफाईकर्मी' हैं और इनके बिना बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है द्य गिद्धों के अस्तित्व पर जहरीली दवाओं, असुरक्षित शव निपटान और मानव हस्तक्षेप जैसे गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए इंद्रावती टाइगर रिजर्व में उपग्रह (सैटेलाइट) टेलीमेट्री आधारित निगरानी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

गौरतलब है कि वर्ष 2022 से 2025 के बीच गिद्ध संरक्षण के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। राज्य में पहली बार दो गिद्धों की सैटेलाइट ट्रैकिंग के माध्यम से 18,000 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले जीपीएस डेटा पॉइंट्स प्राप्त किए गए हैं, जिससे वन्यजीव प्रबंधन को नई वैज्ञानिक दिशा मिली है। इस सफलता में क्षेत्रीय जीवविज्ञानी श्री सूरज कुमार के नेतृत्व में गिद्ध मित्र दल (गिद्ध संरक्षण स्वयंसेवक दल) की अहम भूमिका रही है। यह दल घोंसलों की निगरानी, शवों के सुरक्षित प्रबंधन और स्थानीय समुदायों को संरक्षण से जोड़ने का कार्य कर रहा है।

गिद्ध लगभग 10,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में रहते हैं सक्रिय

छत्तीसगढ़ में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है, जिसमें उच्च-रिज़ॉल्यूशन गिद्ध गतिविधि डेटा का उपयोग संरक्षण कार्यों की दिशा तय करने के लिए किया जा रहा है। अब तक के आंकड़ों से पता चला है कि गिद्ध लगभग 10,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं और घने जंगलों व मानव बस्तियों के बीच लगातार आवाजाही करते हैं।

वुल्चर रेस्टोरेंट की हो रही स्थापना

संरक्षण प्रयासों के तहत उप-निदेशक संदीप बलागा के पर्यवेक्षण में वुल्चर रेस्टोरेंट की स्थापना भी की गई है। यह नियंत्रित भोजन स्थल हैं, जहां केवल पशु चिकित्सा परीक्षण के बाद एनएसएआईडी-मुक्त शव ही रखे जाते हैं। इससे गिद्धों को सुरक्षित भोजन मिल रहा है। साथ ही ये केंद्र सामुदायिक शिक्षा के केंद्र के रूप में भी कार्य कर रहे हैं, जहां स्कूलों और स्थानीय युवाओं को पारिस्थितिकी तंत्र में गिद्धों के महत्व के बारे में जानकारी दी जा रही है।

इसी सामुदायिक सहयोग का परिणाम है कि गुड्डा सारी गुट्टा जैसे दुर्गम क्षेत्रों में पहली बार निर्बाध प्रजनन सुनिश्चित हो सका है।

गिद्ध सुरक्षित क्षेत्र की स्थापना

भविष्य की रणनीति के तहत कार्यक्रम के तीसरे चरण का नेतृत्व भी उप-निदेशक संदीप बलागा करेंगे। इस चरण में तीन अतिरिक्त गिद्धों की सैटेलाइट टैगिंग, 50 से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन, पंचायतों की भागीदारी से 100 किलोमीटर क्षेत्र में 'गिद्ध सुरक्षित क्षेत्र' की स्थापना तथा छत्तीसगढ़ की पहली गिद्ध पुनर्वास कार्ययोजना के प्रकाशन का लक्ष्य रखा गया है द्य तकनीक, पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक सहभागिता को एक सूत्र में पिरोते हुए इंद्रावती टाइगर रिजर्व यह संदेश दे रहा है कि दूरदर्शी नेतृत्व में जंगल और लोग साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं।

बैंक ऑफ बड़ौदा, देवपुरी शाखा के नए परिसर का उद्घाटन समारोह

❑ इस नवीन परिसर का उद्घाटन दिनांक02 जनवरी 2026 को किया जाएगा

रायपुर/नवप्रदेश। बैंक ऑफ बड़ौदा, देवपुरी शाखा कानए पते निताश आर्केड अम्लिडीह मोड़, मैन रोड देवपुरी रायपुर (छ. ग.), 492015परस्थानांतरण हो गया है । इस नवीन परिसर का उद्घाटन दिनांक02 जनवरी 2026 को किया जाएगा । इस अवसर पर मुख्य अतिथि बैंक ऑफ़ बड़ौदा,रायपुर अंचल के अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक श्री दिवाकर पी. सिंह रहेंगे ।

उद्घाटन समारोह में रायपुर क्षेत्र के उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख श्री किसलय प्रसाद , उप क्षेत्रीय प्रमुख श्री प्रदीप कुमार यादव , बैंक के स्टाफ सदस्य , स्थानीय नागरिक एवं ग्राहकगण उपस्थित रहेंगे । इस अवसर पर बैंक के महाप्रबंधक श्री दिवाकर पी. सिंह ग्राहकों के साथ संवाद भी करेंगे । नया परिसर पूर्व की तरह सभी बैंकिंग सुविधाओं से युक्त है, जिसका उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर, तेज़ एवं सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करना है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सदैव ग्राहक सेवा, डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय समावेशन को प्राथमिकता देता रहा है। देवपुरी शाखा का नया परिसर क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

राज्यपाल ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय को प्रदान किए पांच कम्प्यूटर

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका ने बालिकाओं की शिक्षा को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में सराहनीय पहल करते हुए कस्तूबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, राजपुर कला लखनपुर जिला सरगुजा की छात्राओं के लिए अपने स्वेच्छानुदान मद से पांच कम्प्यूटर प्रदान किए है। राज्यपाल ने सरगुजा जिले के प्रवास के दौरान उक्त आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने छात्राओं की शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया और विद्यालय में सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से अतिरिक्त कम्प्यूटर उपलब्ध कराने की स्वीकृति दी थी। जिसके फलस्वरूप आज विद्यालय को लोकभवन में राज्यपाल के हाथों पांच कम्प्यूटर प्राप्त हुए। इस सुविधा से छात्राओं की पढ़ाई में गुणात्मक सुधार आएगा और वे डिजिटल शिक्षा से बेहतर रूप से जुड़ सकेंगी। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर प्रसन्ना, विद्यालय की अधीक्षिका श्रीमती अनुराधा सिंह एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

भिम्भौरी जलाशय के कार्यों के लिए 4.22 करोड़ रूपए स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा रायपुर जिले के विकासखण्ड-धरसींवा की भिम्भौरी जलाशय की नहर लाईनिंग एवं जीर्णोद्वार कार्य के लिए 4 करोड़ 22 लाख 25 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के प्रस्तावित कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत रूपांकित सिंचाई क्षमता 200 हेक्टेयर के विरूद्ध 90 हेक्टेयर की हो रही कमी की पूर्ति सहित पूर्ण रूपांकित क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से जलाशय योजना के कार्यों को कराने मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

विशाखापट्टनम-रायपुर पैसेंजर ट्रेन 3 दिन तक रहेगी रद्द

❑ वंदे भारत भी रायगड़ा तक ही चलेगी, सेक्शन अपग्रेडेशन का चल रहा काम

रायपुर/नवप्रदेश। ईस्ट कोस्ट रेलवे के वॉल्टेयर मंडल अंतर्गत रायगड़ा-विजयनगरम सेक्शन में अपग्रेडेशन काम के चलते कई ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। इस कारण विशाखापट्टनम-रायपुर-विशाखापट्टनम पैसेंजर ट्रेन तीन दिन रद्द रहेगी। वहीं दुर्ग-विशाखापत्तनम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन सीमित कर दिया गया है।

रद्द रहने वाली ट्रेनें

रेलवे प्रशासन के अनुसार ट्रेनें 5, 12 और 19 जनवरी 2026 को रद्द रहेंगी।

- 58528 विशाखापट्नम-रायपुर पैसेंजर
- 58527 रायपुर-विशाखापट्नम पैसेंजर

रायगड़ा तक ही चलेगी वंदे भारत

अपग्रेडेशन कार्य के कारण वंदे भारत एक्सप्रेस को गंतव्य से पहले समाप्त/प्रारंभ किया जाएगा 20829 दुर्ग-विशाखापट्नम वंदे भारत एक्सप्रेस 5, 12 और 19 जनवरी 2026 को दुर्ग से चलकर रायगड़ा में समाप्त होगी। 20830विशाखापट्नम-दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस इन तिथियों में विशाखापट्नम के स्थान पर रायगड़ा से दुर्ग के लिए रवाना होगी। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति की पुष्टि कर लें और वैकल्पिक व्यवस्था का उपयोग करें।

नाम बदलने से नहीं दृढ़ इच्छा शक्ति से खत्म होगा अपराध : कन्हैया

❑ महाराष्ट्र की कमिश्नर प्रणाली की जरूरत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने रायपुर पुलिस विभाग में कमिश्नर प्रणाली लागू किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि पदनाम बदलने से पहले अपराध पर नियंत्रण पाने के लिए दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ सरंक्षण पर रोक की जरूरत है । प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ जहां अपराधियों का गढ़ बन गया है वहीं राजधानी रायपुर अपराधियों की शरण स्थली और मुख्यालय हो गई है । राजधानी में अवैध शराब, गांजा, सट्टा, जुआ के साथ अफीम चरस का कारोबार गली-गली में फैलने के साथ ही अब तो हेरोइन और अन्य मादक पदार्थ भी सामान्य रूप से मिलने लगे हैं । नशे के धंधे में कब्जे की होड़ ,सट्टा खिलाने के लिए एरिया में कब्जे की होड़ ने अपराध के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं । एक दिन भी ऐसा नहीं गुजर रहा है जिस दिन शहर के अंदर चाकूबाजी, लूट, डकैती, हत्या , बलात्कार जैसी वारदात नहीं हो रही हो । छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराधों खास तौर पर राजधानी रायपुर में बढ़ते अपराध पर रोक लगाने के लिए प्रदेश के मुखिया ने पुलिस में कमिश्नर प्रणाली लागू करने रायपुर से शुरुआत करने की घोषणा की है।

बस्तर पंडुम 2026 बनेगा विश्व-स्तरीय सांस्कृतिक आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर अंचल की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला, लोकपरंपराओं और विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से 'बस्तर पंडुम' का आयोजन वर्ष 2026 में भी गत वर्ष की भांति भव्य एवं आकर्षक रूप में किया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने दंतेवाड़ा में माँ दंतेश्वरी के आशीर्वाद के साथ मंदिर प्रांगण में बस्तर पंडुम का लोगो एवं थीम गीत का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने नववर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि बस्तर पंडुम बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का सशक्त मंच है। उन्होंने कहा कि आज माँ दंतेश्वरी के इस पावन प्रांगण से बस्तर पंडुम 2026 का शुभारंभ हो रहा है। यहाँ बस्तर पंडुम 2026 का लोगो और थीम गीत का विमोचन किया गया है। बस्तर पंडुम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि बस्तर की आत्मा है। यह हमारी समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोकपरंपराओं, कला और विरासत का जीवंत मंच है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की असली पहचान हमारी आदिवासी परंपराओं में है। हम नृत्य, गीत, शिल्प, व्यंजन, वन-औषधि और देवगुड़ियों के माध्यम से इन परंपराओं और संस्कृति को जीते हैं। पिछले वर्ष हमने बस्तर पंडुम की शुरुआत की थी। समापन अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह भी हम सबके बीच आए थे। इस वर्ष हम राष्ट्रपति , केंद्रीय गृहमंत्री, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री तथा भारत में नियुक्त विभिन्न देशों के राजदूतों को भी आमंत्रित कर रहे हैं। पिछली बार बस्तर पंडुम को लेकर बस्तरवासियों का जो उत्साह और जोश देखने को मिला, वह अभूतपूर्व था। इस बार हम इसे और अधिक भव्य बना रहे हैं, ताकि यहाँ की धरोहर राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष बस्तर पंडुम की प्रतिस्पर्धाओं में विधाओं की संख्या सात से बढ़ाकर बारह कर दी गई है।

इनमें जनजातीय नृत्य, गीत, नाट्य, वाद्ययंत्र, वेशभूषा, आभूषण, पूजा-पद्धति के साथ ही शिल्प, चित्रकला, पारंपरिक व्यंजन-पेय, आंचलिक साहित्य और वन-औषधि को भी शामिल किया गया है। इस बार बस्तर पंडुम प्रतियोगिता का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा।

पंडुम का अर्थ पर्व होता है

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि 'पंडुम' का अर्थ पर्व होता है। बस्तर में खुशियों को बढ़ाने के लिए समय-समय पर विभिन्न पर्व (पंडुम) मनाए जाते हैं। किसी भी पर्व की शुरुआत माता के आशीर्वाद से करने की परंपरा रही है। इसी तारतम्य में बस्तर पंडुम की शुरुआत माँ दंतेश्वरी के मंदिर परिसर से की जा रही है। बस्तर समृद्ध संस्कृति से परिपूर्ण है। यहाँ निवास करने वाली जनजातियों की कला, शिल्प, नृत्य, संगीत और खानपान को समाहित कर बस्तर पंडुम 2026 का आयोजन किया जा रहा है।

इंदौर में पानी नहीं जहर बंटा और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में: राहुल

इंदौर/नवप्रदेश। देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में दूषित पीने के पानी से दस्त और उल्टी की महामारी फैल गई है। इस वजह से कम से कम 15 लोगों की मौत हो चुकी है और 1400 से ज्यादा लोग बीमार पड़ चुके हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए सूबे की बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने इसे सरकार की लापरवाही बताया और जिम्मेदार अफसरों व नेताओं पर कार्रवाई की मांग की। घटना ने पूरे शहर को हिला दिया है, क्योंकि इंदौर पिछले 8 सालों से लगातार भारत का सबसे स्वच्छ शहर चुना जाता रहा है।

'जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी?'

राहुल गांधी ने 'X' पर एक पोस्ट में कहा, 'इंदौर में पानी नहीं, जहर बंटा और प्रशासन कुंभकर्णी नींद में रहा। घर-घर मातम है, गरीब बेबस हैं और ऊपर से बीजेपी नेताओं के अहंकारी बयान। जिनके घरों में चूल्हा बुझा है, उन्हें सांत्वना चाहिए थी; सरकार ने घमंड परोस दिया। लोगों ने बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की, फिर भी सुनवाई क्यों नहीं हुई? सीवर पीने के पानी में कैसे मिला? समय रहते सप्लाई बंद क्यों नहीं हुई? जिम्मेदार अफसरों और नेताओं पर कार्रवाई कब होगी?'

'मध्य प्रदेश अब कुप्रशासन का एपिसेंटर बन चुका है'

राहुल गांधी ने आगे कहा, 'ये 'फोकट' सवाल नहीं ये जवाबदेही की मांग है। साफपानी एहसान नहीं, जीवन का अधिकार है। और इस अधिकार की हत्या के लिए बीजेपी का डबल इंजन, उसका लापरवाह प्रशासन और संवेदनहीन नेतृत्व पूरी तरह जिम्मेदार है। मध्य प्रदेश अब कुप्रशासन का एपिसेंटर बन चुका है, कहीं खांसी की सिरप से मौतें, कहीं सरकारी अस्पताल में बच्चों की जान लेने वाले चूहे, और अब सीवर मिला पानी पीकर मौतें। और जब-जब गरीब मरते हैं, मोदी जी हमेशा की तरह खामोश रहते हैं।'

पाइपलाइन में रिसाव की वजह से पानी गंदा हो गया था

इंदौर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर माधव प्रसाद हसानी ने गुरुवार को बताया कि शहर के एक मेडिकल कॉलेज की लैब रिपोर्ट से साफहुआ है कि भागीरथपुरा इलाके में पीने के पानी की पाइपलाइन में रिसाव की वजह से पानी गंदा हो गया था। इसी इलाके से महामारी की शुरुआत हुई। डॉक्टर हसानी ने रिपोर्ट के नतीजे विस्तार से नहीं बताए, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि भागीरथपुरा में एक पुलिस चौकी के पास मुख्य पानी की पाइपलाइन में रिसाव पाया गया था। उस जगह के ठीक ऊपर एक शौचालय बनाया गया है। उन्होंने दावा किया कि इसी रिसाव से इलाके के पानी की सप्लाई गंदी हो गई। एक लैबोरेटरी जांच ने इसकी पुष्टि कर दी है कि दस्त और उल्टी की महामारी फैलने की वजह पीने का पानी गंदा होना है।

कश्मीर में आतंकी साजिश नाकाम: गांदरबल में दो ग्रेनेड, चीनी पिस्तौल बरामद, दो मददगार गिरफ्तार

गांदरबल/ए.। जम्मू-कश्मीर पुलिस की आतंकियों और उनके मददगारों के खिलाफकार्रवाई जारी है। पुलिस ने वीरवार को मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में एक महिला सहित दो आतंकी मददगारों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार, दो हैंड ग्रेनेड और आठ लाख से ज्यादा की नकदी बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांदरबल पुलिस ने देर शाम स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया था। गुंडरेहमान के पास नाका लगाकर चेकिंग की गई। इस दौरान सूचना के आधार पर एक

लोड कैरियर को रोका। तलाशी लेने पर वाहन में 1 चीनी पिस्तौल, पिस्तौल की 1 मैगजीन, पिस्तौल के 4 कारतूस, 2 हैंड ग्रेनेड और 8,40,500 नकदी बरामद की गई। साथ ही आतंकी मददगार गुलाम नबी मीर निवासी हाजिन बांदीपोरा और शबनम नजीर निवासी शालाबुग, गांदरबल को गिरफ्तार किया गया। बरामद हथियारों से जुड़े स्रोत का पता लगाने में जुटी पुलिसः प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां अधिनियम और शस्त्र अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत पुलिस थाना गांदरबल में मामला दर्ज कर लिया गया है। बरामद हथियार, गोला-बारूद और कैश से जुड़े स्रोत, मकसद और संभावित संबंधों का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जिले में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

अवंतीपोरा में जमात के सदस्य के घर पर छापा

अवंतीपोरा पुलिस ने वीरवार को प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी के सदस्य के घर छापा मारकर आपत्तिजनक सामग्री व डिजिटल डिवाइस बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कार्रवाई अवंतीपोरा थाने में दर्ज एफआईआर के संबंधी डाडसरा में की गई। कई लोगों से पूछताछ कर कानूनी प्रावधानों के तहत पाबंद किया गया है। यह तलाशी अभियान आतंकी इकोसिस्टम और उसके सपोर्ट स्ट्रक्चर को खत्म करने के लिए चल रहे प्रयासों के तहत चलाया गया है।

आईआईटी खड़गपुर ने छात्रों को क्षितिज 2026 में भाग लेने किया आमंत्रित

नई दिल्ली। आईआईटी खड़गपुर अपने प्रतिष्ठित वार्षिक टेक्नो-मैनेजमेंट महोत्सव 'क्षितिज 2026' का आयोजन 16 जनवरी से 18 जनवरी 2026 तक करने जा रहा है। इस 23वें संस्करण में 40 से अधिक कार्यक्रम शामिल होंगे, जिनमें प्रतियोगिताएँ, कार्यशालाएँ, अतिथि व्याख्यान, इंटरएक्टिव सत्र और प्रदर्शनियों का समावेश होगा। यह महोत्सव छात्रों को तकनीक और प्रबंधन के नवीनतम नवाचारों से रूबरू कराने का एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। महोत्सव का भव्य उद्घाटन 16 जनवरी को होगा। प्रमुख आकर्षणों में डीआरडीओ, भारतीय वायुसेना, और अत्यंत आकर्षक कनाडियन ड्रोन लाइट शो की प्रदर्शनियाँ शामिल होंगी। इसके अलावा ऑटो एक्सपो,

डीजे नाइट और कई मनोरंजक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। पूर्व में क्षितिज ने प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों जैसे डॉ. ए. वेल्लुमणी (संस्थापक, थायरोकेयर), सबीर भाटिया (संस्थापक, हॉटमेल).. प्रेरणादायी वक्ता डॉ. तनू जैन, और प्रसिद्ध शिक्षक मेंटर विजेंद्र सिंह चौहान को आमंत्रित किया है।

बल्लरी हिंसा मामले में विधायक समेत 11 के खिलाफ एफआईआर दर्ज

घटना में कई लोग घायल हुए

बंगलूरू। कर्नाटक के बल्लारी में गुरुवार को हुई हिंसा के मामले में भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी समेत 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं हिंसा के बाद बल्लारी में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। दरअसल बैनर लगाने को लेकर कांग्रेस विधायक भरत रेड्डी और भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी के समर्थक आपस में भिड़ गए थे। इस हिंसा में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

तनाव को देखते हुए इलाके में भारी पुलिस बल तैनात

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया 'फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती की गई है। हालात अभी शांतिपूर्ण हैं और सभी एहतियाती कदम उठाए गए हैं और यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी अवांछित घटना न हो।' सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिख रहा है कि एक व्यक्ति हथियार लहरा रहा है और हवाई फायरिंग कर रहा है। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को भाजपा विधायक जनार्दन रेड्डी, पूर्व मंत्री और भाजपा नेता श्रीरामुलु, शेखर, अलिखन और सोमशेखर रेड्डी समेत 11 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

जर्मनी में भारतीय छात्र की मौत,पसरा मातम

बर्लिन (जर्मनी)। जर्मनी की राजधानी बर्लिन में एक भारतीय छात्र की बुधवार की रात भीषण अग्निकांड में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उनके अपार्टमेंट में भीषण आग लगी। आग और घने धुएं से बचने की कोशिश में छात्र अपार्टमेंट की ऊपरी मंजिल से कूद गया और उसके सिर पर चोटें आईं। उसे पास के अस्पताल में ले जाया गया। लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान तेलंगाना के जंगांव जिले के मल्कापुर गांव निवासी रितिक रेड्डी के रूप में हुई है। संक्रांति के त्योहार पर उनका परिवार उनके घर

लौटने का इंतजार कर रहा था। लेकिन नए साल के पहले दिन यह हादसा हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर घर शोक में डूब गया। परिवार अब उनके असामयिक निधन से सदमे में है। रितिक रेड्डी यूरोप विश्वविद्यालय से एमएस की पढ़ाई के लिए जून 2023 में जर्मनी के मैगडेबर्ग गए थे।

भारतीय महिला हॉकी टीम में कोच शोर्ड मारिन की वापसी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ टोक्यो ओलंपिक 2020 (2021) में जमकर सुर्खियां बटोरने वाले कोच शोर्ड मारिन की फिर से वापसी हो गई है। उनका टीम इंडिया के साथ यह तीसरा कार्यकाल होगा। 14 जनवरी से वह भारतीय महिला टीम के साथ बतौर चीफ कोच जुड़ेंगे। साल 2017 में जब पहली बार उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली थी तो भारतीय महिला हॉकी टीम बुरे दौरे में थी। नीदरलैंड्स के शोर्ड ने भारतीय महिला टीम को अपनी कोचिंग में टोक्यो ओलंपिक के ब्रॉन्ज मेडल मैच तक पहुंचाया था। दुर्भाग्यवश भारतीय टीम वह मैच हार गई थी। उसके बाद टीम इंडिया चौथे स्थान पर रही थी। अब एक बार फिर से इस साल होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन गेम्स के मद्देनजर शोर्ड मारिन को बतौर चीफ कोच भारतीय महिला हॉकी टीम में वापस लाया गया है।

नए साल में भारत बना सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार

नई दिल्ली। भारत नए साल में सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में उभर रहा है, जिसमें भारतीयों में घरेलू खर्च करने के इरादे में मजबूत बढ़ोतरी हुई है। खास बात है कि खर्च को लेकर आत्मविश्वास का स्तर कई प्रमुख देशों की तुलना में ज्यादा है। नुवामा की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि करीब 60 फीसदी भारतीय उपभोक्ताओं को उम्मीद है कि वे अगले छह महीनों में अपना घरेलू खर्च बढ़ाएंगे।

मिथुन चक्रवर्ती ने ममता बनर्जी पर बोला तीखा हमला

नई दिल्ली। भाजपा नेता मिथुन चक्रवर्ती ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। मिथुन चक्रवर्ती ने ममता बनर्जी द्वारा कथित तौर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को धमकी देने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और दावा किया कि इस बार बंगाल में भाजपा सरकार बनाएगी।

महिला कर्मचारी से रात में ड्यूटी ली तो सुरक्षा गार्ड के साथ वाहन में घर तक छोड़ना होगा

■ **महिलाओं की सुरक्षा और हितों को ध्यान में रखते हुए नया नियम बनाया**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य में काम करने वाली महिलाओं की सुरक्षा और हितों को ध्यान में रखते हुए नया नियम बनाया है। नए नियम के मुताबिक रात्रि पाली में नियोजित महिला कर्मकारों को कार्यस्थल से उनके निवास तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने के लिए सुरक्षा गार्ड के साथ समुचित वाहन व्यवस्था की जायेगी। पुलिस द्वारा सत्यापित वाहन, वाहन चालक एवं सुरक्षा गार्ड का विवरण इत्यादि तथा अन्य अपेक्षित जानकारी नियोजक द्वारा रखी जायेगी। राज्य सरकार के श्रम विभाग ने यह नया नियम बनाकर लागू करने के लिए छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना से जुड़े नियम में बदलाव किया है। किसी दुकान या स्थापना या नियोजकों के वर्गों, जिस पर यह अधिनियम लागू होता है, में महिला कर्मकारों को रात्रि 09 बजे से सुबह 06 बजे तक इन शर्तों के अध्यधीन नियोजित किया जा सकेगा।

श्रम विभाग का नया नियम

ये व्यवस्था भी करनी होगी

प्रत्येक नियोजक दुकान, स्थापना के सहजगोचर स्थान पर स्थानीय पुलिस थाना, पुलिस कंट्रोल रूम एवं महिला सहायता केन्द्र का फोन नंबर प्रदर्शित करेगा। नियोजक द्वारा प्रत्येक कार्यस्थल में पर्याप्त प्रकाश, हवा के साथ-साथ स्वास्थ्य अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जावेगा। कार्यस्थल, जहां कि कर्मकारों से लगातार खड़े होकर कार्य की अपेक्षा की जाती हो वहां प्रत्येक कर्मकार के लिए पृथक से बैठने की व्यवस्था नियोजक द्वारा की जाएगी, जिससे कि कर्मकार नियत अन्तराल में आवश्यकता अनुरूप बैठ सके। प्रत्येक नियोजक अग्नि से सुरक्षा संबंधी समुचित प्रावधान का पालन करेगा।

ये नियम भी लागू होगा पालन भी करना पड़ेगा

कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 (2013 का सं. 14), जो स्थापनाओं पर लागू हो, के उपबंधों का अनुपालन किया जाएगा। नियोजक द्वारा महिला श्रमिकों के रात्रि पाली में नियोजन की सूचना उनके नियोजन के पूर्व प्रपत्र-7 में श्रम विभाग के वेब पोर्टल में ऑनलाइन माध्यम से दिया जायेगा।

शौचालय, पेयजल, विश्राम कक्ष भी होना चाहिए

प्रत्येक नियोजक अथवा नियोजकों के समूह द्वारा दुकान, स्थापना में महिला कर्मियों के लिए पृथक से मूत्रालय एवं शौचालय की व्यवस्था की जायेगी, जिसके दरवाजे में केवल अंदर की ओर से सुरक्षा सिटकनी की व्यवस्था होगी। शौचालय, विश्राम कक्ष और पेयजल की सुविधा कार्यस्थल के भीतर होनी चाहिये, जहां ऐसी महिला कर्मचारी नियोजित हों। किसी महिला को कार्यस्थल पर ठेकेदार द्वारा मातृत्व हितलाभ अधिनियम, के प्रावधानों के विरुद्ध नियोजित नहीं किया जावेगा।

अब लागू हुई ये शर्तें

रात्रिकालीन नियोजन हेतु महिला कर्मकार की सहमति प्ररूप-6 में लिया जाना आवश्यक होगा। रात्रि पाली में कम से कम 03 महिला कर्मचारी का नियोजन किया जाना आवश्यक होगा। रात्रि पाली में नियोजित महिला कर्मकारों को कार्यस्थल से उनके निवास तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने हेतु सुरक्षा गार्ड के साथ समुचित वाहन व्यवस्था की जायेगी। पुलिस द्वारा सत्यापित वाहन, वाहन चालक एवं सुरक्षा गार्ड का विवरण इत्यादि तथा अन्य अपेक्षित जानकारी नियोजक द्वारा रखा जायेगा। प्रत्येक नियोजक महिला कर्मकारों हेतु एक शिकायत पेटी रखेगा। प्रत्येक नियोजक दुकान, स्थापना के सहजगोचर स्थान पर स्थानीय पुलिस थाना, पुलिस कंट्रोल रूम एवं महिला सहायता केन्द्र का फोन नंबर प्रदर्शित करेगा।

तेज रफ्तार बाइक की पिकअप से टक्कर ट्रक ने बुजुर्ग महिला को कुचला

जगदलपुर/नवप्रदेश। नववर्ष की पहली ही रात कोंडागांव जिले में दर्दनाक सड़क हादसे सामने आए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम बफ्ना के पास एक जनवरी की रात तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े पिकअप वाहन से जा टकराई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की अब तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। वहीं दूसरी तरफएक अलग हादसे में ट्रक ने एक बुजुर्ग महिला को कुचल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि दोनों युवक हेलमेट नहीं पहने हुए थे, जिससे सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर, कोंडागांव में शुक्रवार सुबह एक और दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। नगर के संत सेवालाल चौक पर सीमेंट से लदी एक ट्रक ने एक बुजुर्ग महिला को कुचल दिया, जिससे महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। महिला के वृद्धाश्रम से जुड़ी होने की जानकारी सामने आई है। बीते 24 घंटे में जिले में हुए इन सड़क हादसों में अब तक तीन लोगों की जान जा चुकी है।

कोरबा पुलिस में बड़ा फेरबदल, चार थाना प्रभारी, दो एसआई और तीन एएसआई का तबादला

कोरबा/नवप्रदेश। नव वर्ष के आगमन के साथ ही कोरबा पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने साल के पहले दिन 4 थाना प्रभारियों, 2 उप निरीक्षकों (एसआई) और 3 सहायक उप निरीक्षकों (एएसआई) के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इस फेरबदल का उद्देश्य कानून व्यवस्था में कसावट लाना और पुलिसिंग को अधिक प्रभावी बनाना बताया जा रहा है। इस तबादला सूची के अनुसार, कई महत्वपूर्ण थाना प्रभारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। युवराज तिवारी को बालको थाना का प्रभारी बनाया गया है, जबकि मृत्युंजय पांडे को कुसमुंडा थाना की कमान सौंपी गई है। इसी तरह, आशीष कुमार सिंह अब करतला थाना का नेतृत्व करेंगे और प्रमोद कुमार डडसेना को हरदीबाजार थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, दो उप निरीक्षकों और तीन सहायक उप निरीक्षकों को भी नए पदों पर कार्यभार संभालने के लिए निर्देशित किया गया है।

कोंडागांव में किन्नर समाज ने मनाया नववर्ष

कोंडागांव/नवप्रदेश। कोंडागांव में नए साल की शुरुआत राष्ट्रभक्ति और सेवा के अनूठे उदाहरण के साथ हुई। विकास नगर स्टेडियम में कोंडागांव के किन्नर समाज ने सेना में जाने की तैयारी कर रहे युवक-युवतियों के साथ नया साल मनाया। इस अवसर पर किन्नर समाज ने अपने घरों से लाया गया पौष्टिक आहार सभी प्रशिक्षार्थियों को वितरित किया। कार्यक्रम में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, कोंडागांव की ओर से संचालित निशुल्क सैन्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक-युवतियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दी गईं। किन्नर समाज की इस पहल को राष्ट्र सेवा का कर्मठ उदाहरण माना जा रहा है। इस अवसर पर परिषद के बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा और जिला अध्यक्ष सूरज यादव ने सभी प्रशिक्षार्थियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सेना में चयन कड़ी मेहनत, अनुशासन और देशप्रेम से ही संभव है तथा युवाओं को प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

सरकारी कार्यक्रम में आमंत्रण पत्र में मिला नाम गायब, नाराज जिला पंचायत सदस्य ने किया बहिष्कार

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही। गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में के धनौली गांव में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के उद्घाटन समारोह में उस वक्त हंगामा मच गया, जब क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य पवन पैंकरा ने पाया कि आमंत्रण पत्र से उनका नाम गायब है। धनौली गांव में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के शुभारंभ कार्यक्रम में जब जिला पंचायत सदस्य पवन पैंकरा पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि प्रोटोकॉल को ताक पर रखते हुए उनका नाम आमंत्रण पत्र से हटा दिया गया था। इस अपमान से क्षुब्ध होकर, पैंकरा ने मंच के सामने ही अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले में लोकतंत्र की जगह अधिकारी राज हावी है, जहाँ अफ़सर तय कर रहे हैं कि किसे सम्मान मिले और किसे अपमान। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि अधिकारियों को ही सब चलाना है, तो चुनावों का क्या औचित्य है। जिला पंचायत सीईओ मुकेश रावटे द्वारा मामले को शांत करने के प्रयासों के बावजूद, पवन पैंकरा अपनी बात पर अड़े रहे।

छत्तीसगढ़ के प्रस्ताव को केंद्र की मंजूरी

5 जिलों में 174 किमी सड़क होगी चौड़ी और मजबूत

■ **केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 664 करोड़ 67 लाख रुपए मंजूर किए**

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में चार सड़क खंडों के मजबूतीकरण, चौड़ीकरण और उन्नयन के लिए 664 करोड़ 67 लाख रुपए मंजूर किए हैं। सीआरआईएफ से प्राप्त होने वाली इस राशि से राज्य के पांच जिलों में करीब 174 किलोमीटर सड़कों के विकास और उन्नयन के कार्य किए जाएंगे। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने गुरुवार को राशि स्वीकृति का आदेश राज्य शासन के लोक निर्माण विभाग के सचिव को भेजा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने राज्य में सड़कों के विकास के लिए इतनी बड़ी राशि देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को धन्यवाद दिया है।

सभी काम समय पर होंगे

वहीं उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने विभाग के प्रस्ताव पर सड़कों के विकास एवं उन्नयन के लिए राज्य को मिली राशि के लिए केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य में कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। राज्य में नई सड़कों के निर्माण और विद्यमान सड़कों की मजबूती व उन्नयन के लिए विभाग द्वारा पिछले दो वर्षों में 8092 करोड़ रुपए की नवीन स्वीकृति जारी की गई है। लोक निर्माण विभाग इन सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



इन जिलों में इतनी लंबी सड़कें

उल्लेखनीय है कि उप मुख्यमंत्री अरुण साव के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग द्वारा भारत सरकार को को चार सड़क खंडों के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के प्रस्ताव भेजे गए थे। इन्हें मंजूर करते हुए केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने मुंगेली जिले के कोटा-लोरमी-पंडरिया मार्ग के 21 किमी भाग में फोरलेन के निर्माण और मजबूतीकरण के लिए 156 करोड़ 33 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। कांकेर जिले में कांकेर-भानुप्रतापपुर-संबलपुर मार्ग की 48.4 किमी टू-लेन विद्यमान सतह के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण के लिए 130 करोड़ 63 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

सुकमा, दंतेवाड़ा से राजिम, महासमुंद तक होगा ये काम

केंद्र सरकार द्वारा सीआरआईएफसे सुकमा से दंतेवाड़ा मार्ग के 68 किमी लंबाई में टू-लेन सड़क के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 230 करोड़ 85 लाख रुपए तथा गरियाबंद जिले में राजिम-फिंगेश्वर-महासमुंद मार्ग में 35.5 किमी लंबाई में सड़क की मजबूती और उन्नयन के लिए 146 करोड़ 86 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। इन महत्वपूर्ण मार्गों के विकास एवं उन्नयन से इन जिलों में राज्यीय राजमार्ग तथा मुख्य जिला मार्ग अच्छी होंगी और आवागमन बेहतर होगा।

अधोसंरचना विकास, बेहतर कनेक्टिविटी : सीएम साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ को सड़क अधोसंरचना के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण स्वीकृति प्राप्त हुई है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा प्रदेश के लिए स्वीकृत इन परियोजनाओं से राज्य के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि ये सड़कें बेहतर कनेक्टिविटी, सुरक्षित परिवहन व्यवस्था और क्षेत्रीय आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएँगी।

सफायर ग्रीन हत्याकांड: बड़े ने छोटे भाई को मार दी गोली

मां के बयान पर कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद की सजा

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा थाना क्षेत्र में दो वर्ष पूर्व बड़े भाई द्वारा अपने छोटे भाई की गोली मारकर हत्या करने के चर्चित मामले में कोर्ट ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश सुबोध मिश्रा की कोर्ट में हुई। हत्या की घटना सफायर ग्रीन में हुई थी। आरोपी को कोर्ट ने उसकी मां के बयान के आधार पर सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक बसंत गोड के अनुसार कोर्ट ने पराग झा की हत्या करने के आरोप में पीयूष झा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश डायरी के अनुसार घटना के समय पीयूष नशे में धुत्त था। मामूली विवाद होने पर पीयूष ने अपने भाई के सिर पर मेड इन इटली लिखे पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी।

रिश्ता टूटने से डिप्रेशन में था

मृतक की मां ने पुलिस को बताया था कि उसके बेटे पीयूष की दिसंबर 2023 में एक युवती के साथ शादी तय हुई थी। शादी तय होने के बाद युवती के परिजनों ने शादी करने से इनकार कर दिया। इस बात से पीयूष डिप्रेशन में आ गया और शराब पीने लगा। शराब पीने के बाद पीयूष अपने भाई के साथ झगड़ा करने के साथ मारपीट करता था। उसी डिप्रेशन के चलते पीयूष ने अपने भाई की गोली मारकर हत्या की थी।

वीडियो कॉल कर हत्या की दी थी जानकारी

पीयूष को उसकी मां शांता झा तथा केयर टेकर मनोज साहू के बयान के आधार पर कोर्ट ने सजा सुनाई है। शांता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि पराग की हत्या करने के बाद पीयूष ने कॉल कर उसे अपने भाई के मरने की जानकारी दी। बेटे की मौत की बात सुन शांता अपने केयर टेकर मनोज के साथ पीयूष के घर जाने के लिए निकलने की तैयारी कर ही थी। इसी दौरान पीयूष ने अपनी मां को पुनः वीडियो कॉल कर पराग की लाश दिखाते हुए कहा कि ले देख अपने बेटे की लाश उसकी मैंने गोली मारकर हत्या कर दी है।

पिकनिक मनाकर लौट रहे दो छात्रों की मौत

■ **तेज रफ़्तार ट्रक में जा घुसी बाइक, दोनों की गई जान**

मोहला/नवप्रदेश। अंबागढ़ चौकी के ग्राम मेटेपार में दो दिन से ब्रेकडाउन अवस्था में खड़ी 14 चकका के ट्रक मे मोहला विकासखंड के ग्राम कंदाडी निवासी दो आईटीआई के छात्र घर वापसी के दौरान जा घुसे। इस दर्दनाक हादसे में घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की अकाल मौत हो गई। बताया गया कि दोनों छात्र मोहला आईटीआई के छात्र हैं जो खरखरा बांध से पिकनिक मना कर वापस लौट रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार लगभग शाम 7:30 बजे मेटेपार गांव मे बीते दो दिनों से भिलाई से सरिया लेकर हैदराबाद के लिए निकली 14 चक्का की ट्रक सीजी 07 बी 07968 इंजन का हेड खराब होने के कारण ब्रेकडाउन अवस्था में सड़क पर खड़ी हुई थी. इधर मोहला विकासखंड के ग्राम कंदाडी निवासी मोहला आईटीआई के दो छात्र सुपर स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 08 ए एच 4943 से उक्त खड़ी ट्रक में जा घुसे। इस हादसे में दोनों युवाओं कि घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना उपरांत मृतक के रूप में सेवन चिराम पिता जयसिंग चिराम उम्र 22 वर्ष जाति हल्बा, फक़ीर खरे पिता नंदकुमार खरे उम्र 22 साल निवासी कंदाडी के रूप में हुई है।

भिलाई से हैदराबाद जा रहा था ट्रक

बताया गया कि सरिया लोड कर ट्रक भिलाई से हैदराबाद के लिए निकली हुई थी दो दिनों से गाडी का हेड खराब होने के कारण राजनांदगांव चंद्रपुर हाईवे के मेटेपार गांव मे ट्रक खराब हालत में खड़ी थी जिसे बनवाने ट्रक चालक लगा हुआ था।

साल का पहला दिन...मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

जगदलपुर/नवप्रदेश। साल 2026 के पहले दिन 1 जनवरी को बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी के मंदिर में भक्तों का जबरदस्त हुजूम उमड़ा रहा। सुबह से लेकर शाम तक हजारों भक्तों ने माता के दर्शन किए। हाथों में पूजा की थाल लेकर मंदिर के गर्भगृह से लेकर मंदिर के बाहर तक भक्तों की लंबी कतार लगी रही। देवी के जयकारे से परिसर गूंज उठा। केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और ओडिशा समेत अन्य राज्यों से भी भक्त अनेक मनोकामना लेकर माता के दरबार पहुंचे। फागुन मेला, चैत्र और शारदीय नवरात्र के बाद दिसंबर और जनवरी के महीने में ज्यादा भीड़ होती है। 1 जनवरी को भी ज्यादा भीड़ होती है। भक्त देवी के दर्शन कर नए साल की शुरुआत करते हैं। आज 1 जनवरी गुरुवार के दिन देवी दर्शन के लिए गर्भगृह से लेकर मंदिर के बाहर तक की जबरदस्त भीड़ उमड़ी।

इस बार भक्तों के लिए ये व्यवस्था

- 2100 रुपए की रसीद कटवाकर वीआईपी दर्शन की सुविधा होगी
- भक्त मंदिर से मां दंतेश्वरी मंदिर की तस्वीर वाले चांदी के सिक्के खरीद सकते हैं
- मंदिर के सामने लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर मंदिर की सारी जानकारी मिलेगी
- धर्मशाला में कमरे की बुकिंग कर रुक सकते हैं। इसके लिए 200 रुपए चार्ज देना होगा।

झीरम घाटी कांड में नार्को टेस्ट की मांग पड़ी भारी, कांग्रेस ने विकास तिवारी को प्रवक्ता पद से हटाया, थमाया नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। झीरम घाटी कांड पर बयानबाजी कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी को भारी पड़ गई। उनके बयान पर प्रदेश कांग्रेस ने सख्त कार्रवाई की है और पीसीसी प्रवक्ता विकास तिवारी को पद से हटा दिया गया है।

कांग्रेस ने विकास तिवारी को प्रवक्ता पद से हटाया: दरअसल, विकास तिवारी ने हाल ही में झीरम घाटी नक्सल कांड की जांच के लिए गठित न्यायिक जांच आयोग को पत्र लिखकर कांग्रेस नेताओं सहित भाजपा नेताओं का नार्कोटेस्ट कराने की मांग की थी। इस कदम को पार्टी ने अनुशासनहीनता माना है। वरिष्ठ नेताओं का नाम मीडिया में जोड़कर प्रचारित करना भी पार्टी लाइन का उल्लंघन माना गया।

दीपक बैज के निर्देश पर कार्रवाई: प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर पार्टी ने विकास तिवारी को तीन दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस भी जारी किया है। पार्टी के अनुसार, झीरम घाटी कांड की जिम्मेदारी भाजपा सरकार पर है और कांग्रेस इसे पीड़ित परिवार एवं प्रदेश की जनता के साथ मिलकर उजागर करने में जुटी है।

तेलंगाना में बटालियन 1 का इंचार्ज सहित बड़ा नक्सली सरेंडर

बारसे देवा के साथ 40 नक्सली डीजीपी के सामने डालेंगे हथियार

बीजापुर/नवप्रदेश। नक्सल बटालियन-01 के इंचार्ज बारसे देवा के साथ करीब 40 नक्सली समर्पण करने तेलंगाना पहुंचे हैं। सूत्रों के मुताबिक, बारसे देवा के साथ 40 नक्सली समर्पण करने के लिए नेशनल पार्क से तेलंगाना के मुलगू जिले के जंगलों में पहुंचकर पुलिस से संपर्क किया। इनमें से बारसे देवा सहित 14 नक्सलियों को तेलंगाना डीजीपी के सामने पेश किये जाने की भी ख़बर है। हालांकि, अब तक खबर की पुलिस या प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

उड़ीसा के मलकानगिरी में 22 नक्सलियों ने किया था सरेंडर: सुकमा जिले के पड़ोसी जिला मलकानगिरी उड़ीसा डीजीपी के समक्ष मंगलवार को नक्सल संगठन के तीन स्पेशल जोनल कमेटी सदस्यों के साथ 22 नक्सलियों सरेंडर कर दिया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में अधिकतर नक्सली केरलापाल एरिया कमेटी के बताए जा रहे है। वहीं दोरनापाल एलओएस के कमांडर भी शामिल है।

एके47 और इंसास जैसे रायफलों के साथ किया समर्पण

सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने अपने साथ एक एके47 राइफल दो इंसास एक एसएलआर समेत 9 हथियार अपने साथ लाए । प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) संगठन को बड़ा झटका देते हुए, संभागीय समिति सदस्य (डीवीसीएम) रैंक के एक वरिष्ठ सदस्य और छह क्षेत्रीय समिति सदस्यों (एसीएम) सहित कुल बाईस (22) माओवादी कैडरों ने उड़ीसा के पुलिस महानिदेशक की उपस्थिति में सीपीआई (माओवादी) संगठन को बड़ा झटका देते हुए सरेंडर कर दिया है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com